ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 13 जून 2024
वर्ष 5, अंक 207, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



इंग्लैंड के अरमानों पर बारिश का पहरा 15

अजय देवगन फिर मचाएंगे धमाल 16

## दूसरा आतंकी भी ढेर, सीआरपीएफ जवान शहीद

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक सीमावर्ती गांव में छिपे दूसरे आतंकवादी को भी सुरक्षा बलों ने 15 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान में बुधवार को मार गिराया। इससे पहले मंगलवार रात एक आतंकवादी मारा गया था।

मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया। अधिकारियों के अनुसार, सैदा सुखल गांव में दो आतंकवादियों को देखे जाने के बाद मंगलवार रात को शुरू हुए अभियान के दौरान जम्मू सांबा कठुआ रेंज के डीआईजी सुनील गुप्ता और कठुआ के एसएसपी अनायत अली चौधरी के वाहनों पर कई गोलियां लगीं लेकिन अधिकारी सुरक्षित बच निकले। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार देर रात डोडा जिले में भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर स्थित चतरगला के ऊपरी इलाके में आतंकवादियों ने एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया, जिसमें राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) घायल हो गए।



कठुआ के सैदा सुखल गांव में मोर्चा संभाले जवान। ● एजेंसी

- आतंकवादियों से मुठभेड़ में छह सुरक्षाकर्मी हुए घायल
- हथियार गोला-बारूद एक लाख नकदी जब्त

अधिकारियों ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट कठुआ के सैदा सुखल गांव में बुधवार अपराह्न पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान में दूसरे आतंकवादी को मार गिराया गया। बताया कि मंगलवार रात आतंकवादियों ने गांव में अंधाधुंध गोलीबारी की थी। जिसमें मध्य प्रदेश के निवासी सीआरपीएफ के जवान कबीर दास गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। जम्मू क्षेत्र के एडीजी आनंद जैन ने कहा कि दो आतंकवादी जो हाल में सीमापार से घुसपैठ करके आए थे, रात आठ बजे (मंगलवार) के आसपास गांव में दिखाई दिए। एक आतंकवादी ने पुलिस दल पर हथगोला फेंकने की कोशिश की लेकिन मुठभेड़ में उसे मार गिराया गया। मारे गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी बताए जा रहे हैं। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और एक लाख रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई है।

## सुपर-8 में पहुंचा भारत



- अर्शदीप ने तोड़ा अश्विन का रिकॉर्ड


**न्यूयॉर्क।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (चार ओवर में नौ रन पर चार विकेट) की करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के बाद सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे के बीच मुश्किल पिच पर 65 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारत ने ग्रुप ए के मैच में अमेरिका को सात विकेट से हराकर सुपर आठ में जगह पक्की की। टूर्नामेंट में जीत की हैट्रिक के बाद छह अंकों के साथ भारत सुपर आठ में पहुंच गया है। वहीं, अमेरिका तीन मैच में चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। इस मुकाबले में अर्शदीप सिंह ने टी-20 विश्व कप में अब तक सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन करते हुए 9 रन देकर 4 विकेट जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। इससे पहले यह रिकॉर्ड रविचंद्रन अश्विन के नाम था, जिन्होंने 2014 में मीरपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 रन पर चार विकेट लिए थे।

## खुदरा महंगाई मई में 4.75% पर

नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट से खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर 4.75 प्रतिशत पर आ गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल, 2024 में 4.83 प्रतिशत और मई, 2023 में 4.31 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 8.69 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में 8.70 प्रतिशत थी। कुल मुद्रास्फीति में फरवरी, 2024 से लगातार कमी आई है। यह फरवरी में 5.1 प्रतिशत थी और अप्रैल, 2024 में घटकर 4.8 प्रतिशत पर आ गई। सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि सीपीआई मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनी रहे। इस महीने की शुरुआत में, आरबीआई ने 2024-25 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इसमें पहली तिमाही में इसके 4.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।













# कुवैत में आग से 40 भारतीयों की मौत

### मंगफ क्षेत्र की बहुमंजिली इमारत में लगी आग, कई देशों के 49 लोगों की मौत और 50 से अधिक घायल

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

दक्षिणी कुवैत में विदेशी मजदूरों वाली एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने से 49 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक घायल हो गए। मरने वालों में 40 से अधिक भारतीय हैं। बाकि पाकिस्तान, फिलीपिन, मिस्र, नेपाल के नागरिक थे। लोगों की मौत धुएं से दम घुटने के कारण तब हुई जब वे सोए हुए थे। आग कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नेंट के मंगफ क्षेत्र में अल मंगफ नामक छह मंजिला इमारत की रसोई में लगी। इमारत में एक ही कंपनी के 195 मजदूर रहते थे। बचाव अभियान के दौरान पांच अग्निशमन कर्मी भी घायल हो गए।

कुवैत के गृह मंत्रालय के सामान्य आपराधिक साक्ष्य विभाग के प्रमुख मेजर जनरल ईद अल-ओवैहान ने कहा कि हमें सुबह ठीक 6 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 8:30 बजे) मंगफ क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिली। मृतकों में अधिकतर केरल, तमिलनाडु और उत्तर भारतीय राज्यों के हैं जिनकी उम्र 20 से 50 साल के बीच थी। संबंधित इमारत को एनबीटीसी समूह ने किराए पर ले रखा था। कुवैत में भारतीय दूतावास ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 965-65505246। जारी किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि कुवैत सिटी में आग की घटना की खबर से गहरा सदमा लगा है। कुवैत के गृहमंत्री शेख फहद ने घटना की जांच के साथ इमारत के मालिक तथा चौकीदार को पकड़ने के निर्देश दिए हैं।

कुवैत टाइम्स ने अल सबाह के हवाले से कहा कि आज जो हुआ वह कंपनी और भवन मालिकों के लालच का नतीजा है। कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह ने भी अधिकारियों को भीषण आग की जांच करने का आदेश दिया और त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा देने का संकल्प लिया।

देश के युवराज शेख सबाह खालिद अल-हमद अल-सबाह और प्रधानमंत्री शेख अहमद अब्दुल्ला अल-अहमद अल-सबाह ने लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



कुवैत के मंगफ क्षेत्र स्थित छह मंजिला इमारत में आग लगने के बाद मौके पर आग बुझाने में लगीं फायर ब्रिगेड की गाड़ियां।

- कुवैत के गृहमंत्री ने दिए जांच और इमारत के मालिक, चौकीदार की गिरफ्तारी के निर्देश
- मंगफ की छह मंजिला इमारत में रहते थे एक ही कंपनी में काम करने वाले 195 श्रमिक

### विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह कुवैत रवाना

**नई दिल्ली।** विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह भीषण आग में झुलसे भारतीयों की सहायता की निगरानी करने और मारे गए लोगों के शवों को शीघ्र स्वदेश लाने के लिए तत्काल कुवैत के लिए रवाना हो रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह तत्काल कुवैत के लिए रवाना हो रहे हैं।

### प्रधानमंत्री ने की मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये देने की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कुवैत में आग लगने से कई भारतीयों की मौत के बाद एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और अधिकारियों को हरसंभव सहायता मुहैया कराने का निर्देश दिया। मोदी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मोदी ने प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतक भारतीय नागरिकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर, उप विदेश मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव प्रमोद कुमार मिश्र, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और विदेश सचिव विनय क्वात्रा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## झोपड़ी पर पलटा ट्रक, 4 बच्चों समेत 8 की मौत

संवाददाता, मल्लावां/हरदोई

**अमृत विचार :** बुधवार तड़के बिल्हौर-कटरा हाईवे पर मल्लावां कोतवाली के मोहिउद्दीनपुर चुंगी नंबर-2 के पास सड़क किनारे झोपड़ी में रह रहे एक परिवार पर बालू से लदा ओवरलोड ट्रक पलट गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो पुरुष, दो महिला और चार बच्चे शामिल हैं। जेसीबी, पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से शवों को बाहर निकाला गया। हादसे की खबर सुनते ही डीएम मंगला प्रसाद सिंह और एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी मौके पर पहुंचे। डीएम ने बताया कि ड्राइवर अवधेश पुलिस की गिरफ्त में है।

मंगलवार रात दो बजे के लगभग बिल्हौर-कटरा हाईवे पर मोहिउद्दीनपुर चुंगी नंबर-2 निवासी अवधेश (45) उसकी पत्नी सुधा (42), बेटी सुनैना (12), कोमल (7) व चार वर्षीय बुद्धू अपनी झोपड़ी के बाहर चारपाई पर सोए हुए थे। दूसरी चारपाई पर अवधेश की बेटी हीरो (25) उसका पति बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के कासुपेट निवासी करन (26) उसकी पुत्री बिट्टो (6) और 2 वर्षीय बेटा बिहारी सो रहे थे। इसी बीच बालू से ओवरलोड ट्रक सो रहे लोगों के ऊपर पलट गया, सभी लोग बालू के नीचे दब गए। शोर सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे और किसी तरह बिट्टो को खींचकर बाहर निकाला। सूचना पर एसएचओ मल्लावां निर्भय सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे और जेसीबी व क्रेन की मदद से बालू हटवा कर ट्रक के नीचे दबे आठ लोगों को बाहर निकलवाया और एम्बुलेंस-108 से सीएचसी मल्लावां भेजा, लेकिन रास्ते में ही सभी की मौत हो चुकी थी। बिट्टो गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है।



झोपड़ी पर पलटा ट्रक।

- बिल्हौर-कटरा हाईवे पर मल्लावां कोतवाली के मोहिउद्दीनपुर चुंगी नंबर 2 के पास हुआ हादसा

## 50 हजार रिश्वत लेते दरोगा धरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जमीन की धोखाधड़ी केस से नाम हटाने को मांगी थी रिश्वत
- प्रेम नगर थाने में तैनात दरोगा रामऔतार को भेजा गया जेल

> धोखाधड़ी के मुकदमे से नाम हटाने के बदले में दरोगा ने पांच लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। नरियावल से दरोगा को 50 हजार रुपये लेते गिरफ्तार किया गया है। -**अरविंद कुमार**, एसपी विजिलेंस

**अमृत विचार :** विजिलेंस की टीम ने प्रेमनगर थाने के दरोगा रामऔतार को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। दरोगा ने थाना किला में जमीन की धोखाधड़ी के दर्ज मुकदमे की विवेचना से नाम हटाने के लिए पांच लाख रुपये रिश्वत मांगी थी। दरोगा के खिलाफ विजिलेंस थाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। टीम ने दरोगा को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थाना किला में दो महीने पहले मिरधान मोहल्ला निवासी हरीश चंद्र अग्रवाल ने जमीन की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में विवेचना में क्यारा, कैंट निवासी रेखा रानी और उत्तराखंड निवासी उमेश उपाध्याय के नाम शामिल किए गए थे। विवेचना से नाम निकालने के लिए पुलिस से साठगांठ की बात सामने आई तो पीड़ित ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से शिकायत की। एसएसपी ने मुकदमे की विवेचना प्रेमनगर थाने में तैनात दरोगा रामऔतार को दी। आरोप है कि रामऔतार ने मुकदमे से उमेश और रेखा का नाम हटाने के लिए पांच लाख रुपये रिश्वत मांगी। दरोगा ने रिश्वत की पहली किस्त देने के लिए उमेश को अपने किराये के मकान पर नरियावल में बुलाया। उमेश ने इसकी शिकायत विजिलेंस के एसपी अरविंद कुमार से की। जिस पर एसपी विजिलेंस ने ट्रैप टीम तैयार की। मंगलवार रात को उमेश ने नरियावल में 50 हजार रुपये दरोगा को दिए तो विजिलेंस टीम ने उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने आरोपी के घर की भी तलाशी ली।

## मोदी वाराणसी से जारी करेंगे किसान निधि की 17वीं किस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त का इंतजार कर रहे करोड़ों किसानों के लिए अच्छी खबर है। आभार यात्रा पर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से देश के करोड़ों किसानों को पीएम किसान की 17वीं किस्त देने वाले हैं। केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद नरेंद्र मोदी आने वाले मंगलवार को पहली बार वाराणसी आएंगे। एक दिवसीय दौरे के दौरान मोदी वाराणसी में किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस दौरान वह किसानों को सम्मानित करेंगे और किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करेंगे। जिससे काशी के लगभग 267,665 किसान लाभान्वित होंगे।

- 18 को काशी में आभार यात्रा पर आ रहे हैं प्रधानमंत्री

### मोदी जी-7 सम्मेलन में भाग लेने इटली जाएंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सात शक्तिशाली देशों के समूह जी-7 की बैठक में शामिल होने के लिए गुरुवार की रात इटली जाएंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बुधवार को यहां एक ब्रीफिंग में कहा कि तीसरे कार्यकाल में मोदी की यह पहली विदेश यात्रा होगी।

## निलंबन से नाराज बैंककर्मी ने बॉब के जोनल आफिस में लगाई आग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) से निलंबित किए जाने से नाराज बैंककर्मी ने बुधवार सुबह सिविल लाइंस स्थित बैंक के जोनल कार्यालय में आग लगा दी। उसने सीडीओ ऑफिस में भी आग लगाने की कोशिश की। बैंक ऑफ बड़ौदा के उप महाप्रबंधक प्रेम सिंह नेगी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उप महाप्रबंधक के अनुसार बुधवार सुबह 8:45 बजे आईवीआरआई रोड निवासी अंकित गोयल बैंक के जोनल कार्यालय में गार्ड को धक्का देकर आरएम के कक्ष में पहुंच गया। यहां उसने कर्मचारियों से कहा कि आरएम अनिल एम ने उसे निलंबित किया है, इसलिए उन्हें सजा भुगतनी होगी और कार्यालय में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी और भाग गया। जोनल ऑफिस में महत्वपूर्ण दस्तावेज, फर्नीचर आदि जल गया। अंकित ने सीडीओ ऑफिस में आग लगाने की कोशिश की। कोतवाली प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी अंकित की तलाश की जा रही है। आरोपी को पहले भी दिल्ली पुलिस गिरफ्तार कर ले जा चुकी है।



- सीडीओ ऑफिस में भी आग लगाने की कोशिश की, उप महाप्रबंधक ने दर्ज कराई रिपोर्ट
- केजरीवाल के खिलाफ टिप्पणी मामले में जमानत पर बाहर आया है बैंककर्मी अंकित

## संसद सत्र 24 जून से शुरू, 3 जुलाई को समाप्त

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई को समाप्त होगा। सत्र के पहले तीन दिनों में नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे और लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी और अगले पांच वर्ष के लिए नई सरकार के कामकाज का खाका प्रस्तुत कर सकती हैं। रीजीजू ने सभी राजनीतिक दलों से संसद के आगामी सत्र में रचनात्मक बहस की अपील की और कहा कि देश सदन में अच्छी चर्चा देखना चाहता है।

## अब 10 दिन और कर सकेंगे दुधवा, पीटीआर की सैर

संवाददाता, पलिया कलां/पीलीभीत

- 15 के बजाय अब 25 जून को बंद होगा पर्यटन सत्र

**अमृत विचार :** दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, पीलीभीत टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश के समस्त वन्य जीव विहार परिक्षेत्र में पर्यटकों के भ्रमण के लिए इस बार पर्यटन सत्र 10 दिन बढ़ा दिया गया है। दुधवा सहित समस्त वन्य जीव विहार अब 15 जून की बजाय 25 जून को बंद होंगे। यह निर्णय वन विभाग के प्रदेश स्तरीय उच्चाधिकारियों द्वारा वर्षा आगमन में इस बार हो रही देरी एवं पर्यटकों की अभी भी हो रही भारी आमद को देखते हुए लिया गया है।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने बताया कि दुधवा नेशनल पार्क, किशनपुर सेंच्युरी, कर्तनिया घाट वन्य जीव विहार सहित प्रदेश के समस्त वन्य जीव विहार पर्यटन स्थलों का पर्यटन सत्र इस बार 10 दिन बढ़ा दिया गया है। पर्यटक अब 15 जून की बजाय 25 जून तक दुधवा अभ्यारण्य का भ्रमण कर सकेंगे। डीटीआर के उपनिदेशक डॉ. रंगा राजू टी ने बताया कि दूरदराज क्षेत्रों से दुधवा आने वाले पर्यटकों को भ्रमण करने का और मौका मिलेगा।

### गैंगस्टर जयेश पुजारी पर अदालत में हमला

**बेलगावी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आलोक कुमार को धमकी देने वाले कुख्यात गैंगस्टर जयेश पुजारी ने बुधवार को कर्नाटक में बेलगावी जिला अदालत में पेशी के समय पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए। पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने पर मौजूद अधिवक्ताओं और लोगों ने पुजारी से मारपीट शुरू कर दी।

### राष्ट्रपति ने खारिज की आतंकी की दया याचिका

**नई दिल्ली।** करीब 24 साल पुराने लाल किला हमला मामले में दोषी ठहराए गए पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की दया याचिका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खारिज कर दी है। राष्ट्रपति द्वारा 25 जुलाई 2022 को पदभार ग्रहण करने के बाद खारिज की गई यह दूसरी दया याचिका है।

## नदी में कूदी मानसी को बचाकर डूबा शादाब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पिता की गुहार सुनकर गोमती में डूब रही किशोरी को बचाने को कूदे ई-रिक्शा चालक की मौत
- मदेयगंज थाना क्षेत्र के पक्का पुल के पास की घटना, परिवार में इकलौता कमाने वाला था शादाब

**अमृत विचार :** एक हिंदू घर की बेटी को बचाते बचाते शादाब ने अपने ही घर में अंधेरा कर लिया। मदेयगंज क्षेत्र में मंगलवार देर रात पक्का पुल के पास आत्महत्या के इरादे से गोमती नदी में कूदी किशोरी को बचाने के लिये वहां से गुजर रहे ई रिक्शा चालक शादाब ने जान की बाजी लगा दी। किसी तरह किशोरी को बचा लिया, लेकिन खुद को डूबने से नहीं बचा सका। उसकी मौत के बाद शव ही नदी से बाहर निकाला जा सका। शादाब परिवार में अकेला कमाने वाला था।

मगलवार रात करीब तीन बजे खदरा निवासी शादाब घर से ई-रिक्शा लेकर कैसरबाग की तरफ जा रहा था। रास्ते में पक्के पुल के पास एक व्यक्ति खडे.होकर अपनी बेटी को बचाने की गुहार लगा रहा था। व्यक्ति के अनुसार उसकी बेटी मानसी (परिवर्तित नाम) मां की डांट से नाराज होकर गोमती में कूद गयी थी। शादाब ने नदी में देखा तो मानसी नजर आ रही थी। मानसी को बचाने के लिए शादाब नदी में कूद पड़ा। शादाब ने किशोरी को बचाने के लिए प्रयास किया, इस बीच सूचना पर पुलिस गोताखोरों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गई। शादाब की मदद से गोताखोरों ने किशोरी को तो जीवित निकाल लिया। लेकिन शादाब रात होने की वजह से नदी की गहराई नहीं समझ पाया व डूब गया। गोताखोर जब तक शादाब को निकालते, उसकी मौत हो चुकी थी।

शादाब के जीजा सरिख ने बताया शादाब (25 साल) घर में इकलौता कमाने वाला था। पिता जकी की कई वर्ष पहले मौत हो गई थी। परिवार में बुजुर्ग मां है, जो बीमार रहती है। चार बहनों में से तीन की शादी हो चुकी है। सबसे छोटी बहन नगमा की शादी के लिये रिश्ता देख रहा था। बुजुर्ग मां व परिजन का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है।

### छोड़ दो मुझे मरना है चिल्लाती रही किशोरी

किशोरी की जान बचाने वाले गोताखोर राम लखन ने बताया रात करीब 3 बजे पुलिस उनके घर आई। बताया दुबग्गा थाना क्षेत्र निवासी मां की डांट से नाराज एक 11 वर्षीय किशोरी डूब गई है। पुलिस के साथ वह पहुंचा तो शादाब किशोरी को बचाने का प्रयास कर रहा था। छलांग लगाकर उसे बाहर निकालने के लिये पकड़ा तो, छोड़ दो मुझे मरना है कहते हुए वह चिल्लाती रही। उसे मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां हालत में सुधार होने पर डॉक्टरों ने घर भेज दिया।

## आज का मौसम



आसमान साफ रहेगा।

45.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- माधोबाड़ी स्थित श्रीरामायण मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा शाम 6 :30 बजे।
- नीट में धांधली के विरोध में परिवर्तन छात्र सभा की ओर से कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन दोपहर 2 बजे।
- आर्य समाज अनाथालय को बंद करने के विरोध में बरेली ट्रेड यूनियन फेडरेशन द्वारा कलेक्ट्रेट पर डीएम को ज्ञापन दोपहर 2 बजे।
- ईद-उल-अजहा के मौके पर साफ सफाई की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के संबंध में रजा एक्शन कमेटी द्वारा कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी को ज्ञापन दोपहर 1 बजे।
- विश्व रक्तदाता दिवस पर आईएमए हाल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से।

## एक लाख से ज्यादा लाभार्थियों का सत्यापन

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्ति विभाग के अधिकारियों के अनुसार चार दिनों में एक लाख से ज्यादा लाभार्थियों का सत्यापन पूरा किया जा चुका है। 32 लाख से अधिक कार्डधारकों का सत्यापन किया जाना है। जिला पूर्ति अधिकारी नीरज सिंह के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर राशन का वितरण कराया जा रहा है। 25 जून तक वितरण किया जाना है, जबकि 30 जून तक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जानी है। उधर बुधवार को भी कई इलाकों में राशन वितरण बाधित होने की शिकायतें पहुंचीं। शाहबाद, ब्रह्मपुरा, कोहाड़ापीर, बानखाना, पुराना शहर आदि में धीमी गति से वितरण हो पाया।

# चुनाव खत्म होते ही जनप्रतिनिधियों ने सड़क और बिजली की समस्याएं गिनाईं

## पहली बैठक में अफसरों को घेरा, ढकिया में डैम टूटने से 20 गांवों का आवागमन प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली



विकास भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चुनाव खत्म होने के बाद बुधवार को पहली बार जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के साथ हुई बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जनसमस्याओं का समय से निस्तारण न होने पर अफसरों को घेरा। बिजली, पानी और सड़क जैसी समस्याओं पर सांसद और विधायक मुखर रहे। डीएम ने एक-एक कर सभी जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को सुनने के बाद जल्द से जल्द निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

विकास भवन सभागार में हुई बैठक में एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने बिजली की समस्या का मुद्दा उठाया। कहा कि कई स्थानों पर बिजली के तार लटक रहे हैं, इससे बड़ा हादसा हो सकता है। खंभे लगाने की मांग की। कहा कि खेतों की सिंचाई के लिए किसानों को ट्यूबवेल का कनेक्शन दिया जाए। किसानों को बेवजह परेशान न किया जाए। कहा कि गांवों में जल निगम की ओर से पाइप लाइन डालने के लिए सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है, उनकी मरम्मत नहीं की गई है। जिससे लोगों को समस्या हो रही है। उन्होंने ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई करने को कहा।

मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने बरेली से मीरगंज तक सिटी बस चलाने की मांग उठाई। बोले कि, इसको लेकर उन्होंने आरएम से

- **जिलाधिकारी के साथ हुई बैठक में विधायकों ने क्षेत्र की तमाम समस्याएं बताईं**

बात की तो उन्होंने कहा कि पहले फतेहगंज पश्चिमी टोल प्लाजा का टोल टैक्स निशुल्क कराइए। इसके बाद ही सिटी बस चलाने पर विचार करेंगे। इसके अलावा विधायक ने बताया कि ढकिया (कुल्ली) में डैम टूट गया है, जिससे बीस गांव के लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है। डीएम ने अधिशासी अभियंता रुहेलखंड नहर को 16 जून तक डैम के नवीनीकरण का प्रोजेक्ट बनाकर शासन को भेजने के आदेश दिए और अभी तक कोई कार्रवाई न करने पर सहायक अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।

नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्या ने कहा कि अमीरनगर में देहवा नदी कटान करती है। बाढ़ से पिचिंग कराकर समस्या को दूर किया जाए। फरीदपुर विधायक प्रो. श्याम बिहारी ने बिजली की समस्या का मुद्दा उठाया और कहा कि उनके क्षेत्र में सब स्टेशन बनना प्रस्तावित है। बजट नहीं होने की वजह से काम रुका हुआ है। इस समस्या को भी दूर कराने का आश्वासन मिला। बैठक के दौरान कई जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सभी पात्रों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। किसी को इससे वंचित न रखा जाए। विधायकों ने यह भी कहा कि ऐसी भी शिकायतें आ रहीं हैं कि आयुष्मान कार्ड बनाने के नाम पर पैसे भी लिए जा रहे हैं। ऐसे शिकायतों को सीएमओ को संज्ञान लेने के लिए कहा गया। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने भी सड़कों की समस्या उठाई। पहली बार सांसद छत्रपाल गंगवार भी इस बैठक में शामिल हुए, मगर उनकी ओर से कोई मुद्दा नहीं उठाया गया। बैठक में राजनीतिक दलों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### बैठक में उठा मामला, इफको से निकलने वाले पानी की होगी जांच

आंवला से सपा के सांसद नीरज मौर्या ने कहा कि हर घर जल योजना के तहत खोदे गए गड्ढों को भरा नहीं गया है। इफको में क्षेत्रीय लोगों को रोजगार और वेस्ट मेटेरियल का सही तरह से निस्तारण कराने की बात कही। सांसद ने कहा कि वे जल्द ही लोकसभा क्षेत्र के सभी जर्जर मुख्य मार्गों की सूची जल्द उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने इफको फैक्ट्री से निकलने वाले पानी से बीमारियां फैलने की भी समस्या उठाई। डीएम ने फैक्ट्री के आसपास एकत्र पानी का सैंपल लेकर जांच कराकर अगली बैठक में रिपोर्ट देने के आदेश दिए। कांधरपुर बिजली की समस्या का मामला उठाया। बोले कि तार खींच दिए गए हैं। खंभे नहीं लगे हैं। बल्लियों के सहारे लाइन डाली गई। इस समस्या को दूर कराने के लिए उन्होंने कहा।

## कांधरपुर में बीडीए ने चार अवैध कॉलोनियों पर चलाया बुलडोजर



अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर।

**बरेली, अमृत विचार :** बीडीए के प्रवर्तन दल ने बुधवार को कैंट के कांधरपुर में चार अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। टीम ने अवैध कॉलोनी की सड़क खोद दी और बिजली के खंभे भी गिरा दिए।

सहायक अभियंता हरीश चौधरी, अवर अभियंता सुनील कुमार गुप्ता, रमन कुमार अग्रवाल की मौजूदगी में प्रवर्तन टीम ने कांधरपुर में 10 बीघा क्षेत्रफल में तौफीक समेत अन्य की ओर से बिना नक्शा पास कराए विकसित की जा रही कॉलोनी पर बुलडोजर चला दिया।

यहीं पर सत्यपाल पटेल की नौ बीघा, शमशाद की आठ बीघा और गजेंद्र फौजी की 12 बीघा में बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया।

# फाल्ट से कई इलाकों में घंटों गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता

- **किला क्षेत्र में जली बंच केबल और कालीबाड़ी में भूमिगत लाइन में आई दिक्कत**
- **बदायूं रोड पर कूड़े की आग ट्रांसफार्मर तक पहुंची, बिजली कर्मियों ने बुझाई**

**बरेली, अमृत विचार :** लोकल फाल्टों के चलते बुधवार को पुराना शहर, जगतपुर और चक महमूद में पूर्वाह्न 11 से दोपहर 3.30 बजे तक बिजली गुल रही। भीषण गर्मी में लोग परेशान होते रहे। किला क्षेत्र में बंच केबल जल गई। उधर, बदायूं रोड पर किसी ने कूड़े के ढेर में आग लगा दी, जो ट्रांसफार्मर तक पहुंच गई। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने शटडाउन लेकर खुद ही आग बुझाई। करीब एक घंटा तक क्षेत्र की आपूर्ति बाधित रही।

बुधवार को किला बिजली उपकेंद्र से जुड़ी गढ़ी चौकी के नजदीक दोपहर 12 बजे बंच केबल में आग लगने से आपूर्ति बाधित हो गई। केबिल जली तो यहां ट्रांसफार्मर की आपूर्ति को बंद करना पड़ा। बिजली विभाग के कर्मचारी पसीना बहाते रहे। शाम करीब पांच बजे के आसपास आपूर्ति बहाल हुई, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। एसडीओ किला भगवान दास ने बताया कि काम होने के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रही। सुभाषनगर की बीडीए कॉलोनी, राजीव कॉलोनी में लोकल फॉल्ट के चलते कई घंटे बिजली गुल रही। गुस्साए लोगों ने अफसरों और हेल्पलाइन नंबर के अलावा सब स्टेशन पर पहुंचकर भी शिकायत की। मंगलवार रात कालीबाड़ी में भूमिगत केबल में फाल्ट से चार घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। सुबह पांच बजे आपूर्ति बहाल हो पाई।

### किला क्षेत्र में 11 घरों में पकड़ी बिजली चोरी

किला इलाके में एसडीओ भगवान दास के निर्देश पर बुधवार सुबह विद्युत टीम ने छापेमारी कर 11 घरों में बिजली चोरी पकड़ी। मामले में अवर अभियंता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### आज यहां बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

गुरुवार को 33/11केवी सबस्टेशन डेलापीर से जुड़े 11 केवी फीडर स्टेडियम रोड का शटडाउन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 :30 बजे और 33/11 के राजेंद्र नगर सब स्टेशन के 11 केवी फीडर डीडीपुरम का शटडाउन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक लिया जाएगा। आरडीएसएस योजना के तहत केबल से जुड़ा काम किया जाएगा। वहीं कौशांबी एंक्लेव में योजना के तहत सुबह 6 से दोपहर 12 :00 बजे तक कार्य किया जाएगा। इस बीच बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

## जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड के बाहर भरा गंदा पानी



**बरेली अमृत विचार :** जिले में मलेरिया का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। मंगलवार तक 248 मरीजों में मलेरिया की पुष्टि हो चुकी है। रोग से बचाव करने की जिम्मेदारी जिन विभागों की है, वे इसकी रोकथाम को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। उनकी लापरवाही का अंदाजा जिला अस्पताल में बच्चा वार्ड के बाहर हुए जलभराव को देख कर लगाया जा सकता है। दरअसल यहां पर पानी की पाइप लाइन में खराबी आने के कारण लगातार पानी बहकर वार्ड के बाहर ही एकत्र हो गया है। हैरत की बात यह है कि 26 बेड का वार्ड मरीजों से फुल है। ऐसे में अगर समय रहते जलभराव की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो इसमें मच्छरों के लार्वा पनपने लगेंगे, जिससे बच्चों और देखरेख करने वाले स्टाफ को भी संक्रमण होने का खतरा बना हुआ है। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते पाइप लाइन में खराबी आई है। कर्मचारियों को लाइन दुरुस्त कराने और जलभराव खत्म कराने का आदेश दिया गया है।

## अजमेर में ब्लॉक से कई ट्रेनें होंगी प्रभावित

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर-पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल में ब्लॉक से 13 और 14 जून को इज्जतनगर रेल मंडल की चार ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। 13 जून को चलने वाली 15014 रानी खेत एक्सप्रेस और 25014 कोर्बेट पार्क लिंक एक्सप्रेस रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा-अजमेर-मारवाड़-जोधपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-मेड़ता रोड-जोधपुर के रास्ते चलाई जाएगी। इन ट्रेनों का ठहराव फुलेरा, डेगाना, मेड़ता रोड स्टेशनों पर दिया जाएगा। 14 जून को चलने वाली 15013 रानी खेत एक्सप्रेस और 25013 कोर्बेट पार्क लिंक एक्सप्रेस जोधपुर-मारवाड़-अजमेर-फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग जोधपुर-मेड़ता रोड-फुलेरा के रास्ते चलाई जाएगी। इन ट्रेनों का ठहराव मेड़ता रोड, डेगाना, फुलेरा स्टेशनों पर रहेगा।

# 45 डिग्री के पास पहुंचा पारा तीन दिन हीट वेव का अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **इस साल जून में बुधवार को सबसे अधिक गर्म रहा दिन**
- **18 जून से बादल छाने और बारिश का पूर्वानुमान**

**अमृत विचार :** जिले के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। इस साल जून में बुधवार को सबसे अधिक तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में लू के थपेड़ों से लोग बेहाल हो गए। मौसम विभाग ने तीन दिन तक अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस और हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 18 जून से बादल छाए रहने और बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

अधिकतम तापमान सामान्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान सुबह 42 प्रतिशत और शाम को 20 प्रतिशत आर्द्रता दर्ज की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अभी तीन दिन तक लू चलने का अलर्ट है। इस दौरान अधिकतम तापमान 45 डिग्री के आसपास रहने का पूर्वानुमान है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज हो सकता है। वहीं 18 जून से बारिश के आसार हैं, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।



गर्मी में घर से बाहर निकलना मुश्किल।





ठंडे पेय पदार्थ पीकर गर्मी से बचाव। ● अमृत विचार

## पाइप लाइन फटने से हजारों लीटर पानी बर्बाद



**बरेली, अमृत विचार :** वार्ड संख्या 55 सैदपुर में नर्सरी रोड पर बुधवार की शाम मेन पाइप लाइन फटने से हजारों लीटर पानी बर्बाद होता रहा। सड़क पर पानी बहने से लोगों को काफी परेशानी हुई। लोगों ने इसकी जानकारी नगर निगम को दी लेकिन देर रात तक इसे सही नहीं किया गया। करीब सात बजे पाइप लाइन फटने से बाला जी विहार फेस वन और टू, चौधरी तालाब के पास, अंबर एन्क्लेव, शांति बिहार, लक्षीपुर मोहल्ले में पानी की आपूर्ति प्रभावित रही। पानी का प्रेशर अधिक होने के कारण सड़क पर जलभराव से लोगों को जूझना पड़ा।

# दो विभागों के फेर में फंसी प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना

## करीब दो माह से पोर्टल बंद होने से नहीं हो पा रहे नए आवेदन, पात्र महिलाएं परेशान

अनुपम सिंह, बरेली

- **लंबित आवेदनों की संख्या तीन हजार से ज्यादा, अभी और बढ़ सकता है यह आंकड़ा**

**अमृत विचार:** जिले में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) का लाभ पाने से फिलहाल बड़ी संख्या में महिलाएं वंचित हैं। दो विभागों के फेर में योजना के फंसने से समस्या गहराई है। महीनों से पीएमएमवीआई का पोर्टल बंद होने से नए आवेदन नहीं हो पा रहे हैं, इससे पात्र महिलाएं परेशान हैं। आवेदन के लिए भटक रहीं हैं। अफसर समस्या का निदान करने की बजाय पात्रों को टरका रहे हैं।

योजना के तहत लंबित आवेदनों की संख्या तीन हजार से अधिक है। सिस्टम के पटरी पर आने में अभी और समय लग सकता है। ऐसे में लंबित आवेदनों का आंकड़ा और बढ़ सकता है।प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत गर्भवती और धात्री महिलाओं को पोषण के लिए 5000 रुपये की धनराशि सरकार की ओर से दी जाती है। पहले बच्चे पर दो किस्तों में ये धनराशि मिलती है। पहली किस्त में तीन और दूसरी में दो हजार रुपये मिलते हैं, जबकि दूसरी बार बेटी पैदा होने पर एक किस्त में छह हजार रुपये दिए जाते हैं।

स्वास्थ्य विभाग से जुड़े जानकारों के मुताबिक प्रति माह पूरे जिले से करीब ढाई हजार आवेदनों की फीडिंग की जाती है। बताया जाता है कि करीब डेढ़ से दो माह होने वाले हैं, तब से ऑनलाइन आवेदन नहीं हो पा रहे हैं। यह समस्या पोर्टल के न चलने से आ रही है। पहले यह योजना स्वास्थ्य विभाग के अधीन थी। एसीएमओ डॉ. अमित कुमार योजना के नोडल अधिकारी थे, लेकिन शासन स्तर से इसमें बदलाव कर अब इस योजना को एक सप्ताह पहले ही बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के जिम्मे कर दी गई है, लेकिन एक विभाग से योजना हटाकर दूसरे में करने की प्रक्रिया कई महीने से चल रही थी, इसी वजह से पोर्टल को बंद कर दिया गया है। पहले के नोडल अधिकारी से लेकर एमओआईसी के नंबर भी बदल दिए गए हैं, जिसकी वजह से करीब दो माह से पात्र महिलाओं के ऑनलाइन आवेदन नहीं हो पा रहे हैं, इससे उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

### जनवरी तो किसी की फरवरी से नहीं आई किस्त

पोर्टल बंद होने से नए आवेदन नहीं हो पा रहे हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा समस्या उन महिलाओं को हो रही है, जिनके आवेदन स्वीकृत होकर शासन को जा चुके हैं, लेकिन योजना की किस्त अब तक नहीं जारी हो सकी है। योजना के तहत काफी संख्या में महिलाओं की जनवरी-फरवरी से किस्त रुकी हुई हैं। धनराशि नहीं आई है।

### कब से होने लगेंगे आवेदन, कोई बताने की स्थिति में नहीं

स्वास्थ्य विभाग से स्थानांतरित होकर आईसीडीएस के पास आ चुकी इस योजना का लाभ पाने के लिए पात्र महिलाओं के आवेदन कब से पोर्टल पर ऑनलाइन होने लगेंगे, अभी इस बारे में कोई भी स्पष्ट तौर पर नहीं बता पा रहा है। हालांकि, सिस्टम को अपग्रेड करने का तेजी से काम चल रहा है। जिम्मेदार जल्द आवेदन होने लगने की बात कह रहे हैं।

> अभी कल ही हमारे पास पत्र आया है। पहले यह योजना स्वास्थ्य विभाग के अधीन थी। अब इसे आईसीडीएस के जिम्मे कर दिया गया है। मंगलवार को इस संबंध में ट्रेनिंग भी हुई है।
>
> – **मनोज कुमार**, जिला कार्यक्रम अधिकारी

पेट, आँत, लिवर
रोग विभाग

GANGASHEEL
ADVANCED MEDICAL SERVICES FROM THE PEOPLE WHO CARE

PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH ACCREDITED

रुहेलखण्ड और कुमाऊं क्षेत्र का पहला अत्याधुनिक एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड (EUS) केंद्र

गंगाशील अस्पताल, बरेली

**उपलब्ध सुविधाएंः** एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, ई.आर.सी.पी. (ERCP) , ई.यू.एस (EUS). (एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड), एंडोस्कोपी बैंडिंग, ईसोफेजियल स्टेंटिंग, ग्लू थेरपी, लिवर स्टेंटिंग, पेट आंत लिवर, पैनक्रियाज़ व बिलियरी से सम्बंधित समस्त रोगों का इलाज।



**मुख्य सेवाएँः**

**डायग्नोस्टिक ई.यू.एस.:** गैस्ट्रोइंटेस्टिनल ट्रैक्ट, पैंक्रियास, लिवर, एवं लिम्फ ग्रंथियाँ का डिटेल्ड एग्जामिनेशन।

**फाइन-नीडल एस्पिरेशन (FNA):** FNA फ्रॉम रेट्रोपरिटोनियल लिम्फ नोड, मेडिएस्टिनल लिम्फ नोड, सटीक और कठिन स्थानों के निदान के लिए मिनिमल इनवेसिव बायोप्सी तकनीक।

**थेरेप्यूटिक ई.यू.एस. (EUS):** सिस्टोगैस्ट्रोस्टॉमी, सिलीअक प्लेक्सस ब्लॉक, हेपेटिकोगैस्ट्रोस्टॉमी एवं शरीर के जटिल हिस्सों का ऑपरेशन दूरबीन द्वारा सम्भव है।

**पैन्क्रिएटोबिलरी एक्स्पर्टीजः** क्रोनिक पैंक्रियाटाइटिस, पैंक्रियाज कैंसर एवं पित्त नली की पथरी एवं कैंसर, पेट एवं आंत की रुकावट जैसी स्थितियों के लिए विशेष उपचार उपलब्ध।

आपकी पाचन और पैनक्रियाटोबिलियरी समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान।

सी-17, दीन दयाल पुरम, बरेली - 243001, यू.पी.

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें।
+91-8273254444, +91-8006818597

फॉर ऑनलाइन एपोइंटमेन्ट
www.gangasheel.com

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# नए सॉफ्टवेयर से टैक्स जमा करना हुआ आसान : मेयर

## बकाया पर चक्रवृद्धि ब्याज की व्यवस्था की गई समाप्त, सर्वे में नगर निगम क्षेत्र के भवनों की संख्या बढ़ी, आय में होगी वृद्धि

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम के नए सॉफ्टवेयर से लोग घर के पास ही टैक्स जमा कर सकेंगे। इसके अलावा बकाया टैक्स पर साधारण ब्याज वसूल किया जाएगा। चक्रवृद्धि ब्याज की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। नए सर्वे में भवनों की संख्या बढ़ने से नगर निगम की 45 करोड़ रुपये की आय भी बढ़ जाएगी। यह जानकारी मेयर डॉ. उमेश गौतम ने बुधवार को प्रेसवार्ता में दी।

नगर निगम में प्रेसवार्ता में मेयर और नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने नए साफ्टवेयर के बारे में विस्तार से बताया। मेयर ने बताया कि जीआईएस सर्वे के बाद नगर निगम क्षेत्र में 2,28,385 भवन चिह्नित किए गए हैं। पहले से 1,45,488 भवन कर के दायरे में थे और अब 82897 नए भवन बढ़ गए हैं। इससे 45 करोड़ रुपये की राजस्व वृद्धि होगी।

उन्होंने बताया कि पहले सिर्फ 30 प्रतिशत भवनस्वामी नियमित हाउस टैक्स जमा करते थे और बाकी पर कई साल से बकाया चला आ रहा है। नए साफ्टवेयर से बिल निकालने और कर जमा करने की शुरुआत हो चुकी है, अगर किसी को लगता है कि उसके मकान का कर निर्धारण गलत हो गया है तो वह भवन नंबर के साथ आनलाइन फार्म भर कर आपत्ति दर्ज करा सकता है। अगर विवादित प्रापर्टी है तो उसकी शिकायत करें, जिसका अगस्त तक निराकरण कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भवनों की संख्या बढ़ने से नगर निगम का दोगुनी आय होने से शहर का विकास तेजी से होगा। दो साल के भीतर सभी कच्ची गलियों को पक्का करने का काम किया जाएगा।



नगर निगम कार्यालय में जानकारी देते मेयर उमेश गौतम व नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स।

● जून, जुलाई में कर जमा करने पर 10 फीसदी की छूट

### डिजिटल पेमेंट पर एक फीसदी अतिरिक्त छूट

मेयर ने बताया कि जून और जुलाई में कर जमा करने वालों को 10 फीसदी, अगस्त, सितंबर में 7 .5 फीसदी, अक्टूबर और नवंबर में पांच फीसदी छूट का प्राविधान किया गया। अगर कोई डिजिटल माध्यम से कर जमा करता है तो एक फीसदी अतिरिक्त छूट दी जाएगी। नगर निगम को बैंक आफ बड़ौदा 100 ई–पॉस मशीन उपलब्ध कराएगा। सभी 80 वार्डों में पार्षदों के कार्यालयों पर इससे टैक्स जमा किया जाएगा। इसके अलावा ग्राहक सेवा केंद्र पर टैक्स जमा करने की सुविधा होगी। बैंक आफ बड़ौदा के 150 ग्राहक सेवा केंद्र शहर में है। बिल पर दिए गए क्यूआर कोर्ड से भी कर जमा किया जा सकता है। सभी भवनों की यूनिक आईडी और फोटो अपलोड की गई है। इसे ऑनलाइन देखा जा सकता है, जबकि पुराने साफ्टवेयर में भवनों के मूल्यांकन का विवरण, स्वत: आगणन, बकाया के वर्ष वार विवरण की सुविधा नहीं थीं। आने वाले समय में भवनों के नेमप्लेट की व्यवस्था की जाएगी। जिस पर क्यूआर कोड होगा, इसके माध्यम से कई सुविधाएं मिलेंगी।

### पुलिस के सामने लग रहा जाम

बरेली, अमृत विचार : सेटेलाइट तिराहे पर पुलिस के सामने ही सड़क पर वाहन खड़े होते हैं, जिससे जाम लगता है।

### व्यापारी के बेटे के सीने पर तमंचा तान कर दी धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** थाना बारादरी क्षेत्र में दबंगों ने व्यापारी के बेटे के सीने पर तमंचा तानकर जान से मारने की धमकी दी। व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शील वाटिका निवासी व्यापारी शैंकी कालरा के मुताबिक 8 मई शाम को उनका बेटा रौनक कालरा ग्रीन गोल्डन ग्रीन पार्क में घूमने गया था। वहां मौजूद सक्षम, शाहिल, सागर, अंशुमन यादव, लक्की जाट और आर्यन गुप्ता हूटिंग करने लगे। विरोध पर उन्होंने उससे मारपीट की। आरोप है कि जब रौनक वहां से जाने लगा तो लक्की जाट ने रौनक के सीने पर तमंचा तान दिया।

# कार्यालय में आरएम को जिंदा जलाने की थी साजिश

## अंकित के आने से 30 मिनट पहले ही आरएम निरीक्षण के लिए कार्यालय से निकले थे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बैंक ऑफ बड़ौदा की स्टेशन रोड शाखा में लोन ऑफिसर के रूप में तैनात अंकित गोयल आंचलिक कार्यालय में आरएम अनिल एम को जिंदा जलाने की साजिश रचकर कार्यालय पहुंचा था, लेकिन 30 मिनट पहले ही आरएम निरीक्षण के लिए आंचलिक कार्यालय से निकल गए थे।

आरएम कार्यालय में आग लगाने के दौरान अंकित चीख चीख कर कह रहा था कि आरएम ने बिना किसी कारण मुझे नौकरी से निकाला है और वह उन्हें जिंदा जला देगा। इससे पहले अंकित ने गार्ड, कैंटीन संचालक से भी गालीगलौज कर मारपीट की। जब अंकित योजना में सफल नहीं हो पाया तो उसने जोनल ऑफिस से निकल कर मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय पहुंचकर दोबारा पेट्रोल से आग लगाई। हालांकि अब तक अंकित पुलिस की पकड़ में नहीं आया है। आग से पालिसी, ऑडिट संबंधी महत्वपूर्ण दस्तावेज जले

आंचलिक कार्यालय में आग से पॉलिसी, ऑडिट, वित्तीय रिपोर्ट, नकदी प्रवाह विवरण से संबंधित दस्तावेज जल गए। कर्मचारियों के अनुसार केबिन में रखे कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जल गए।


बैंक ऑफ बड़ौदा के आरएम कार्यालय में आग लगने के बाद जला पड़ा सामान। ● अमृत विचार

● सफल न होने पर सीडीओ कार्यालय में आग लगाने की कोशिश

### पत्नी की कार में आग लगाने की भी सूचना

अंकित गोयल तीन साल से मानसिक बीमारी से ग्रसित है। वह शहर में आईवीआरआई रोड स्थित ट्यूलिप अपार्टमेंट में रहता है। अंकित का पत्नी से भी विवाद रहता है। चर्चा है कि जोनल ऑफिस में आग लगाने के बाद अंकित ने पत्नी की कार में भी आग लगा दी। हालांकि पुलिस ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है।

### केजरीवाल के खिलाफ लिख चुका है आपत्तिजनक बातें

अंकित गोयल मई में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध मेट्रो स्टेशन पर आपत्तिजनक बातें लिखने और सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार हो चुका है। 21 मई को दिल्ली पुलिस ने उसे जेल भेजा था, हालांकि, अगले दिन अंकित जमानत पर बाहर आ गया।

### बुलंदशहर में बैंककर्मी के साथ की थी मारपीट

अंकित मूल रूप से बुलंदशहर का रहने वाला है। दिल्ली पुलिस ने उसे घर पर दबोचा था तो वहां बैंक शाखा में तैनात कर्मियों से पूछताछ भी की गई थी। पुलिस की मदद करने के शक में अंकित ने 28 मई को कैशियर संजय सिंह के साथ मारपीट की थी। संजय सिंह की ओर से मामले में पुलिस से शिकायत की गई थी।


अंकित ने पेट्रोल छिड़क कर लगाई थी कार्यालय में आग। ● अमृत विचार

### बाइक से पेट्रोल निकाल कर बोतल में लेकर पहुंचा

आंचलिक कार्यालय में आग लगाने के लिए अंकित ने बाइक से बोतल में पेट्रोल निकाला। उसने बोतल को पैंट की जेब में छिपा रखा था। यहां उसने चैंबर में कुर्सी, मेज पर रखे दस्तावेजों में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। अंकित को महंगी बाइकों का शौक है। उसके पास 15 लाख रुपये की कीमत की भी बाइक है।

# माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के पूर्व कर्मी को डिजिटल अरेस्ट कर 13 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● ग्रीन पार्क निवासी युवक को कस्टम अधिकारी बनकर लिया झांसे में, जांच कर रही पुलिस

**अमृत विचार :** थाना बारादरी क्षेत्र के रहने वाले पूर्व माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के कर्मचारी को ठगों ने कस्टम अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट कर लिया। ठगों ने कर्मचारी से 13 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाना में शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्रीन पार्क निवासी एक युवक करीब दो साल पहले दिल्ली में रहकर माइक्रोसॉफ्ट कंपनी में नौकरी करता था। नौकरी के दौरान ही युवक को ब्रेन हेमरेज हुआ। युवक ने इलाज के बाद नौकरी छोड़ दी और घर से ही अपना ऑनलाइन काम शुरू कर दिया। पुलिस के मुताबिक पिछले दिनों युवक के पास एक फोन आया और फोन करने वाले ने कहा कि वह कस्टम अधिकारी बोल रहा है। उसने धमकाया कि युवक ने एक कंपनी का कोरियर भेजा है, जिसमें नशीली दवाएं, ड्रग्स और कई पासपोर्ट हैं। इसके बाद ठगों ने युवक को फोन पर ही डिजिटल अरेस्ट कर लिया और धमकी दी कि फोन नहीं काटना है।

ठग तीन दिनों तक युवक को फोन पर उलझाए रहे और कहा कि फोन काटा तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके बाद ठगों ने कई बार में आरटीजीएस के माध्यम से 13 लाख रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। युवक ने साइबर क्राइम थाना में आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र दिया है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मेडिकल छात्रा को भी किया था डिजिटल अरेस्ट

21 फरवरी को बरेली के एक मेडिकल कॉलेज की परास्नातक छात्रा को भी साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट किया था। ठगों ने छात्रा का आधार कार्ड महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक के मनी लॉन्ड्रिंग मामले से जुड़ा बताकर धमकाया था और जांच के बहाने आठ लाख से ज्यादा रुपये दूसरे खातों में ट्रांसफर करा लिए थे। छात्रा ने साइबर क्राइम थाना में शिकायत की थी।

### क्या होता है डिजिटल अरेस्ट

साइबर थाने के इंस्पेक्टर नीरज सिंह के मुताबिक डिजिटल अरेस्ट के शिकार वो लोग होते हैं, जो अधिक पढ़े–लिखे और कंप्यूटर फ्रेंडली होते हैं। इसका मतलब है कि कोई आपको ऑनलाइन धमकी देकर वीडियो कॉलिंग के जरिए आप पर नजर रख रहा है। अक्सर डिजिटल अरेस्ट के दौरान साइबर ठग खुद को पुलिस या किसी विभाग का अधिकारी बताकर लोगों को धमकाते और अपना शिकार बनाते हैं।

### ...तो जलाकर कूड़े का निस्तारण


बदायूं रोड पर चीनी मिल के सामने डलावघर में कूड़े में आग लगा दी गई। इसकी वजह से वहां खड़ा रिक्शा जल गया और आग पास में रखे ट्रांसफार्मर के पास तक पहुंच गई। किसी तरह लोगों ने आग बुझाई। ● मोहित कुमार सिंह

# पाकिस्तानी पत्नी से मारपीट के बाद पति ने दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● पीड़िता लाहौर जाने की तैयारी में, पुलिस मामले की कर रही जांच

● कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर का मामला, पहले भी दर्ज हो चुकी है रिपोर्ट

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर के रहने वाले युवक ने पाकिस्तानी पत्नी के साथ मारपीट कर तीन तलाक दे दिया। महिला ने पति समेत ससुराल वालों से जान का खतरा बताया है। आरोप है कि पति के कई महिलाओं से संबंध हैं। जिसका विरोध करने पर आए दिन उसके साथ मारपीट की जाती है। महिला की शिकायत पर पुलिस पहले भी रिपोर्ट दर्ज कर चुकी है। महिला ने कहा कि वह अब लाहौर जाएगी।

पाकिस्तान के लौहार निवासी महिला के अनुसार उसका निकाह 2008 में पाकिस्तान में ही बरेली के एक युवक से हुआ था। उसके दो बच्चे हैं। आरोप है कि शौहर और ससुरालवाले कई साल से उसका उत्पीड़न कर रहे हैं। मामले में उसने मुकदमा भी दर्ज करा रखा है। आरोप है कि पति ने मंगलवार को उसे पीटा। उसे तीन तलाक देकर बच्चों के साथ घर से निकाल दिया। बुधवार को दरगाह पहुंच कर महिला ने मौलाना शहाबुद्दीन रजवी से मदद मांगी। कोतवाली में भी तहरीर दी है।

महिला के मुताबिक निकाह के पांच माह तक पाकिस्तान में रहने के बाद शौहर उसे बरेली ले आया। यहां पति और ससुरालवालों ने उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। आरोप है कि पति शराब पीकर उसे और बच्चों को चाकू दिखाकर धमकाता है। आरोप है कि साजिशन लंबी अवधि के वीजा में अड़चन डालता है। मुकदमा वापस लेने के लिए लगातार दबाव बना रहा है। आरोप है कि मंगलवार रात को पति कमरे में आया। उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की। उसके बाद तीन तलाक दे दिया। धमकी दी कि अगर मुकदमा वापस नहीं लिया तो वह जान से मार देगा। कहा कि घरवालों को उसकी लाश तक नहीं मिलेगी।

# दो लाख रुपये लूट कर दो भाइयों ने मांगी 50 लाख की रंगदारी

**बरेली,अमृत विचार :** ब्याज के रुपये चुकाने के बाद भी दो भाइयों ने एक युवक से दो लाख रुपये छीन लिए। एडीजी जोन पीसी मीना के आदेश पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइंस निवासी मोहित तिवारी ने बताया कि उन्होंने अपनी दो दुकानें गिरवी रखकर नेकपुर के भारतेंदू और गगन सोनकर से ब्याज पर रुपये लिए थे। वह रुपए अदा कर चुके हैं। ब्याज भी दे दिया फिर भी सूद ब्याज का धंधा करने वाले भारतेंदू और गगन दोनों दुकानों के कागज वापस नहीं कर रहे हैं। सात जून की शाम को भारतेंदू ने कहा कि जो रुपये शेष हैं, वो लेकर आओ और दुकानों के कागज ले जाओ। आरोप है कि भारतेंदू ने दुकानों के कागज नहीं दिए और उनसे दो लाख रुपए लूट लिये।

### सराफ से नकदी और जेवर लेकर दंपती फरार

**बरेली, अमृत विचार:** थाना सुभाषनगर क्षेत्र में सराफ से पांच लाख की नकदी और जेवर लेकर दंपती फरार हो गए। दंपती ने सराफ को नए जेवर बनवाने और पुराने जेवर बैंक से छुड़ाने का बहाना बनाया था। दुकानदार ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मलूकपुर निवासी सराफ विपिन रस्तोगी ने बताया कि सिठौरा रोड पर उनकी दुकान है। उनकी दुकान पर 31 मई को शांति विहार निवासी सोनू नायक अपनी पत्नी के साथ आया था। वह पहले भी उनकी दुकान से जेवर खरीद चुका था।

विपिन रस्तोगी ने बताया कि दंपती ने अपने सोने के जेवर उन्हें दिखाए और कहा कि नए जेवर बनवाने हैं। इसके बाद दंपती ने बैंक से जेवर छुड़वाने के लिए पांच लाख रुपये मांगे। दोनों ने विपिन से पांच लाख रुपये और तीन सोने की अंगूठी घर दिखाने के बहाने ले लीं। दुकान से जाने के बाद दोनों वापस नहीं आए तो विपिन ने उनके पते पर जाकर पूछताछ की तो पता चला कि उन्होंने फर्जी पता दिया है। विपिन रस्तोगी की शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


# भमोरा में सांड़ के हमले से युवक की गई जान

संवाददाता, भमोरा

**अमृत विचार :** दसवां संस्कार में शामिल होकर घर लौट रहे युवक पर सांड़ ने हमला कर दिया। ग्रामीणों ने किसी तरह से युवक को बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे पहले भी सांड के हमलों में कई लोगों की जान जा चुकी है।

भमोरा के ग्राम फिरोजपुर निवासी राधेश्याम (38) मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते थे। वह बुधवार सुबह 10 बजे रामगंगा किनारे गांव के श्याम बिहरी के दसवां संस्कार में शामिल होने गए थे। वहां से लौटते समय रास्ते में सांड़ ने हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने उन्हें बचाया। इसके बाद लोग उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। भमोरा पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर हल्का लेखपाल परविंदर सिंह ने मौका मुआयना कर रिपोर्ट एसडीएम को दी। राधेश्याम के पांच बच्चे हैं। उन्हीं के कंधों पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी थी। उनकी मौत से परिजन सदमे में हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से सांड़ को पकड़वाने की मांग की है।

**चुनाव में भी दिखा सांड़ मुद्दे का असर :** लोकसभा चुनाव में सांड़ का मुद्दा काफी छाया रहा। लोगों की नाराजगी भी दिखी, इसका असर चुनाव परिणाम में भी देखने को मिला। चुनाव से पहले भी जिले में सांड़ के हमले में कई लोगों की जान जाने की घटनाएं हो चुकी थीं। इसके अलावा सांड़ों से फसलों के बचाव के लिए किसान रात-रात जगते हैं।


सड़कों पर दिन भर कुछ इस तरह भटकता रहता है गोवंशीय पशु। ● अमृत विचार

### इन लोगों की जा चुकी जान

- 4 फरवरी 2024 को शाही में घर के बाहर बैठे जागन लाल को सांड़ ने पटक– पटकर मार डाला था।
- 7 फरवरी को शहर में नेकपुर गौटिया के 65 वर्षीय राजवीर सिंह की सांड़ के हमले में गंभीर घायल होने के बाद मौत हो गई।
- 3 फरवरी को दुनका के सिहौर गांव में सांड़ के हमले में बुजुर्ग जागनलाल की मौत हो गई।
- 24 जनवरी को शहर के संजयनगर में सुबह टहलने निकले बुजुर्ग करुणाशंकर पांडेय की भी सांड़ के हमले में जान चली गई थी।
- 30 दिसंबर 2023 में सांड़ के हमले में क्योलड़िया में एक मस्जिद के मुतवल्ली की जान चली गई थी।
- 23 दिसंबर को सिरौली के गांव मोहरसिंह गौटिया के बाबूराम को खेत पर जाते समय सांड़ ने पटक–पटककर मार डाला।
- 1 दिसंबर को सांड़ के हमले में फतेहगंज पूर्वी में खेत की रखवाली कर रहे किसान की जान चली गई थी।
- 31 अक्टूबर को भमोरा के गांव सिरसा के देवेंद्र खेत में गए थे, तभी गोवंशीय पशुओं के झुंड ने हमला कर उनकी जान ले ली।

### आंवला में नहीं बने नंदी आश्रम

**आंवला, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में छुट्टा पशु किसानों की फसलें बर्बाद कर रहे हैं। इससे किसान परेशान हैं। सड़कों और गलियों में घूम रहे छुट्टा पशुओं के हमलों में कई लोगों की जानें जा चुकी हैं, जबकि दर्जनों घायल हो चुके हैं। क्षेत्र में नंदी आश्रम बनाने के दावे किए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक ये दावे हकीकत में तब्दील नहीं हो सके हैं। किसानों का कहना है कि अफसर छुट्टा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन कई बार दे चुके हैं, लेकिन समस्या जस की तस है। इस समय खेतों में धान की पौध डाली है। छुट्टा पशुओं से उसकी रखवाली करनी पड़ रही हैं। वहीं, शहरी क्षेत्र में गलियों और सड़कों पर घूम रहे गोवंशीय पशुओं से हमले का डर बना रहता है।

### सांड़ ने युवक को किया घायल

**अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी के नखासे वाले बाग में आटा चक्की चला रहे युवक को सांड़ ने हमला कर घायल कर दिया। परिजनों ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत नाजुक है। गांव कुरतरा निवासी सोनू कश्यप ट्रैक्टर चक्की से क्षेत्र में घूमकर गेहूं पीसने का काम करते हैं। फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला ठाकुरद्वारा के नखासे वाले बाग में चक्की से गेहूं पीस रहे थे। अचानक एक सांड़ आकर आटा खाने लगा। सोनू ने उसे भगा दिया। कुछ देर बाद सांड़ ने सोनू पर हमला कर दिया। पेट में सींग लगने वह घायल हो गए। लोगों ने उन्हें सांड़ से बचाया। परिजनों ने सोनू को अस्पताल में भर्ती कराया है।

### मुरादाबाद और बरेली जंक्शन पर धोखाधड़ी करने वाले पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** जंक्शन के मैसर्स शेख नन्हे एंड संस फूड स्टॉल की फर्जी पावर आफ अटार्नी बनाए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में फूड संचालक संचालक सईद अहमद ने माल गोदाम रोड निवासी सरफराज के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सुभाषनगर क्षेत्र के मालगोदाम रोड निवासी सईद अहमद के अनुसार उनका मैसर्स शेख नन्हे एंड संस के नाम से जंक्शन पर फूड स्टॉल है। वहां चाय, बिस्कुट आदि खाद्य पेय पदार्थ की बिक्री की जाती है। आरोप है कि मोहल्ले के ही सरफराज ने उनके नाम की एक फर्जी पॉवर आफ अटार्नी बना ली। जिसके माध्यम से सरफराज रेल मंडल आफिस मुरादाबाद और बरेली जंक्शन पर धोखाधड़ी करता है। जब विरोध किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर सुभाषनगर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अयोध्या में कमरा बुक कराने के बहाने ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● ऑनलाइन खाते में वकील से मंगाए तीन हजार रुपये

● 10 दिन में शहर के दो लोगों से ठगी के मामले आए सामने

**अमृत विचार :** साइबर ठग ठगी करने के लिए अब तीर्थ स्थानों का भी सहारा लेने लगे हैं। अयोध्या में धर्मशाला में कमरा बुक कराने के बहाने अधिवक्ता से चार हजार रुपये की ठगी कर ली गई। ठग फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। 10 दिनों के अंदर शहर के दो लोगों से ठगी के मामले सामने आ चुके हैं।

थाना सुभाषनगर क्षेत्र के रहने वाले एडवोकेट मुकुल दीक्षित ने बताया कि उन्हें परिवार के साथ 15 जून को अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जाना है। इसके लिए उन्होंने 9 जून को अयोध्या में रुकने के लिए ऑनलाइन होटल की तलाश की। उन्हें साई नगर न्यू कॉलोनी अयोध्या स्थिति बिरला धर्मशाला की वेबसाइट दिखाई दी। वेबसाइट पर मौजूद नंबर पर संपर्क करने पर एक व्यक्ति से बात हुई। उसने अपना नाम संजय कुमार और धर्मशाला का मैनेजर बताया। इस पर संजय ने उन्हें दो कमरों को किराया चार हजार रुपये से अधिक बताया था। मुकुल ने संजय की ओर से दिए गए बैंक अकाउंट नंबर पर तीन बार में चार हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

संदेह होने पर रकम वापस मांगी तो संजय ने मना कर दिया। उसने धमकी दी कि जो करना है कर लें लेकिन पैसे वापस नहीं होंगे। मुकुल की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसी धर्मशाला के नाम पर 10 दिन पहले अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल से भी ठगी हुई थी।

MAXLIFE
SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली

डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप

डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ

डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon

डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., MCH
न्यूरोसर्जन
दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन

डॉ. फहद बिन हामिद
D. Ortho, DNB (Ortho)
Trauma, Joint Replacement
Arthoscopy & Sports Injury Specialist

डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon

डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ

FACILITIES
•CATHLAB
•ICU
•CCU
•ANGIOPLASTY
•NICU
•ECHO TMT
•ANGIOGRAPHY
•HDU
•PACEMAKER
•DIALYSIS
•VENTILATOR
मॉड्यूलर ऑपरेशन
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब
EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0581-2990926
0581-2990928

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
स्त्री एवं प्रसूति रोग
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वैन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565
9410002566

## हजरत कोहाड़ापीर शाह का उर्स शुरू

बरेली, अमृत विचार : हजरत कोहाड़ापीर शाह के उर्स की शुरुआत बुधवार को कुरानख्वानी से हुई। दरगाह के प्रबंधक चौधरी अहमद मियां ने बताया कि गुरुवार को ईशा की नमाज के बाद जश्ने मिलाद का आयोजन होगा। इसमें उलमा दीनी तकरीर करेंगे। 4 जून की शाम को ईशा की नमाज के बाद महफिल-ए-समां में दूर-दराज से आए फनकार कलाम पेश करेंगे। 15 जून की सुबह 10 :00 बजे कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन होगा। उन्होंने बताया कि बुधवार को बड़ी संख्या में जायरीन दरगाह पर पहुंचे और चादरपोशी कर दुआएं मांगीं।

## अभियान चलाकर दी जाएगी बैंकिंग लोकपाल की जानकारी

बरेली, अमृत विचार : भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से बैंक शाखाओं में बैंकिंग लोकपाल को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। एलडीएम वीके अरोरा ने बताया कि अभियान के तहत विभिन्न बैंक शाखाओं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें ग्राहकों को बैंकिंग लोकपाल की भूमिका और शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही शाखाओं में पोस्टर, ब्रोशर और अन्य सूचना सामग्री वितरित की जाएगी। ऑनलाइन माध्यमों के जरिए भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी शाखाओं को इस संबंध में निर्देशित कर दिया गया है, जिसकी रिपोर्ट आरबीआई को भेजी जाएगी।

# सड़कों पर न पढ़ें नमाज, खुले और सार्वजनिक स्थलों पर न करें कुर्बानी

### ईद-उल-अजहा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए एडीएम, एसपी सिटी ने की बैठक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: ईद-उल-अजहा के पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने कहा कि पर्व को सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं और कोई नई परंपरा न डाली जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर नमाज न पढ़ें और खुले और सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी न करें।

उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिए कि पर्व पर पानी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। कुर्बानी से निकलने वाले वेस्ट मेटेरियल को इकट्ठा करने के लिए विशेष रूप से व्यवस्था की जाए। बकरीद के दिन प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं होनी चाहिए, न ही कुर्बानी का कोई वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करें। यह भी कहा कि इस बात का ध्यान रखें कि सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाए। नमाज का समय अलग-अलग निर्धारित कर लें। एसपी सिटी राहुल भाटी ने सीओ और थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर लें। बैठक में एसपी ट्रैफिक शिवराज सिंह, एसपी देहात, अपर नगर आयुक्त, सीओ, दरगाह आला हजरत के संगठन जमात रजा-ए- मुस्तफा के पदाधिकारी मोइन खान, पाशा मियां निजामी, दरगाह शाहदाना वली के मीडिया प्रभारी वसी अहमद, शमीम अहमद, असलम खान, शाहिबुद्दीन, टीटीएस के पदाधिकारी हाजी जावेद, अमन कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष कदीर, अश्वनी ओबेरॉय, जनार्दन आचार्य, ज्ञानी सिंह आदि उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट में बैठक करते पुलिस और प्रशासनिक अफसर। ● अमृत विचार

### बारिश से पहले पूरे करें इंतजाम, जलभराव की न हो समस्या

बरेली, अमृत विचार : बारिश के मद्देनजर जिलाधिकारी ने नगर निगम, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को जलभराव की समस्या से निपटने के आदेश जारी कर दिए हैं। सभी निकायों को समय से तैयारी करने के लिए निर्देशित किया गया है, जिससे बारिश के मौसम में लोगों को जलभराव की समस्या से न जूझना पड़े। डीएम रविंद्र कुमार ने बुधवार को नगर निगम और नगर निकाय क्षेत्रों में नाला-नालियों की सफाई कराने के आदेश नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स और एडीएम प्रशासन/प्रभारी अधिकारी निकाय दिनेश को दिए हैं। डीएम ने कहा कि अक्सर देखने को मिलता है कि सफाई न होने की वजह से ड्रेनेज व्यवस्था चौपट हो जाती है, जिससे बारिश का पानी सड़कों पर भर जाता है। इससे आम आदमी को समस्या का सामना करना पड़ता। अत: बारिश से पहले ही इस तरह की समस्याओं को दूर कर लिया जाए। कहा कि अगर कहीं अतिक्रमण है या फिर रख-रखाव की वजह से ड्रेनेज चोक हो गया है तो अधिकतम 10 दिनों के अंदर समस्या को दूर कर दिया जाए।

### जल्द निपटाएं लंबित मामले : डीएम

बरेली, अमृत विचार : विकास भवन सभागार में बुधवार को डीएम रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में बैंकर्स की जिला स्तरीय समन्वय समिति, जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीसीसी) और डीएलआरसी की बैठक हुई, जिसमें जिला उद्योग केंद्र से संबंधित ओडीओपी योजना, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना (पीएमईजीपी), खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री माटी कला योजना, प्रधानमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा कर शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के आदेश दिए गए। डीएम ने कहा कि जिन बैंकों का सीडी रेश्यो 50 प्रतिशत से कम है, वे अपने कार्य में प्रगति लाएं। अगली बैठक में बैंकों के आगे नंबर ऑफ ब्रांच भी लिखा जाए कि किस बैंक की जिले में कितनी ब्रांच हैं। योजनाओं की समीक्षा में कहा कि लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण हो, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें। समीक्षा में पीएम स्वनिधि योजना की स्थिति अच्छी पाई गई। एलडीएम वीके अरोड़ा, पीडी डीआरडीए तेजवंत सिंह, डीडीओ दिनेश कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

## सफाई कर्मचारी संघ ने किया सांसद का स्वागत

बरेली, अमृत विचार : सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार के कैंप कार्यालय पर बुधवार को पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राम लाल कश्यप ने पदाधिकारियों के साथ पहुंचकर स्वागत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रविंद्र कश्यप, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रनवीर सिंह पटेल, जिला संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह कोली, जिला मीडिया प्रभारी तेजपाल सिंह पटेल, ब्लॉक महामंत्री दमखोदा राकेश वाल्मीकि उपस्थित रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. आशीष सक्सेना
MBBS, MS, FIAGES, FELS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
मो. 9045849322
उपलब्ध सुविधायें ● दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन ● हर्निया का ऑपरेशन ● अपेंडिक्स का ऑपरेशन ● पित्त की नली की पथरी ● बवासीर, भगन्दर, फिशर ● हाईड्रोसील ● स्तन की गांठ का ऑपरेशन ● पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins) ● पाइलोनाइडल साइनस ● इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122

# पेइंग वार्ड में इंस्टाल की जाएगी एफेरेसिस मशीन

● एडीएसआईसी ने अमृत विचार में प्रकाशित खबर का लिया संज्ञान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: अब डेंगू का प्रकोप होने पर प्लेटलेट्स के लिए मरीजों को घंटों तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। एफेरेसिस मशीन जल्द ही पेंइंग वार्ड में इंस्टाल हो जाएगी। कई माह से यह मशीन वार्ड में धूल फांक रही थी। अमृत विचार ने इस मामले को मंगलवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिस पर बुधवार को एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने इस पर संज्ञान लिया।

उन्होंने ब्लड बैंक प्रबंधन के साथ बैठक कर जल्द से जल्द वार्ड का सौंदर्यीकरण कराकर उसमें मशीन को इंस्टाल करने के निर्देश दिए हैं। डॉ. अलका ने बताया कि मशीन को एक निर्धारित तापमान में ही स्थापित किया जा सकता है। वार्ड में मशीन को स्थापित कराने के लिए स्थान चिह्नित कर वहां एसी व अन्य उपकरण लगाने के लिए आदेश दे दिया गया है। 10 से 20 दिनों के अंदर मशीन को इंस्टाल कराने दिया जाएगा। इसके स्थापित होने के बाद चंद मिनटों में जरूरतमंद मरीज के तीमारदार को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक से प्लेटलेट्स उपलब्ध हो जाएंगे।

## अगले महीने हो सकती है राइफल क्लब की औपचारिक शुरुआत

बरेली, अमृत विचार : तकनीकी कारणों के चलते राइफल क्लब की अभी तक औपचारिक शुरुआत नहीं हो सकी है। अफसरों का दावा कि बैठक के बाद अगले महीने इसकी शुरुआत हो सकती है। हालांकि यहां 10 से 15 खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं।

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 6.83 करोड़ रुपये के बजट से राइफल क्लब का दोबारा निर्माण किया गया है। यहां आधुनिक सुविधाओं से लैस शूटिंग रेंज की व्यवस्था की गई। क्लब के अधिकारियों के अनुसार निर्माण कार्य और उपकरणों की स्थापना लगभग पूर्ण हो चुकी है।

## सीएचसी और पीएचसी का औचक निरीक्षण करेंगे सीएमओ

बरेली, अमृत विचार : देहात क्षेत्र के सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को किस प्रकार इलाज मिल रहा है, इसकी सत्यता जानने के लिए अब सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने औचक निरीक्षण करने की योजना बनाई है। यह निर्णय उन्होंने बीते दिनों कुछ केंद्रों पर अनियमितताएं मिलने के चलते लिया है। कुछ दिनों पूर्व सीएमओ ने फतेहगंज पश्चिमी और क्यारा सीएचसी का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान दोनों ही स्वास्थ्य केंद्रों पर अनियमितताएं मिलीं थीं। इस पर सीएमओ ने संबंधित जिम्मेदारों से जवाब तलब भी किया है। जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है। मौसम विभाग जल्द बारिश आरंभ होने की आशंका भी जता रहा है। पहली बारिश के बाद मलेरिया का प्रकोप भी तेजी से बढ़ सकता है। ऐसे में स्वास्थ्य केंद्रों पर मलेरिया के मरीजों के उचित इलाज की व्यवस्था और दवाओं की उपलब्धता की जांच की जाएगी। सीएमओ के साथ ही अधिकारियों की दो टीमें भी औचक निरीक्षण के लिए गठित की गई हैं।

## परामर्श केंद्र पर घटी काउंसलरों की सक्रियता

बरेली, अमृत विचार : परामर्श केंद्र में लंबे समय से केवल एक ही काउंसलर हैं। सूची में अन्य सात काउंसलर भी हैं, जो कोरोना से पहले काफी सक्रिय थे, लेकिन धीरे-धीरे उनका केंद्र पर आना बंद होता गया। यहां पर वर्तमान में तैनात एक काउंसलर हरिंदर कौर चड्ढा ने बताया कि परामर्श केंद्र की स्थापना 2002 में हुई थी। उस समय 30-32 काउंसलर नियुक्त किए गए थे। उनमें 8-10 काउंसलर हमेशा बने रहते थे। उन्होंने बताया कि अब केबिन भी केवल दो ही रह गये हैं, जिनमें कई काउंसलरों को एक साथ बैठकर कई परिवारों के मामले सुलझाना मुश्किल होता है। परामर्श केंद्र प्रभारी आयशा ने बताया कि यह समाज सेवा की तरह है। कोई भी काउंसलर यहां आने के लिए बाध्य नहीं हैं। वे यहां आकर स्वेच्छा से योगदान दे सकते हैं।

## आतंकी हमले पर भड़के, आतंकवाद का पुतला फूंका



बरेली, अमृत विचार : जम्मू कश्मीर में श्रद्धालुओं की बस पर हुए आतंकी हमले को लेकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने आक्रोश व्यक्त किया है। बुधवार को उन्होंने कलेक्ट्रेट गेट के सामने सड़क पर आतंकवाद का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। इसके बाद डीएम कार्यालय पहुंचकर अपर नगर मजिस्ट्रेट शिल्पा ऐरन को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि 9 जून को श्रद्धालुओं की बस पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। इस घटना से लोग आहत हैं। जम्मू कश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा था। अनुच्छेद 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी, लेकिन लगता है कि उग्रवादियों का दुस्साहस अभी कम नहीं हुआ है। कहा है कि देश में नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश की संप्रभुता को चुनौती दी है। मांग की है कि केंद्र सरकार इस पर कठोर कदम उठाकर ऐसे तत्वों को सरंक्षण देने वाले आंतरिक व विदेशी तत्वों पर कार्रवाई करे। इस दौरान दिव्य चतुर्वेदी, जितेंद्र कश्यप, सोनी सक्सेना, देवेश शर्मा, सुशील शर्मा, कृष्ण मोहन, संजय शुक्ला, अंशु कुमार, मोहित, केके शंखधार आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस करेगी शहर और कैंट की जनता का धन्यवाद




बरेली, अमृत विचार : कांग्रेस महानगर कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने प्रेसवार्ता में कहा कि लोकसभा चुनाव में मिले जनादेश को देखते हुए प्रदेशाध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र शहर और कैंट में धन्यवाद एवं आभार प्रकट करने को यात्रा निकाली जाएगी। लोकसभा चुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी को अपार जन समर्थन मिला। पूर्व पार्षद महेश पंडित ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भी गठबंधन को अपार जन समर्थन मिलेगा और गठबंधन की सरकार बनेगी। पीसीसी प्रवक्ता योगेश जौहरी ने बताया कि 15 जून तक धन्यवाद एवं आभार कार्यक्रम होगा। इस दौरान महासचिव सुरेंद्र सोनकर, महासचिव हाजी सुलतान, महासचिव फिरोज खान, अतीक खान, पूरन लाल पटेल, करन सोनकर, महासचिव राजेश कुमार, मुजम्मिल हुसैन, राहुल शुक्ला आदि उपस्थत रहे।

## बैंक ऑफ इंडिया ने शुरू की चैम्पियन एफडी योजना

बरेली, अमृत विचार : बैंक ऑफ इंडिया ने 666 दिन की चैम्पियन फिक्सड डिपॉजिट योजना शुरू कर दी है। इसमें 2 करोड़ रुपये से कम की जमा राशियों पर 666 दिनों के लिए अति वरिष्ठ नागरिकों को 7 .95 प्रतिशत, वरिष्ठ नागरिकों को 7 .80 प्रतिशत एवं अन्य को 7 .30 प्रतिशत प्रति वर्ष तक का उच्चतम ब्याज मिलेगा। ग्राहक इसका लाभ उठा सकते हैं। इस संबंध में बैंक के अधिकारी जितेंद्र मोहन ने बताया कि संशोधित ब्याज दरें रुपए में घरेलू, एनआरआई सावधि जमा के लिए लागू हैं, जो 1 जून 2024 से प्रभावी हैं। सावधि जमा पर ऋण और समय पूर्व निकासी की सुविधा उपलब्ध है। ग्राहक इसके किसी भी बैंक ऑफ इंडिया शाखा में संपर्क कर सकते हैं।

# गर्भाशय फटने से शिशु की मौत मुश्किल से बची मां की जिंदगी

## जिला महिला अस्पताल में सिजेरियन प्रसव कराया गया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गर्भाशय फटने से शिशु पेट में पहुंच गया। भमोरा सीएचसी पर दो घंटे तक गर्भवती दर्द से तड़पती रही। बाद में आननफानन में उसे जिला महिला अस्पताल भेज दिया गया। यहां दो डॉक्टरों की टीम ने सूझबूझ के साथ सिजेरियन प्रसव कराकर महिला की जान बचाई। महिला ने मृत बच्ची को जन्म दिया।

- **भमोरा सीएचसी पर दो घंटे तक कराहती रहीं गंगा**

मंगलवार को भमोरा के गांव मिलक मजारा निवासी नन्हेलाल की पत्नी गंगा को प्रसव पीड़ा हुई। परिजन उन्हें सुबह 7 बजे लेकर सीएचसी पहुंचे। हालत गंभीर होने पर भी उन्हें दो घंटे तक रेफर नहीं किया गया। इस दौरान गर्भवती का गर्भाशय फट गया। शिशु पेट में आ गया। स्टाफ ने बिना रेफर लेटर के उन्हें जिला महिला अस्पताल भेज दिया।

### गर्भवती का एंबुलेंस कर्मियों ने कराया सुरक्षित प्रसव

**बरेली, अमृत विचार :** अस्पताल ले जाते समय 108 एंबुलेंस में गर्भवती को प्रसव पीड़ा हुई।एंबुलेंस कर्मियों ने महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। जच्चा और बच्चा को सीएचसी में भर्ती कराया। बुधवार को बिथरी चैनपुर क्षेत्र के गांव मोरनिया निवासी आशा कार्यकर्ता सीमा ने गांव के गौतम सागर की गर्भवती पत्नी रिंकी को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए 108 एंबुलेंस को फोन किया। कुछ ही देर में एंबुलेंस गांव पहुंच गई। रिंकी को एंबुलेंस अस्पताल ला रही थी। इस बीच रिंकी को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। वह दर्द से तड़पने लगीं। एंबुलेंस में इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन यशपाल सिंह और पायलट धर्मेंद्र ने उनका सुरक्षित प्रसव कराया। शिशु परिजनों को सौंप दिया। प्रसव के बाद मरीज को सीएचसी बिथरी चैनपुर में भर्ती करा दिया। जहां स्टाफ नर्स ने मां और बच्चे को स्वस्थ बताया। रिंकी के परिजनों ने एंबुलेंस कर्मचारियों की प्रशंसा की।



एंबुलेंस में बच्चे के साथ परिजन।

### अगर जल्द प्रसव नहीं कराते तो खतरा बढ़ जाता

सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद के अनुसार जांच करने पर पता चला कि गर्भाशय फटने से शिशु पेट में आ गया है। डॉ. मीनाक्षी और डॉ. पुष्पलता शमी के साथ ओटी टेक्नीशियन अमित और स्टाफ नर्स रानी ने सूझबूझ के साथ महिला की सिजेरियन प्रसव कराया। हालांकि बच्चे की मौत गर्भाशय से पेट में आने के दौरान हो गई थी, अगर समय रहते प्रसव नहीं कराया जाता तो संक्रमण फैलने से मरीज की जान को खतरा हो सकता था।

## परीक्षा और मूल्यांकन कार्य का शिक्षकों को नहीं मिला पारिश्रमिक

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा और मूल्यांकन कार्य करने वाले शिक्षकों का अभी तक पारिश्रमिक का भुगतान नहीं हुआ है। इस पर शिक्षकों ने नाराजगी जताई है। इस संबंध में उन्होंने डीआईओएस को पत्र देकर जल्द भुगतान कराने की मांग की है। जिले में 22 फरवरी से 9 मार्च तक बोर्ड परीक्षा हुई थी, जिसमें माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के तीन हजार शिक्षक, चतुर्थ श्रेणी और लिपिकों की ड्यूटी लगाई गई थी। यूपी शिक्षक महासभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष रमेश चंद्रा के अनुसार तीन माह के बाद भी पारिश्रमिक का भुगतान नहीं हुआ है।

माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा ने बताया कि पारिश्रमिक का बाउचर बनाकर डीआईओएस कार्यालय भेजा जा चुका है, लेकिन भुगतान अटका हुआ है। पिछली बार के 20 से अधिक शिक्षकों को भुगतान शेष है। इस बार अभी तक किसी को भुगतान नहीं मिल पाया है।

## एमए के सेमेस्टर पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म 15 से भरे जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परिसर में संचालित एमए पाठ्यक्रमों के सेमेस्टर परीक्षा फार्म भरने की तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक एमए के सम सेमेस्टर के संस्थागत और बैक परीक्षा के फार्म 15 से 23 जून तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन भरे जाएंगे। छात्रों को 25 जून तक भरे हुए फार्म विभाग में जमा करने होंगे और विभागों को फार्म सत्यापित करने होंगे।

### एमबीबीएस की पूरक परीक्षा के फार्म अब 20 तक भरे जाएंगे

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमबीबीएस द्वितीय और तृतीय प्रोफेशनल भाग एक एवं दो की पूरक परीक्षा 2024 के फार्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक फार्म भरने की अंतिम तिथि 12 जून थी लेकिन छात्रहित में इसे बढ़ाकर 20 जून कर दिया गया है। छात्र 20 जून तक ऑनलाइन फार्म भरकर 22 जून को महाविद्यालय में जमा कर सकेंगे।

### बीएएमएस के परीक्षा फार्म भी अब 20 तक भरे जाएंगे

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएएमएस प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष ( बैच 2018, 2019 और 2020 ) की मुख्य एवं पूरक परीक्षा के फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक फार्म 3 जून से भरे जा रहे हैं। अब छात्र 20 जून तक ऑनलाइन फार्म भरकर 22 जून तक महाविद्यालय में जमा कर सकेंगे।

### फुटबॉल ट्रायल में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**बरेली, अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार को जूनियर फुटबॉल बालक वर्ग के ट्रायल हुए। आरएसओ जितेंद्र यादव ने बताया कि ट्रायल में आर्यन सिंह, अनुभव सिंह, आफताब खान, सचिन, हर्षित चंद्रा, मोहम्मद यासीन, देवांश, विनय कुमार सिंह, आदित्य कुमार, उत्सव, नमन, राशिद, हृदयांश, श्यामू चौधरी चयनित किए गए। उपक्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि चयनित खिलाड़ी 14 जून को सुबह 9 बजे से मंडल स्तरीय ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे।






## 15 से 21 जून तक मनाया जाएगा योग सप्ताह

**बरेली, अमृत विचार :** डीएम रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन में बैठक हुई। इसमें 15 जून से योग सप्ताह और 21 जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने की तैयारियों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अमरदीप सिंह नायक को निर्देश दिए गए कि योग को लेकर लोगों को प्रेरित किया जाए। 15 जून को कार्यक्रम का आरंभ गांधी उद्यान में प्रातः 6 बजे किया जाएगा। 21 जून को मुख्य कार्यक्रम बरेली कॉलेज परिसर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, डीआईओएस देवकी सिंह, बीएसए संजय कुमार, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## क्लोनिंग फिंगर से परेशानी झेल रहीं बीसी सखियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बीसी सखियों के सामने टैब और एटीएम मशीनें खराब होने की समस्या आ रही थी। इसमें एक नया कारण फिंगर क्लोनिंग ( अपना फिंगर प्रिंट किसी और को देकर कार्य कराना ) भी देखने का मिल रहा है। अगर कोई बीसी सखी फिंगर क्लोनिंग करती पायी जाती है तो उसका कोड बैंक द्वारा बंद कर दिया जाता है। इससे वह अपना बैंक का काम नहीं कर सकती। इसका समाधान संबंधित बैंक मैनेजर की जांच के बाद ही संभव है।

- **अपनी जगह घर के अन्य सदस्यों से करा रहीं काम**

बीसी सखियों के तकनीकी सपोर्ट के लिए कार्य कर रही सेफ सॉल्यूशन कंपनी के प्रवक्ता सूर्या ने बताया कि बैंक के सुपरवाइजर फील्ड में होते हैं। वे देखते हैं कि कोई बीसी सखी अपनी जगह किसी और से फिंगर क्लोनिंग के जरिए काम तो नहीं करा रही। यदि ऐसा होता है तो इस पर बैंक द्वारा उनके कोड को बंद कर दिया जाता है। इससे एक्स 2 नाम से एरर दिखाई देने लगता है। इसका समाधान संबंधित ब्रांच मैनेजर द्वारा जांच करके रिपोर्ट के आधार पर ही संभव है। जिले में इस समय एक हजार में से 868 बीसी सखियां ही एक्टिव हैं। इनमें से अब तक लगभग 150 मामलों में फिंगर क्लोनिंग की शिकायतें आयी हैं।

### एनुअल मेंटीनेंस कॉस्ट भी नहीं की जमा

प्रवक्ता के अनुसार चार साल पहले बीसी सखियों का काम शुरू करने वाली महिलाओं को एक साल की वारंटी में सरकार द्वारा टैब दिए गए थे। एक साल पूरा होने के बाद एनुअल मेंटीनेन्स कॉस्ट यानि वारंटी की अवधि बढ़ाने के लिए महिलाओं को 2380 रुपये जमा करने को कहा गया था ताकि यदि भविष्य में समस्या आती है तो उसे कंपनी के अंदर ही वारंटी में संभलवाया जा सके। लेकिन अधिकांश महिलाओं ने पिछले तीन सालों में ऐसा नहीं किया। वर्तमान में पूरे जिले में केवल 10 बीसी सखियों ने वारंटी बढ़वाने के लिए धनराशि जमा की है।
















## सार-संक्षेप


### उद्धव प्रसंग को सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**बरेली, अमृत विचार :** माधवबाड़ी स्थित श्रीरामायण मंदिर में आयोजित श्रीमद्भावत कथा में छठें दिन महारास, रुक्मणी विवाह आदि प्रसंगों का वर्णन किया गया। कथाव्यास आचार्य महावीर शर्मा ने सुनाया कि श्री कृष्ण उद्धव से कहते हैं कि जीव को मेरी पूजा से बढ़ कर साधु-संतों की पूजा करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि मन और बुद्धि प्रभु को समर्पित कर दो तो आत्म रस प्राप्त होगा। प्रेम भक्ति प्रकट होने लगेगी। विषयों की कामना ही दुख है, कामना का त्याग ही तप है। तप से तपस्वी बनते हैं और महादेव को प्राप्त करते हैं। प्रभु के प्रति शरणागति यदि नहीं है तो तत्व का बोध नहीं होगा। शरणागति भाव प्रधान है। प्रेम प्रधान है। शरणागति का लक्ष्य प्रभु की कृपा प्राप्त करना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### हजरत सय्यद कासिम अली शाह का उर्स संपन्न

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** नकटिया स्थित हजरत सय्यद कासिम अली शाह रहमतुल्लाहे अलैह का तीन रोजा उर्स-ए- कासमी कुल की फातेहा के साथ बुधवार को संपन्न हो गया। उर्स का आगाज 10 जून को सुबह फज्र की नमाज के बाद कुरान खानी के साथ हुआ था। जिसमें कानपुर से मुफ्ती मोहम्मद हनीफ, मदरसा मंजरे इस्लाम से मौलाना अय्यूब नूरी, मौलाना कमाल उददीन, मौलाना कय्यूम , मौलाना अब्दुल जब्बाद , मौलाना सरताज , सायरे इस्लाम जाकिर इस्माइली आदि शामिल हुए। सुबह फज्र की नमाज के बाद कुरान खानी हुई, उसके बाद दरगाह पर लोगों के हाजरी का सिलसिला चलता रहा। सुबह नौ बजे से कुल शरीफ का कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमें मौलाना ततहीर अहमद धौराटांडा ने शिरकत की। कुल की फातेहा 12 बजे हुई। तमाम लोगों ने लंगर किया। वहीं, उमरिया सैदपुर, मोहनपुर, नकटिया, परसोना, पदारथपुर, ढिरिया समेत तमाम स्थानों के लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## रिटर्न फाइल करते समय भरनी होंगी कुछ नई जानकारियां




इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की गोष्ठी में मौजूद पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **आयकर भवन में हुई गोष्ठी में कैपिटल गेन की दी जानकारी**

**अमृत विचार :** वर्तमान वित्तीय वर्ष में इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करते समय और अधिक सावधानी बरतनी होगी। व्यक्ति, फर्म, कंपनी, सोसाइटी अथवा ट्रस्ट का रिटर्न फाइल करते समय अब नए कॉलम पर भी ध्यान देना होगा। इस बार इसमें कुछ नये कालम जुड़ गये हैं। यह जानकारी सीए शैलेन्द्र माहेश्वरी ने दी। वह इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की संगोष्ठी में बोल रहे थे।

आयकर भवन के सभागार में बुधवार को हुई संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि आईटीआर को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। उन्होंने रिटर्न फाइल करने वाले सभी आयकर अधिवक्ताओं एवं प्रेक्टिशनर्स से इस बारे में अपने क्लाइंट को जागरूक करने की बात भी कही। कहा कि म्यूचुअल फंड से हुए लाभ की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। फंड की स्पेसिफाई सिक्योरिटी की नई श्रेणी बनाई गई है। इसमें 35 फीसदी इक्विटी वाले म्युचुअल फंड लांग टर्म की श्रेणी में नहीं आएंगे। इन्हें जब भी भुनाया जाएगा तो उसमें व्यक्ति को आयकर स्लैब में आने वाली श्रेणी के अनुसार टैक्स देना होगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट अखिल रस्तोगी, सचिव मुकेश मिश्रा, सीए अरविंद सिंह, शरद मिश्रा, मनोज माहेश्वरी, राजन विद्यार्थी, रतन गुप्ता, एडवोकेट आलोक शंखधार, एडवोकेट केपी सिंह, गोविंद सक्सेना आदि उपस्थित रहे।











नगर निगम ने चौपला पुल के नीचे हरियाली के लिए वर्टिकल गार्डन की व्यवस्था की थी, लेकिन अनदेखी के चलते यहां लगे पौधे सूख गए। अब इस स्थान पर एक भी पौधा नहीं बचा है। • शारिक खान

### स्काउट-गाइड से सिखाएंगे अनुशासन और शिष्टाचार

**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में बच्चों को अनुशासन और शिष्टाचार का पाठ पढ़ाने के लिए स्काउट-गाइड विषय शुरू किया जाएगा। कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को नियमित रूप से इस विषय को पढ़ाया जाएगा और गतिविधियां कराई जाएंगी। इस संबंध में बीएसए ने सभी प्रधानाध्यापकों और बीईओ को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। स्काउट-गाइड के जिला संगठन कमिश्नर गौरव पाठक ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।






### विशेष बाल श्रम चिह्नांकन और पुनर्वासन अभियान 30 तक

**बरेली, अमृत विचार :** उपश्रमायुक्त डॉ. दिव्यप्रताप सिंह ने कहा कि 30 जून तक विशेष बाल श्रम चिह्नांकन एवं पुनर्वासन अभियान चलाकर बच्चों से काम कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। वह अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर उप श्रमायुक्त कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाल श्रम को रोकने में विभिन्न विभागों व गैर सरकारी संगठनों के साथ-साथ जनता के भी सहयोग की आवश्यकता है। इसके लिए 1 से 30 जून तक विशेष बाल श्रम चिह्नांकन एवं पुनर्वासन अभियान चलाया जा रहा है।







# समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

Neat & Clean Hygiene
Clinic Activity
Fast Appointment
for Maximum 25 Minute only
Offline, Online
Justdial

PHIMOSIS (फिमोसिस) संक्रमण
पोस्ट हाइटिस, बैलानो हाइटिस मधुमेह के कारण भी हो सकता है।

Foreskin Panis Not Open, No Eract
कभी-कभी यौन सम्बन्ध नहीं बनाते एवं नामर्दी के शिकार हो जाते हैं (नपुंसका)

Phimosis and Paraphimosis Adult ED
शीघ्रपतन से पीड़ित हो सकते हैं।

Adult Circumcision Buried Penis
व्यस्कों जवान युवाओं की स्कीन पूरी खुल नहीं पाती जिसके कारण यौन सम्बन्ध नहीं बना पाते दर्द होता है और हर समय दर्द बना रहता है जिसके कारण वह मानसिक तनाव से ग्रसित रहते हैं।

**नरेन्द्र कुमार-**
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

**पवन कुमार-**
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant

Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरुष
गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :



# भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



# सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए नि:संकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं!
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षो का अनुभवी
आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


# गैर इरादतन हत्या में दो भाइयों समेत छह को छह साल की कैद

## प्रत्येक पर 72 सौ रुपये का जुर्माना भी लगाया

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एक साल की बच्ची की गैर इरादतन हत्या के मामले में थाना सिरौली के गांव ढकपुरा निवासी खुशल्ला उर्फ खुशाली, ननुकी, सीता, संतोष, वेदराम, मुरादाबाद ग्राम हुलासूपुर निवासी नन्हे समेत छह को दोषी पाते हुए स्पेशल जज एससी/एसटी एक्ट कुमारी अफशा ने छह वर्ष सश्रम कारावास और प्रत्येक को 72 सौ रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील स्वतंत्र कुमार पाठक ने बताया कि सिरौली ग्राम ढकपुरा निवासी चन्द्रपाल ने थाना सिरौली में तहरीर देकर बताया कि उसके पड़ोसी खुशल्ला और उसका भाई ननुकी वाल्मीकि, इनके भांजे नन्हे ने उसकी पत्नी के साथ 19 मई 2005 की शाम गाली गलौज की। पत्नी बच्ची की शौच करा रही थी। उनके घर की नाली पूरब को जाती है। आरोपी बोले कि मल उनकी ओर आता है। जब वह घर पहुंचे तो आरोपी गालियां देने लगे और छत उनके घर में ईंट पत्थर फेंकने लगे। आरोपियों ने सीता, वेदराम और संतोष को भी सहयोग के लिए बुलवाया। एक वर्षीया बच्ची कुसुमा घर में जमीन पर सो रही थी। इस दौरान एक पत्थर उसके सिर पर लगा। वह रोने लगी। सुबह सात वह बच्ची अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ बलवा, गैर इरादतन हत्या, अपमानित करने, एसएसी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### चोरी की कोशिश में तीन को पांच वर्ष की सजा

**बरेली,अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने चोरी के प्रयास में आंवला मो. ताड़गंज निवासी नबी हसन, कुरैशियान निवासी सलीम और तसलीम को दोषी पाते हुए पांच वर्ष सश्रम कारावास और प्रत्येक को 5-5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। सरकारी वकील सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि 3 अगस्त 2018 को थाना आंवला पुलिस टीम को गश्त के दौरान अलीगंज अड्डे पर सूचना मिली कि कुछ लोग ताज होटल के पास चोरी करने की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने तीन लोगों को दबोच लिया। इनके कब्जे से छुरी, चाबी का गुच्छा और लोहे की रॉड बरामद हुई थी। शासकीय अधिवक्ता ने चार गवाह पेश किए थे।

## सार-संक्षेप

### बेसमेंट में खड़ी कार में आग लगने से अफरातफरी

**बरेली, अमृत विचार :** आईवीआरआई रोड पर स्थित ट्यूलिप ग्रेस सोसायटी के बेसमेंट में खड़ी कार में अचानक आग लग गई। कार से उठती लपटें देख कर वहां पर अफरातफरी मच गई। लोगों ने आग को बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन लपटें तेज होने से यह उनके लिए मुश्किल हो रहा था। परिणामस्वरूप कार जल कर राख हो गई। आग कैसे लगी, इसका पता नहीं चल सका है।

### क्रेन में पीछे से टकराई बस, तीन लोग घायल

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में विलयधाम पुल के पास खराब बस को ले जा रही क्रेन में पीछे से आ रही आलम बाग डिपो की बस टकरा गई। हादसे में बस चालक और परिचालक घायल हो गए। इज्जतनगर थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि हादसा बुधवार तड़के चार बजे हुआ। पुल के पास क्रेन खाली बस को ले जा रही थी। इसी बीच पीछे आ रही बस के चालक को झपकी आ गई, जिससे बस क्रेन से टकरा कर पलट गई। इस दौरान चालक विकास कुमार निवासी कानपुर व परिचालक श्रीकांत को हल्की चोटें आईं। एक यात्री रुपेंद्र सिंह निवासी खटीमा के दाहिने कंधे पर चोट लगी है। तीनों को पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

### नहाते समय झांकने का विरोध करने पर महिला को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** थाना इज्जतनगर क्षेत्र में एक महिला को पड़ोसी नहाते समय झांकता है। जब महिला ने विरोध किया तो युवक और उसके पिता ने मारपीट की। एडीजी पीसी मीना के आदेश पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला के मुताबिक पड़ोस का रमेश नहाते समय छत पर चढ़ जाता है और झांकते हुए अश्लील हरकतें करता है। वह विरोध करने पर शराब पीकर अभद्रता करता है। कुछ दिन पहले रमेश घर के सामने अश्लील हरकत कर रहा था तो विरोध किया। इस पर रमेश और उसके पिता मूलचंद ने घर में घुसकर लात-घूंसों से पिटाई की। बचाने पहुंची महिला की मां और भाई को भी पीटा। महिला मानसिक तनाव में आ गयी है।

### घर से नकदी-जेवर लेकर युवती प्रेमी के साथ फरार

**बरेली, अमृत विचार :** थाना प्रेमनगर क्षेत्र में घर में रखे जेवर और नकदी लेकर किशोरी प्रेमी के साथ फरार हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है। प्रेमनगर निवासी व्यक्ति का आरोप है कि रविवार देर रात उनकी बेटी पांच तोले के जेवर और 25 हजार की नकदी लेकर पड़ोस की कॉलोनी निवासी युवक के साथ फरार हो गई।

### महिला से चेन स्नेचिंग करने वाला गिरफ्तार



**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र के रामवाटिका निवासी व्यापारी सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता की पत्नी आशा गुप्ता के गले से उचक्का रविवार को दो तोला सोने की चेन खींचकर ले गया था। पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार दबिश दे रही थी। बुधवार को जानकारी हुई कि आरोपी थाना क्षेत्र में लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहा है। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अमित पांडेय ने बताया कि आरोपी को अरेस्ट करने के बाद उससे पूछताछ की जा रही है।

### गाजा के युद्ध पीड़ितों के लिए भेजी मदद



**बरेली, अमृत विचार :** गाजा में युद्ध पीड़ितों को मदद भेजने का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में बरेली से आईएमसी युवा शहर अध्यक्ष अल्तमश रजा खान ने युद्ध पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी है। इससे पहले भी अल्तमश रजा खान युद्ध पीड़ितों को भेजे जाने वाली मदद में बढ़-चढ़ कर सहयोग करते रहे हैं।

### कार्यशाला में बेहतर भविष्य बनाने के दिए टिप्स



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल की कार्मिक शाखा ने रेलकर्मियों के बच्चों के लिए कॅरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया। जंक्शन के द्वितीय प्रवेश द्वार के सामने स्थित रेलवे हायर सेकंड्री स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में फ्रॉस्ट लाइन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के काउंसलर्स और मुरादाबाद रेल मंडल के कार्मिक विभाग के अधिकारियों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। फ्रॉस्ट लाइन के चीफ डिलीवर ऑफिसर दिनेश शर्मा ने एजुकेशन पूरी करने के बाद भविष्य को बेहतर बनाने के टिप्स दिये। 100 से ज्यादा छात्रों ने कार्यशाला में हिस्सा लिया। ग्रुप डिस्कशन भी किया गया। छात्रों को अलग-अलग समूहों में बांटकर उनकी रुचि से जुड़े विषयों और क्षेत्रों की जानकारी दी गई। सहायक कार्मिक अधिकारी अनिल कुमार, मुख्य हित निरीक्षक जेपी सिंह, पीसी मीना, अवनीश सिन्हा, आनन्द सोनकर आदि रहे।

### दबंग ने घर में घुसकर लहराया तमंचा

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** टिटौली निवासी मित्रपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे रंजिशन गांव का एक युवक उनके घर में जान से मारने की नीयत से शराब के नशे में धुत होकर तमंचा लेकर घुस गया। युवक ने तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी।

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# सड़क पर मिट्टी गिरने से बढ़ी फिसलन

## ईंट भट्ठों पर जाती है मिट्टी, पानी का छिड़काव भी होता है कम, सड़क पर जम गई है धूल की परत

संवाददाता, बिथरी चैनपुर


सड़क पर फैली मिट्टी में पानी डाले जाने के बाद हुई फिसलन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भट्ठों की ईंटों के निर्माण के लिए ट्रॉलियों से ले जाई जा रही मिट्टी से सड़के पट गई हैं। हवा चलने पर धूल उड़ रही है। वहीं भट्ठों की ओर से पानी का छिड़काव करवाने पर फिसलन हो रही है। इसकी वजह से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इसकी शिकायत मानवाधिकार आयोग से कर कार्रवाई की मांग की गई है।

आलमपुर निवासी आरिफ शेख ने मानवाधिकार आयोग में की शिकायत में बताया क्षेत्र के किशनपुर चौराहे से आलमपुर को जाने वाले रोड पर उड़ला जागीर स्थित मां भट्टा और बाबा भट्टा पर ईंट बनाने के लिए ट्रैक्टर ट्रॉलियों से मिट्टी आती है।

ट्रॉलियों में मिट्टी ओवर लोड होने की वजह से सड़कों पर गिरती जाती है। ऐसे में सड़क पर मिट्टी इकट्ठी हो गई है। पानी का छिड़काव होने पर सड़क पर फिसलन हो रही है, वहीं छिड़काव न होने पर तेज हवा में वह मिट्टी धूल बनकर उड़ती है। ऐसे में उस सड़क से ग्रामीणों का निकलना मुश्किल है।

सड़कों पर मिट्टी होने से धूल उड़ती है। चलना मुश्किल है। हम लोगों की सुनने वाला कोई नहीं है। सड़क साफ होनी चाहिए।– **अजयपाल**, ग्रामीण।

रोड मिट्टी से पटी पड़ी है, भट्टे वाले कभी–कभी पानी का छिड़काव करवाते हैं। उससे और फिसलन हो जाती है जिससे मोटरसाइकिल सवार गिरकर घायल हो रहे हैं।– **नन्हे लाल**, ग्रामीण

ईंट भट्ठा चलाने वाले अपनी मन मर्जी कर रहे हैं। दिक्कतें ग्रामीण झेल रहे हैं। धूल की वजह से रोड पर चलना मुश्किल है। कार्रवाई होनी चाहिए। – **तौकीर**, ग्रामीण।

रोड पर धूल उड़ने से लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। लेकिन अफसर कोई कार्रवाई नही कर रहे हैं, कार्रवाई होनी चाहिए।– **फुरकत**, ग्रामीण

हमारे भट्ठे पर छह माह से मिट्टी नहीं मंगवाई गई है। किसने शिकायत की है, क्यों की है, पता नहीं।
– **निर्मल खतवानी**, बाबा भट्ठा

अवैध खनन की जांच करवाई जाएगी ईंट भट्ठों पर अगर ट्राली में ओवर लोड मिट्टी मंगवाई जा रही है, तो यह भी अवैध है इसकी जांच करवाकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
– **भानु प्रताप**, तहसीलदार, सदर

# बिना नक्शा पास कराए भवनों में चल रहीं कामर्शियल गतिविधियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बीडीए ने नक्शा चेक करने को बनाई टीमें, चलेगा अभियान**
- **मास्टर प्लान लागू होने के बाद कई जगह भू उपयोग बदला**

**अमृत विचार :** मास्टर प्लान लागू होने के बाद कई जगह भू उपयोग बदला गया है। 18 मीटर या उससे अधिक चौड़ी सड़क पर खड़े भवनों का नक्शा पास कराए बगैर ही कामर्शियल गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। बीडीए ने इसकी जांच को टीमें गठित कर दी हैं, जल्द इसको लेकर अभियान चलाया जाएगा। अगर बिना नक्शे का कोई भवन मिला तो कार्रवाई की जाएगी।

मास्टर प्लान में 18 मीटर चौड़ी सड़क के किनारे आवासीय जमीन पर दो मंजिल तक कामर्शियल उपयोग की छूट दी गई है। शहर में रामपुर बाग, एकता नगर, सिविल लाइंस क्षेत्र में 18 मीटर चौड़ी सड़कें हैं। प्राधिकरण के क्षेत्र वाली की इन जगहों पर बैगर नक्शा पास कराए कामर्शियल गतिविधियां चल रही हैं, जो अब बदले भू उपयोग के बाद अवैध हैं।

रामपुर बाग में विकास भवन की तरफ वाली रोड कामर्शियल उपयोग हो सकती है, लेकिन उसके सामने वाला हिस्सा आवासीय पास है। यहां कामर्शियल उपयोग पूरी तरह अवैध है। प्रभा सिनेमा के सामने की रोड रामपुर बाग में आवासीय पास है। एकता नगर सड़क भी 18 मीटर चौड़ी है। यहां भी कई आवासों पर कामर्शियल उपयोग किया जा रहा है। यहां आवासीय क्षेत्र में शापिंग मॉल , चाट बाजार, चाय-कॉफी की हाई क्लास दुकानें, नर्सिंग होम, रेस्टोरेंट भी खुल गए हैं।

**जल्द नक्शा पास करा लें**

बीडीए वीसी मानिकनंदन ए ने बताया कि बरेली– शाहजहांपुर रोड, पीलीभीत बाईपास मार्ग, स्टेडियम रोड, रामपुर रोड, बदायूं रोड, मिनी बाईपास रोड आदि पर निर्मित विभिन्न शोरूम, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, वाहन शोरूम, होटल, बरात घर संचालकों को महायोजना–2031 के अनुरूप अपने–अपने निर्माण का मानचित्र स्वीकृत और शमन कराना होगा। अन्यथा नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम–1973 की धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# शारीरिक शोषण कर निकाह से मुकरने पर रिपोर्ट

**देवरनियां, अमृत विचार :** शादी से पहले युवती से शारीरिक संबंध बनाकर फिर दहेज की अतिरिक्त मांग कर बरात लाने से इन्कार करने वाले पर पुलिस ने बढ़ रहे दबाव के बाद बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासीयुवक ने बताया कि बहेड़ी के एक गांव निवासी युवक से उसने बेटी का रिश्ता तय किया था। रिश्ते के बाद होने वाले दामाद ने बेटी को घुमाने के लिए ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए। अब शादी से पहले कार और सात लाख रुपये की मांग करने लगा न देने रिश्ता तोड़ दिया। वहीं मंगलवार को पुलिस ने तीन घंटे पीड़ित और उसके पिता को थाने में बैठाए रहीं। खबर प्रकाशित होने के बाद दबाव पड़ने के बाद पुलिस ने बुधवार को आरोपी रेहान, नसरीन,शकील अहमद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा।

# अस्पताल में मरीज की मौत पर किया हंगामा

संवाददाता,बहेड़ी

- **परिजनों का आरोप- इंजेक्शन लगाते ही बिगड़ी तबीयत**

**अमृत विचार :** शेरगढ़ चौराहे के निकट हाईवे स्थित एक निजी अस्पताल में दो दिन से भर्ती पथरी और पीलिया से पीड़ित मरीज की मौत हो गई। जानकारी होने पर मरीज के रिश्तेदार और अन्य लोगों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया।

इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। शीशगढ थाना अंतर्गत गांव रूस्तम नगर ऊंचा गांव निवासी होरी लाल पित्ताशय में पथरी और पीलिया से पीड़ित थे। 10 जून को उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान बुधवार को उनकी सांसें थम गईं। परिजनों का आरोप है कि बुधवार सुबह तक उनकी तबियत ठीक थी, वे टहले भी थे। दोपहर बाद जब इंजेक्शन लगाया गया तभी उनकी हालत एकदम बिगड़ गई। उल्टी हुई और इसके बाद ही मौत हो गई। इस मामले में अस्पताल संचालक डॉ. राहुल गंगवार ने बताया कि, परिजन जिस इंजेक्शन की बात कह रहे हैं, उसे पहले दिन से ही लगाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि, दरअसल मरीज हेपेटाइटिस सी बीमारी की भयंकर चपेट में था। अपनी ओर से बचाने की पूरी कोशिश की गई पर कामयाबी नहीं मिली। डॉक्टर ने इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही से इन्कार किया। पुलिस ने परिजनों और अस्पताल प्रशासन का पक्ष जानने के बाद शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया।

### मोटर चोर किशोर सीसीटीवी कैमरे में कैद, पकड़ा गया

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे के प्रमुख व्यवसाई प्रशान्त गुप्ता लालू के आवास के बाहर लगी पंप की मोटर मंगलवार रात चोरी हो गई। जब व्यापारी ने सुबह सीसीटीवी कैमरा देखा तो मोटर चुराता बस्ती का ही किशोर पहचान में आ गया। शिकायत पर पुलिस ने किशोर को हिरासत में लेकर मोटर बरामद कर व्यापारी को सौंप दिया।

# जल निगम से सात एमएलडी शोधित पानी लेगा रेलवे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पाइप लाइन और संपवेल बनाने में भी खर्च होगी धनराशि**

**अमृत विचार :** पानी बचाने के लिए रेलवे ने पहल की है। उसने जलनिगम से एसटीपी के शोधित पानी को लेने की इच्छा जताई है। इस पर जल निगम ने रेल कोचों की सफाई के लिए सात एमएलडी पानी देने की योजना बनाई है। सात एमएलडी पानी के लिए 11 करोड़ 55 लाख की डीपीआर तैयार कर उत्तर रेलवे के अफसरों को भेजी गई है। वहां से मंजूरी मिलते ही जल निगम प्रोजेक्ट पर काम करेगा।

नमामि गंगे योजना के तहत एसटीपी का निर्माण हुआ है। सरायतल्फी में बने 35 एमएलडी के एसटीपी से शहर के सभी नालों को जोड़ दिया गया है, जिसके बाद प्लांट पूरी क्षमता से संचालित हो रहा है। नालों के पानी को शोधित किया जा रहा है। इस साफ पानी को आसपास के किसानों को देने के साथ ही इसका रीयूज करने की भी योजना है।

एसटीपी के संचालन का खर्च रीयूज्ड पानी को बेचने से निकलेगा। इस आशय के लिए रेलवे को यह पानी बेचा जा रहा है। सात एमएलडी पानी से होने वाली कमाई का ब्योरा नगर निगम तैयार करेगा। पानी के दाम तय करने में निगम और रेलवे में बातचीत होगी। जो रेट तय होगा, उस पर रेलवे पानी ले सकेगा। जल निगम ने इस प्रक्रिया का पहला चरण पार कर लिया है। रेलवे को पानी देने के लिए जल निगम 3.65 किलोमीटर पाइप डालेगा। स्टेशन पर एक 100 किलोलीटर क्षमता का संप बनेगा। जंक्शन पर 600 केएल और 200 केएल के दो संप बनाए जाएंगे। इसके लिए रेलवे ने जगह उपलब्ध कराई है। एक ओवरहेड टैंक भी बनाया जाएगा।

डीपीआर को मुरादाबाद उत्तर रेलवे के अफसरों को भेज दिया गया है। अभी हम 20 फीसदी पानी ही रीयूज कर सकते हैं। शेष शोधित पानी को रामगंगा में दे रहे हैं। कुछ पानी आसपास के किसानों को भी दिया जा रहा है। प्रोजेक्ट पर रेलवे की मंजूरी मिली तो जल निगम इस पर काम करेगा और एक साल में काम पूरा कर देगा।
–**केके कटियार**, अधिशासी अभियंता जल निगम

## सार-संक्षेप

### शिविर के समापन पर पदक और प्रमाण पत्र बांटे



**बहेड़ी, अमृत विचार :** अभाविप की ओर से गांव भिलैय्या में सात दिनों से चल रहे रानी लक्ष्मीबाई छात्रा व्यक्तित्व विकास शिविर का बुधवार को समापन हो गया। बतौर मुख्य एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा जहां महिलाओं की भागीदारी न हो। एसडीएम ने अभाविप कार्यकर्ताओं से इस तरह के आयोजन कराते रहने की अपील की। मुख्य वक्ता के रूप में अभाविप की प्रदेश सह मंत्री अवनि यादव ने छात्राओं को संगठन की ओर से चलाए जाने वाले मिशन साहसी की जानकारी देते हुए शिविर का हिस्सा बनने पर मैडल व प्रशस्ति पत्र सम्मानित किया। सात दिनी शिविर में छात्राओं को नृत्य, भाषणबाजी, कला, मेहंदी, सिलाई व जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में संगठन के जिला विस्तारक प्रदीप चौधरी, शिक्षक अर्चना सिंह, प्रद्युम्न गंगवार, गंगाराम मौर्य व रजनीश का सहयोग रहा।

### माहेश्वरी सभा 15 को मनाएगी माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस

**आंवला, अमृत विचार :** माहेश्वरी सभा की ओर से 15 जून को माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस मनाया जाएगा। जिसमें कवि सम्मेलन और बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। माहेश्वरी सभा आंवला अध्यक्ष योगेश माहेश्वरी ने बताया कि 15 जून महेश नवमी के अवसर पर शाम 6:30 बजे आंवला नगर के रामनगर रोड पर एक होटल में माहेश्वरी समाज का मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किए जाएंगे। उसके बाद कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें प्रख्यात मंच संचालक रोहित राकेश, गीतकार कमल सक्सेना, उन्नति शर्मा, रुचि गुप्ता जैन आदि शामिल होंगे। इस मौके पर संगठन महामंत्री प्रवीन माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष योगेंद्र माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

### देव स्थान पर लगे पीपल का पेड़ कटवाने से आक्रोश



**भुता, अमृत विचार :** भुता–फरीदपुर संपर्क मार्ग पर एक देवस्थल पर लगे पीपल के पेड़ को ठेकेदार ने कटवा दिए है, जिसे लेकर योगी सरोज नाथ और ग्रामीणों ने आस्था को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर करवाई की मांग की है। धार्मिक स्थल पर लगे पीपल के पेड़ कटने की सूचना पर खजुरिया मढ़ी पर रह रहे बाबा योगी सरोज नाथ ग्रामीणों को साथ लेकर थाने पहुंचकर नाराजगी जताई। ठेकेदार के खिलाफ हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने व पर्यावरण से खिलवाड़ करने को लेकर एक तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है थाना अध्यक्ष सतीश कुमार का कहना है कि मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### इफको में आर्ट ऑफ लिविंग की कार्यशाला शुरू



**आंवला, अमृत विचार :** इफको पॉल पोथन नगर में आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू हई। जिसका उदघाटन इफको के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक राकेश पुरी ने किया। कार्यशाला में आर्ट ऑफ लिविंग की सीनियर (एओएल) फैकल्टी , सविता भूटानी ध्यान और श्वास की एकाग्रता का महत्व समझाकर लोगों को मेडिटेशन के जरिए जोड़ने का प्रयास करेंगी। राकेश पुरी ने कहा ध्यान मन की एकाग्रता की एक महत्वपूर्ण अवस्था है, जो इस पर नियंत्रण कर लेता है, वह मानसिक और शारीरिक तौर पर खुद को ऊर्जावान समझता है। इस अवसर पर इफको के तमाम अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

### सड़क पर बैठकर शराब पीने वालों पर हो कार्रवाई

**फरीदपुर, अमृत विचार :** खुलेआम शराब पीने के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर हितेश तोमर ने एडीजी जोन बरेली और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को फोटो और वीडियो एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आपके पास एक आरक्षी भी नहीं है जिससे फरीदपुर बुखारा मार्ग फाटक पार दुर्दशा और खुराफातियों को झेल रही है जिससे आए दिन बवाल होते है। बरेली पुलिस ने फरीदपुर प्रभारी निरीक्षक को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### भंडारों में श्रद्धालुओं ने लिए प्रसाद

**नवाबगंज, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह में पुण्यलाभ अर्जित करने के लिए भंडारों का आयोजन हो रहा है। बरौर के जाफरपुर मजरा स्थित ब्रहमदेव के साथ ही खंजनपुर और याकूबपुर ब्रहमदेव स्थल पर आयोजित हुए। भंडारों में विधायक डॉ. एमपी आर्य, प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. एके गंगवार, प्रधान पति खेमकरन लाल, रिंकू अवस्थी, नीतिश उपाध्याय, धर्मपाल बीडीसी, सुनील कुमार साध, अखिलेश खंजनपुर , भीमसेन, ओमपाल, गुड्डू जेसीबी, इंद्रजीत , कुंवर सेन, पूर्व प्रधान संतोष बाबू व भोलेनाथ समेत अन्य मौजूद रहे।

### युवक की डूबकर मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामगंगा नदी पार करते समय एक युवक की डूबकर मौत हो गई। दो घंटे बाद गांव वालों ने नदी में तलाश करके उसका शव बाहर निकाला। वह नदी पार करके खरबूजे तथा तरबूज लेने जा रहा था।परौर थाना क्षेत्र के गांव मईखुर्द निवासी कप्तान(31) अपने पुत्र शिव(12) के साथ मंगवार की दोपहर तीन बजे रामगंगा नदी के पार खेत में तरबूज तथा खरबूजा लेने के लिए गया था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### 656 क्विंटल गेहूं कम मिलने के मामले में हो सकती है कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** यूपीएसएस के खरीद केंद्र नौगवां भगवंतापुर भदपुरा में एडीसीओ को निरीक्षण के दौरान स्टॉक में 656 .45 क्विंटल गेहूं कम मिला। एडीसीओ ने अपनी रिपोर्ट एआर कोऑपरेटिव को सौंपी तो उन्होंने यूपीएसएस के जिला प्रबंधक ओमेंद्र कुमार को नोटिस जारी कर दिया है। इसके साथ ही मामले की जांच कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई कर रिपोर्ट देने को कहा है। दरअसल साधन सहकारी समिति नौगवां भगवंतापुर भदपुरा में यूपीएसएस को क्रय केंद्र दिया गया था। वहां 1,528 .25 क्विंटल गेहूं की खरीद की हुई। उसमें से मंगलवार तक 1,029 क्विंटल गेहूं ई–क्रय प्रणाली पर बकाया दिखा रहा था। बताया गया कि 250 क्विंटल गेहूं एफसीआई पहुंचा दिया गया। एआर कोऑपरेटिव ने पूरे मामले की जांच कराई और यूपीएसएस के जिला प्रबंधक को स्टॉक का निरीक्षण कर रिपोर्ट शाम तक देने को कहा, मगर उन्होंने बुधवार को रिपोर्ट सौंपी। इसके अलावा अपर जिला सहकारी अधिकारी (एडीसीओ) नवाबगंज सुधाकर राय से भी बुधवार को गेहूं क्रय केंद्र के स्टॉक का सत्यापन कराया गया। निरीक्षण करने के लिए गए एडीसीओ को गोदाम में 122 .25 क्विंटल मिला, जबकि 779 क्विंटल गेहूं होना चाहिए था। इसके बाद एआर कोऑपरेटिव ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# निष्पक्ष होगी चकबंदी प्रक्रिया : एसडीएम


गांव माधौपुर में दोनों पक्षों से वार्ता करते एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय। ● अमृत विचार

- **शिकायत पर एसडीएम ने दोनों पक्षों को बुलाकर सुनीं समस्याएं**

**बहेड़ी,अमृत विचार:** गांव माधौपुर में चल रही चकबंदी प्रक्रिया को लेकर प्रधान और कुछ ग्रामीणों ने एक दूसरे पर काम में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से शिकायत की थी।

बुधवार को एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय ने वार्ता के लिए दोनों पक्षों को थाने बुलाया और पूरी जानकारी लेकर निष्पक्ष रूप से चकबंदी कराने का भरोसा दिया। माधौपुर गांव के प्रधान ने गांव के ही गुरसेवक सिंह, अंग्रेज सिंह व खुशवंत सिंह आदि लोगों पर चकबंदी कार्य में व्यवधान पैदा करने की प्रशासन से शिकायत की तो उन लोगों की ओर से भी 21 मई को मुख्यमंत्री को संबोधित एक पत्र डीएम रविंद्र कुमार और चकबंदी आयुक्त को दिया गया जिसमें लोगों की समस्या सुनने गांव पहुंचे चकबंदी अधिकारी के सामने ही अराजकता का माहौल बनाकर प्रधान पर कुछ किसानों के फर्जी दस्तखत कर चकबंदी प्रक्रिया को बाधित करने का आरोप लगाया। एसडीएम ने दोनों पक्षों से भूमि से संबंधित कागजात भी दिखाने की बात कहते हुए सभी को निष्पक्ष रूप से चकबंदी का कार्य पूरा होने का आश्वासन दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पाँचों पुत्र हरि किशोर, दिनेश, सोनू, सुनील, लखन को इनके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण इनसे तंग आकर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा कोई वास्ता न होगा। **हीरा लाल मौर्य पुत्र श्री नन्हे लाल, गली शिक्लापुर, कटरा चाँद खाँ, नवादा शेखान, बरेली**

सूचना
मैंने अपने पुत्र अलसमीर को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण इससे तंग आकर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन को स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा कोई वास्ता न होगा। **दिलशाद मियां पुत्र स्व. श्री मो. नवी, निवासी- मो. शेखूपुरा, मीरगंज, जिला बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### विवाहिता से की मारपीट

**देवरनियां, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने मारपीट करने के मामले में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव गिरधरपुर निवासी फहीम की पत्नी शबनम का आरोप है कि उसके पति की गैर मौजूदगी में उसके ससुराली फरीद और कफील ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पहले भी आरोपी उसके साथ ऐसा कर चुके हैं। मेडिकल के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को किया बरामद

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज के एक बस्ती का पूरा परिवार जियोटैग स्कीम के तहत कोटेदार के यहां मशीन पर अंगूठा लगाने गया था। घर पर किशोरी अकेले थी। बीच सितारगंज का उसका प्रेमी उसे बहकाकर अपने साथ ले गया। जब परिवार लौटा तो किशोरी को गायब देख सकते में आ गया। सूचना पर पुलिस ने आज दूसरे दिन सितारगंज से किशोरी को तो बरामद कर लाया, लेकिन उसका प्रेमी हत्थे नहीं चढ़ सका।

# भाजपा को वोट देने पर दिव्यांग के बेटे के सिर पर चलाया उस्तरा

## बच्चे की मां की तहरीर पर नाई और दो अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** भाजपा को वोट देने पर एक नाई ने मानसिक मंदित बालक के सिर पर छह सड़का जैसा बना दिया। शिकायत करने पर बालक के माता-पिता से अभद्रता की। बालक की मां की तहरीर पर पुलिस ने नाई और दो अज्ञात के खिलाफ एससीएसटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की। नाई को हिरासत में लेकर जांच शुरू की है।

बिल्सी के मोहल्ला आठ निवासी मुन्नी पत्नी रमेश ने पुलिस को तहरीर दी कि लोकसभा चुनाव में उनके परिवार ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट दिया था। जिसकी वजह से मोहल्ले में रहने वाला नाई सालिम और अन्य लोग उनसे रंजिश मानने लगे थे। मंगलवार रात उनका 12 साल का मानसिक मंदित बेटा सत्यम गली में खेल रहा था। सालिम और अन्य लोग सत्यम को पकड़कर दुकान पर ले गए। सालिम ने उस्तरा से उसके सिर पर उस्तरा चलाकर छह सड़का और चौराहा बना दिया। अन्य बच्चों ने घर आकर बताया। सत्यम की मां मुन्नी दुकान पर पहुंचीं।

> बालक को गंजा कराने के लिए परिजन दुकान पर छोड़कर गए थे। वह अधूरे बाल काटने पर ही दुकान से चला गया था। प्रथम दृष्टया यही मामला सामने आया है। रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। – **कमलेश मिश्रा**, प्रभारी निरीक्षक, बिल्सी

विरोध करने पर सालिम ने अभद्रता की। पिता दुकान पर पहुंचे तो उनसे भी विवाद किया।

पुलिस ने सालिम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि सत्यम की मां उसे गंजा कराने के लिए दुकान पर छोड़कर गई थीं। सिर पर उस्तरा चला रहे थे तभी बच्चा अचानक भाग गया। किसी ने उसके परिवार को उकसाया है। जिसके चलते वह आरोप लगा रहे हैं।

## मारपीट के मामले में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**मीरगंज, अमृत विचार :** मारपीट के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया। मीरगंज निवासी सुषमा ने बताया कि चार लोगों ने पापुलर के पेड़ों को लेकर उसके पति मोहन लाल उर्फ मिहीलाल को 3 फरवरी 2024 को घर में घुसकर लाठी डंडों से पीट रहे थे, जब वह बचाने गई तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट के दौरान उसके पति को लगी पेशाब की नली भी खींचकर निकाल दी, उनका 15 दिन पहले आपरेशन हुआ था। 4 फरवरी को वह थाने गई तहरीर दी, लेकिन मीरगंज पुलिस ने उसकी रिपोर्ट नही लिखी। इसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने यादराम, श्रीपाल, छोटे हरदेई निवासी ग्राम गुलड़िया के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# टूरिस्ट बस ने बाइक को मारी टक्कर, युवक गम्भीर घायल

**संवाददाता, नवाबगंज**



**अमृत विचार :** पीलीभीत से जयपुर को जाने वाली डग्गामार टूरिस्ट बस ने पेट्रोल डलवाने जा रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गम्भीर घायल हो गया, बाइक बस में फंस गई और दुर्घटना के बाद भागने के प्रयास में चालक बस में फंसी बाइक को दूर तक घसीटता हुआ ले गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लेकर बस को थाने में खड़ा लिया।

ग्राम ज्योरा मकरन्दपुर निवासी अरजिन्दर सिंह बुधवार दोपहर में बाइक में पेट्रोल डलवाने जा रहा था। जैसे ही वह पेट्रोल पंप की ओर मुड़ा बरेली की ओर से तेजगति से आ ही टूरिस्ट बस ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक बस में फंसने के बावजूद भी चालक बस को भगाकर ले जाने लगा जिसे गांव गरगइया के लोगों ने रुकवा कर चालक को पकड़ लिया। वहीं राहगीरों ने घायल को एंबुलेंस से इलाज के लिए हेतु सीएचसी भिजवाया, जहां हालत गम्भीर होने पर परिजन उसे लेकर बरेली के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। अरजिन्दर के दोनों पैर टूटने के साथ ही पूरा शरीर ही चोटिल हो गया है। ग्रामीणों ने बस और चालक को पुलिस को सौंप दिया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार जूनियर इंजीनियर की मौत

**सहसवान, अमृत विचार :** तेज रफ्तार ट्रक ने बदायूं-मेरठ राजमार्ग पर बाइक सवार जूनियर इंजीनियर को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रक लेकर भाग गया।

कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव मालपुर ततेरा निवासी ओमवीर (28) पुत्र तोताराम राष्ट्रीय जल जीवन मिशन कार्यक्रम में जूनियर इंजीनियर थे। मंगलवार देर शाम वह काम निपटाकर बाइक से गांव जा रहे थे। बदायूं-मेरठ राजमार्ग के गांव मिचोना की मढ़ैया के पास पहुंचे। बदायूं की ओर से तेज रफ्तार से आए ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में ओमवीर की बाइक तकरीबन 30 मीटर तक घिसटती गई। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रक लेकर भाग गया।

### दहेज हत्या के मामले में सास को भेजा जेल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे के गांव पिपरा निगाही में 16 मई को पति, सास, जेठानी ने एक विवाहिता की हत्याकर शव को फंदे पर लटका दिया था। मामले में पुलिस ने पति को घटना के चौथे दिन जेल भेज दिया था। बुधवार को पुलिस ने सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बरेली के करमपुर चौधरी के बदन पाल ने बेटी प्रियंका का विवाह नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव पिपरा निगाही के सूरज पाल से एक वर्ष पहले किया था। 16 मई 2024 को प्रियंका का शव फंदे पर झूलता मिला। सूचना पर पहुंचे पिता बदन पाल ने बेटी की हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने 20 मई को पति सूरज पाल को जेल भेजने के साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार को थाना पुलिस ने सास सावित्री उर्फ सविता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# धोखाधड़ी कर जनसेवा संचालक ने हड़पे पौने छह लाख रुपये

**संवाददाता, देवरनियां**

- कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** बड़ौदा ग्रामीण बैंक की दमखोदा शाखा से जुड़े एक जनसेवा केंद्र संचालक ने धोखाधड़ी कर खाताधारकों के पौने छह लाख रुपये हड़प लिए। बुधवार को पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बड़ौदा ग्रामीण बैंक की दमखोदा शाखा प्रबंधक पिंटू कुमार का आरोप है कि शाखा का जनसेवा केंद्र गांव बकैनिया स्वाले में गांव बहादुरगंज निवासी बैंक मित्र मंता देवी चला रही है। शाखा के आंतरिक जांच में जनसेवा केंद्र संचालक द्वारा 5,78,500 रुपये का गबन करना पाया गया। आरोपी खाताधारकों के जमा की जाने वाली रकम को जमा न करके अपने पास रख लेता था। ऐसा उसने 32 खाताधारकों के साथ किया। शाखा प्रबन्धक ने इस मामले मे देवरनियां कोतवाली में तहरीर दी, मगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो शाखा प्रबंधक ने जेएम बहेड़ी के न्यायालय में गुहार लगाई। न्यायालय के आदेश पर देवरनियां पुलिस ने आरोपी जनसेवा केंद्र संचालक मंता देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25

KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE

Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

# आतंकी हमले के विरोध में दिया ज्ञापन

**संवाददाता, बहेड़ी**

**अमृत विचार :** जम्मू कश्मीर में हिन्दू तीर्थयात्रियों की बस पर नौ जून को पाक पोषित आतंकवादियों के किए गए कायराना हमले के विरोध में हिंदुवादी संगठनों की ओर से राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार मंजरी सिंह को सौंपा गया। इस कायराना हरकत की निंदा करते हुए आतंकी घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए कठोर कदम उठाए जाने के साथ ही आतंकियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की मांग की गई।

ज्ञापन सौंपने बाद तहसील गेट पर आतंकवाद का पुतला दहन भी किया गया। इस अवसर पर नेत्रपाल, बाबूराम, अविनाश मिश्रा, महावीर सिंह, नंद किशोर सूरज वर्मा व हीरालाल तोमर सहित दर्जनों अन्य मौजूद रहे।

### आतंकियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**मीरगंज, अमृत विचार :** जम्मू कश्मीर में श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले में दस श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। जिसके विरोध में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी देश दीपक सिंह को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हिंदू श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले का विरोध जताते हुए आतंकियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देन वालों में रवि गंगवार, श्रीकांत गंगवार, सुमित गंगवार, कैलाश गंगवार, रोहित, दीपक यदुवंशी, अंकित गंगवार, अमित कुर्मी, सुभम, रवि आदि मौजूद रहे।

### फरीदपुर में आतंकवाद का जलाया पुतला

**फरीदपुर, अमृत विचार :** विहिप ने एसडीएम निधि डोडवाल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में श्रद्धालुओं पर हुए हमले की निंदा की गई। बजरंग दल आतंकवादियों पर सख्त कदम उठाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में अमित मिश्रा सनोज राजपूत सोमपाल राठौर नीरज शर्मा निखिल वर्मा नौबत सिंह शिवम संदीप कश्यप कपिल शर्मा फनी राजपूत कल मदनलाल शर्मा गौरव पांडे विशाल शर्मा चंद्र प्रकाश पांडे सहित अन्य रहे।

### राष्ट्रपति के नाम सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**आंवला, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद की ओर से जम्मू में श्रद्धालुओं की बस पर आतंकी हमले का विरोध कर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम आंवला नहने राम को सौंपा है। इस दौरान आशीष हिंदू, दुर्गेश सक्सेना, यश, मनोज प्रजापति, अमर शर्मा, शिवम सक्सेना, विजय, सचिन गुप्ता, योगेश शर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव, गोपाल सिंह, रामवीर प्रजापति, बच्चन सिंह, सुनील कुमार, मयंक गुप्ता, नितिन महाजन आदि मौजूद रहे।

# देवीपुरा गोशाला का हटेगा पूरा स्टाफ

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- कई गोवंश की मौत और जिम्मेदारों ने फजीहत से बचने को स्टाफ पर फोड़ा ठीकरा

**अमृत विचार:** देवीपुरा गोशाला में गोवंशीय पशुओं की बदहाली दूर करने के नाम पर एक बार फिर शिकायत के बाद शुरू हुआ शोर शांत कराने को साहब ने गोशाला के स्टाफ पर लापरवाही का ठीकरा फोड़ दिया है। जिम्मेदारों की ओर से देखरेख में बरती गई लापरवाही पर सिर्फ नोटिस जारी कर उनसे जवाब तलब किया जाएगा।

जबकि अभी ढाई महीने पहले ही तीन गोवंशीय पशुओं की मौत के बाद केयरटेकर को हटाकर नये की तैनाती कराई गई थी। उस वक्त भी ये दावे किए गए थे कि अब पशुओं की देखरेख में कमी न आए..प्रतिदिन इसकी देखरेख कराते हुए इंतजाम दुरुस्त कराए जाएंगे। फिलहाल कोई स्थायी समाधान जिम्मेदार अभी भी नहीं तलाश सके हैं। इतना जरूर है लगातार गायों की मौत पर फजीहत से बचने को गोशाला के पूरे स्टाफ को हटाकर उसकी जगह दूसरा स्टाफ तैनात करने के निर्देश पर बीडीओ मरौरी को दिए गए हैं। मरौरी ब्लाक के अंतर्गत आने वाली देवीपुरा गोशाला इन दिनों सुर्खियों में है। तीन दिन पूर्व हिंदू महासभा कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि देवीपुरा गोशाला में रात को गोवंशों को बेचा जा रहा है। पशुओं की संख्या कम होने के बाद अभिलेखों में संख्या बढ़ाकर दर्शाई जा रही है। मृत गोवंशों का सही से न दफनाने की भी शिकायत की गई थी। महासभा कार्यकर्ताओं ने इसकी शिकायत डीएम एवं सीडीओ से की थी।

## किसान की हत्या में दो आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** जमीन के पुराने विवाद में किसान की पीटकर हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया।

दातागंज क्षेत्र के गांव दियोरी निवासी हरिराम उर्फ हरी सिंह पुत्र शिवचरन का गांव के कुछ लोगों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि वे वह लोग गांव के प्रधान से मिलकर हरिराम की जमीन को ग्राम समाज की बताकर कब्जा करना चाह रहे थे। मामला कोर्ट में भी पहुंच गया था। मंगलवार सुबह हरिराम खेत से चारा काटकर अपने घर आ रहे थे। रास्ते में दूसरे पक्ष ने रोक लिया और मारपीटकर खींचते हुए अपने घर तक ले गए। जहां पीटकर बेसुध कर दिया और उसके पास में तमंचा डाल दिया। बचाने पहुंची हरिराम की बेटी मीरा और भतीजे को अवनीश को भी पीटा। जिला अस्पताल में हरिराम को मृत घोषित कर दिया।

## संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। उसका शव अपने ही मकान में मिला। उस वक्त वह घर पर अकेली थी। पड़ोसियों से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर भीतर घुसी। परिवार वाले भी आ गए। जिसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के चलते कॉलोनी में हड़कंप मचा रहा।

घटना आवास विकास कॉलोनी की है। यहां के रहने वाले धीरज आनंद मंगलवार को लखनऊ गए थे। उनकी 30 वर्षीय पत्नी दीपिका घर पर अकेली थी। काफी देर बाद भी जब दीपिका दिखाई नहीं दी और मकान बंद रहा।

# नौकरी गई तो अस्पताल संचालक से मांगी रंगदारी

**संवाददाता, बीसलपुर**

**अमृत विचार:** चोरी करते पकड़े जाने के बाद निकाले गए कर्मचारी ने अपने भाई की मदद से अस्पताल संचालक की झूठी शिकायतें शुरू कर दी। दो लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई और धमकाया। एसपी के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है।

एसपी के आदेश पर दर्ज की गई रिपोर्ट में न्यू श्री धन्वंतरी हॉस्पिटल के संचालक संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि वह बीसलपुर के अतिरिक्त बरेली, फरीदपुर व कुआंडाडा में हॉस्पिटल का संचालन करते हैं। बीसलपुर स्थित हॉस्पिटल में रामलीला रोड के राकेश कुमार को ट्रेनिंग कर्मचारी के रूप में कार्य करने के लिए रखा था। इसने काउंटर में रखे रुपये की चोरी कर ली थी। जिसकी जानकारी मिलने पर उसे नौकरी से निकाल दिया गया।

इसके बाद कर्मचारी राकेश ने अस्पताल संचालक से दो लाख रुपये की रंगदारी मांगना शुरू कर दी। न देने पर आईजीआरएस पर झूठी शिकायत फर्जी आईडी को पंजीकृत कर करने लगा। धमकी दी गई कि बीसलपुर में हॉस्पिटल चलाने नहीं देगा। चारों अस्पतालों को बंद करवाने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित के चारों अस्पतालों की शिकायतें करने लगा।

## सार-संक्षेप

### भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के चेयरमैन का स्वागत



**मीरगंज, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी के नेतृत्व में मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा को भारतीय चिकित्सा परिषद का चेयरमैन चुने जाने पर उनके कार्यालय पर पहुंचकर उनका स्वागत किया गया। विधायक ने आश्वासन दिया कि वो समाज के हर व्यक्ति के उत्थान के लिए हमेशा तन मन धन से समर्पित रहेंगे। इस अवसर पर अशोक कुमार उपाध्याय, प्रवीण भारद्वाज, मंडल महामंत्री विशाल शर्मा, जिलाध्यक्ष अरुण शुक्ला, जिला महामंत्री मुकेश पांडे, महानगर अध्यक्ष विष्णु भारद्वाज, पुष्पेंद्र शर्मा, अशोक शर्मा आदि प्रमुख रहे।

### आंवला में कांग्रेस ने निकाली धन्यवाद यात्रा



**आंवला, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में गठबंधन की सीटो में वृद्धि से खुश कांग्रेसियों ने आंवला में धन्यवाद यात्रा निकाली। कांग्रेसियों ने कहा कि आंवला से इंडिया गठबंधन के नीरज मौर्य को शानदार जीत मिली है। इसलिए जनता को धन्यवाद देने के लिए धन्यवाद यात्रा निकाली है। यात्रा में राजन उपाध्याय, कलीम अख्तर, सरफराज बेग, गुड्डू खान, जयराम कश्यप, रिंकू वाल्मीकि, बिलाल खान, युसूफ अली, शकील अहमद, अब्दुल समेत अन्य रहे।

### पत्नी को बुलाने ससुराल आए दामाद से की मारपीट

**आंवला, अमृत विचार :** पत्नी को बुलाने ससुराल आए एक व्यक्ति का पत्नी भेजने से इन्कार करने पर ससुरालियों से विवाद हो गया। आरोप है कि ससुरालियों ने दामाद को बेरहमी से पीटा। पीड़ित ने ससुरालियों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। वजीरगंज बदायूं के गांव हतरा निवासी रफीक ने बताया कि उसके भतीजे रिजवान की शादी मोहल्ला नई बस्ती अलीगंज अड्डा कस्ब आंवला की बबली पुत्री जलाल के साथ हुई है। उसका भतीजा बुधवार की शाम अपनी गर्भवती पत्नी बबली को बुलाने ससुराल आया था। ससुराली बबली को भेजने से इन्कार करने लगे। इस बात पर ससुरालियों और दामाद के बीच विवाद हो गया। उसने आरोप लगाया कि उसके भतीजे के साथ लाठी डंडो से मारपीट की गयी। जिससे वह घायल हो गया। वहीं पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा है।

### हिस्टीशीटरों और गैगस्टरों पर रखें नजर



**नवाबगंज, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव होने के बाद एसएसपी की क्लास के बाद एसएचओ नवाबगंज राजीव कुमार शर्मा ने बुधवार को बैठक में आवश्यक निर्देश दिए। एसएचओ ने बताया कि फरियादियों की समस्या सुनने को महिला हेल्प डेस्क के साथ ही दो अन्य डेस्क और बनाई गई हैं। प्रत्येक डेस्क पर दो महिला एसआई के साथ तीन पुरुष एसआई रहेंगे। तीनों डेस्कों पर 24 घंटे सुनवाई होगी। इसके साथ ही थाना क्षेत्र के हिस्टीशीटरों और गैगस्टरों पर नजर रखने के साथ ही जेल से छूटे अपराधियों का सत्यापन, गोतस्करों पर कार्रवाई के साथ ही पुरस्कार घोषित अपराधियों की तलाश के निर्देश स्टॉफ को दिए गए हैं। इसके साथ ही बकरीद पर विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है।

### दुकानदार अधिक मूल्यों पर बेच रहे हैं धान का बीज



**आंवला, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (शंकर) की ओर से बीज की दुकानों पर मानक से अधिक मूल्यों पर धान का बीज बेंचने और लेखपालों पर जमीन के मामलों में गलत आदेश जारी कराने से विवाद बढ़ने सहित आदि आरोप लगाकर एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा गया है। किसान संगठन ने बताया कि वर्तमान में धान की पौध (नर्सरी) लगाई जा रही है। बीज दुकानदार मानक से दोगुना तक धान का बीज बेंचने में लगे हैं। जिससे किसानों को आर्थिक छति हो रही है। संगठन ने कहा लेखपाल ग्राम प्रधान से मिलकर जमीनों के अभिलेखों में विभिन्न आदेश करा देते हैं। जिनसे विवाद के साथ साथ मुकदमों की संख्या बढ रही है। संगठन ने बीज की दुकानों पर सरकारी मानक के अनुसार बीज बिक्री कराने और दोषी दुकानदारों की जांच कर कार्रवाई कराने की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह, तनुज कुमार, प्रेम शंकर, कल्याण सिंह, हिमंचल, गंगा सिंह, राजाराम, भगवान दास, ओमप्रकाश, हंसराज आदि किसान मौजूद रहे।

### शराब पीने पर डांटा तो युवक ने आग लगाकर दी जान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव नवादा शहबाजपुर निवासी उधन का पुत्र टिंकू (21) मजदूरी करता था और शराब का आदी था। सोमवार की शाम आठ बजे वह शराब पीकर घर पर आया। परिवार वालों ने शराब पीने को लेकर उसे डांट दिया। क्षुब्ध होकर उसने डीजल डालकर आग लगा ली। परिवार वालों ने आग बुझाई और झुलसे टिंकू को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। मंगलवार की रात उाकी मौत हो गई। एसओ रोहित सिंह ने बताया कि परिवार वालों ने शराब पीने पर डांट दिया था। इसी बात से नाराज होकर युवक ने आग लगा ली थी।

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।
कार्यते ह्यवश : कर्म सर्व : प्रकृतिजैर्गुणै : ।।

नि :संदेह कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता, क्योंकि सारा मनुष्य समुदाय प्रकृति जनित गुणों द्वारा परवश हुआ कर्म करने के लिए बाध्य किया जाता है।

## संपादकीय

# पाकिस्तान और आतंकवाद

जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की पाकिस्तान की कोशिशों के कारण ही जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में तेजी आई है। पाकिस्तान हमेशा से जम्मू क्षेत्र में शांति भंग करने के प्रयास करता रहता है। रविवार को आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर हमला किया जिसमें नौ लोग मारे गए। दो दिन बाद, आतंकवादियों ने डोडा में एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया जिसमें छह सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। एक अन्य घटना में मंगलवार को कठुआ जिले में सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। बुधवार को एक अन्य आतंकवादी को भी मार गिराए जाने के बाद रात भर चली मुठभेड़ समाप्त हो गई, लेकिन ऑपरेशन में सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों के मुताबिक मारे गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी बताए जा रहे हैं। तीन दिनों के भीतर हुए इन तीन हमलों से लोगों में डर का माहौल है। जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों में तेजी इस बात की याद दिलाती है कि पाकिस्तान प्रायोजित नापाक तत्व इस क्षेत्र में अपने पैर पसार रहे हैं और यह सामान्य स्थिति बहाल करने के सरकार के दावों की सच्चाई को उजागर करता है। कहा जा रहा था कि 370 हटने के बाद कश्मीर में आतंकवाद खत्म हो गया। परंतु पहले तो आतंकी सिर्फ कश्मीर घाटी में ही हमला करते थे अब तो यह हमले जम्मू संभाग में भी हो रहे हैं, जो एक नई सुरक्षा चुनौती पेश कर रहा है।

अमेरिका, ब्रिटेन आदि पश्चिमी देशों का भी यह आरोप रहा है कि पाकिस्तान प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से विभिन्न आतंकी कार्रवाइयों में लिप्त रहा है। प्रमुख इस्लामी आतंकी संस्थाएं जैसे लश्कर-ए-तैयबा, लश्कर-ए-ओमर, जैश-ए-मोहम्मद, हरकतुल मुजाहिद्दीन, सिपाह-ए-सहाबा, हिज़्बुल मुजाहिदीन आदि सब के सब पाकिस्तान में रहकर अपनी आतंकी गतिविधियां चलाते हैं। महत्वपूर्ण है कि दूसरे कार्यकाल के लिए कार्यभार संभालने के तुरंत बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाले सीमा पार आतंकवाद से निपटने के प्रयास किए जाएंगे क्योंकि यह 'एक अच्छे पड़ोसी की नीति' नहीं हो सकती है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि आंतकवादी हमला जम्मू क्षेत्र में अशांति फैलाने की नापाक साजिश का हिस्सा है। कहा जा सकता है कि पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज आने वाला नहीं है। आतंकवादियों ने बीएसएफ के सुरक्षा बाड़ को पार कर सुरंग के जरिए घुसपैठ की होगी। यह अंतर्राष्ट्रीय सीमा के करीब है। सरकार को पुख्ता सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उसकी ओर से पाकिस्तान की घेराबंदी जारी रहे।

# प्रकृति पर नियंत्रण की चाह में उत्पन्न होती हैं समस्याएं



गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

जलवायु परिवर्तन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ सकता है। इसलिए विश्व का किसान वर्ग जो धरती को सजाने संवारने का काम करता है। वह इस जलवायु स्थांतरण के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। वैसे भी भारत का पर्यावरणीय सूचकांक 180 देशों में 176 वें स्थान पर है, मानव स्वतंत्रता सूचकांक पर भारत का प्रदर्शन स्कोर 2023 में मामूली रूप से कम हो गया।

जलवायु परिवर्तन, आर्थिक असमानता, बेरोजगारी, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, जल, मिट्टी, हवा एवं अन्य पर्यावरणीय समस्याएं दिन पर दिन सरकारों के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए सरकारों को कम से कम पंचमहाभूतों के लिए एक एकीकृत कार्यक्रम चलाना होगा, तभी धरती पर जीवन संभव हो सकेगा।

सरकारों को सबसे पहले लोगों की आधारभूत जरूरतों को पूरा करना होगा, जो कि प्रकृति द्वारा मुफ्त में यह सुविधाएं उपलब्ध हैं, इनका सही तरह उपयोग व संरक्षण कैसे हो इस पर एक एकीकृत कार्य योजना तैयार करनी होगी। क्योंकि अभी तक सरकार अलग-अलग तरह से जल, मिट्टी, हवा की विभिन्न समस्याओं को हल करने का प्रयास करती रही हैं जिससे यह समस्याएं और विकराल होती गई, क्योंकि प्रकृति में सबकुछ एक दूसरे से जुड़ा है। अध्ययनों से पता चलता है कि जलवायु परिवर्तन के कारण गेहूं और चावल की फसलों में 2030 तक छह से 10 प्रतिशत की कमी देखी जा सकती है। इसी तरह विश्व बैंक की रिपोर्ट कहती है कि जलवायु परिवर्तन के कारण 15 वर्षों में 45 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी की श्रेणी में आ जाएंगे।

जलवायु परिवर्तन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ सकता है। इसलिए विश्व का किसान वर्ग जो धरती को सजाने संवारने का काम करता है। वह इस जलवायु स्थांतरण के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। वैसे भी भारत का पर्यावरणीय सूचकांक 180 देशों में 176 वें स्थान पर है, मानव स्वतंत्रता सूचकांक पर भारत का प्रदर्शन स्कोर 2023 में मामूली रूप से कम हो गया। 2015 से 2023 तक भारत के समग्र प्रदर्शन स्कोर में 9 प्रतिशत की गिरावट आई है। मानव स्वतंत्रता सूचकांक 2023 में 165 देशों में भारत 109 वें स्थान पर है। इसके अलावा मानव विकास सूचकांक में भारत ने दिखाई प्रगति, 193 देशों में 134 वें स्थान पर 2021 में गिरावट के बाद, भारत का एचडीआई मूल्य 2022 में 0.633 से बढ़कर 0.644 हो गया जिससे देश मध्यम मानव विकास श्रेणी में आ गया। शायद यही कारण है कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत को 125 देशों में से 111 वें स्थान पर रखा गया है जिसमें देश में सबसे अधिक 18.7 फीसदी बाल कुपोषण दर दर्ज की गई है। हालांकि केंद्र सरकार ने तुरंत इस रिपोर्ट को गलत बताते हुए खारिज कर दिया है। इस सूचकांक में 28.7 अंक के साथ भारत में भूख का स्तर 'गंभीर' बताया गया है। इसी तरह तमाम इंडेक्स जो विभिन्न एजेंसियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर किए जाते हैं, उनमें भारत की तस्वीर कुछ अच्छी नहीं दिखाई देती है।

> वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं ने लालच के चलते प्रकृति को काबू करने की ललक में जितनी समस्याओं का समाधान किया है, उससे ज्यादा समस्याओं को जन्म दिया है। क्योंकि विज्ञान के पास प्राकृतिक नियमों के अनुसार स्थायी तौर पर समस्याओं को हल करने की क्षमता नहीं है। यही कारण है कि अब गर्म रातों कि वजह से भविष्य में होने वाली गर्मी से मौतों कि संख्या में छह गुना वृद्धि हो सकती है। सच तो यह है कि अब हम उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं, जब हमको मनुष्य बचाओ अभियान की शुरुआत करनी होगी। क्योंकि बैंक जो विकास के नाम पर पैसा या कर्ज देते हैं वह अपने फायदे के कारण मानवता और पर्यावरणीय नियमों को ताक पर रख देते है। इसीलिए आज हमको ऐसे नियमों और कानूनों की जरूरत है, जो मानवता के आधार पर वैश्विक समस्याओं का समाधान बन सके।

इन सब समस्याओं के बाबजूद भारत विश्व में पांचवी अर्थव्यवस्था वाला देश है। यही कारण है कि आज पूरा विश्व भारत की तरफ एक उम्मीद के साथ नजरे लगाए बैठा है कि भारत ही इस संकट की घड़ी में विश्व को एक नया रास्ता देगा। अतः नई सरकार को चाहिए कि आम आदमी के जीवन को बेहतर प्रबंधन देने के लिए निम्न बिंदुओं पर भी ध्यान दिया जाए तो शायद देश का आम जन अपने को खुश और समृद्ध पा सकेगा, जो योजनाएं धरती के संरक्षण व किसानों की आय में वृद्धि के लिए लागू की गई है, उन्हें उचित प्रबंधन के साथ लागू किया जाए। देश में " प्राकृतिक वसीयत" के लिए अध्यादेश लागू हो। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर "वसुधैव कुटुंबकम्" का सिंद्धांत लागू हो, इसे रोम संविधान के अनुसार दुनिया का सर्वोच्च सिद्धांत माना जाए। इस पर भारत सरकार की तरफ से पहल हो। दुनिया में "सहअस्तित्व" के आधार पर पर्यावरणीय कानून एक समान हो। पर्यावरणीय आकलन करते समय "सहअस्तित्व प्रभाव" भी शामिल किया जाए। महिलाओं की भागीदारी में पिछले सालों में वृद्धि देखी गई, उसको बरकरार रखा जाए। इसके अलावा दिहाड़ी मजदूरों द्वारा बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी आर्थिक समस्याओं को हल करने के लिए सहायता प्रदान की जाए। प्राकृतिक संपदा के आधार पर धनी व्यक्ति का चयन हो। साथ ही सहअस्तित्व प्रभाव के आधार पर प्रत्येक योजना और परियाजनाओं का आर्थिक मूल्यांकन हो। न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानों के उत्पाद की गुणवत्ता पर आधारित हो। भारत के संविधान में मजबूत "इको साइड" कानून की व्यवस्था हो। इसके अलावा "आर्थिक असमानता" आयोग की स्थापना की जाए। किसानों को 'पंचमहाभूत संरक्षक' के रूप में सम्मानित किया जाए।

इसके इतर वैश्विक समस्याओं के समाधान हेतु मानवीय कृषि को एक उम्दा समाधान मानकर उचित मानदंड स्थापित किए जाए। सामाजिक न्याय और प्राकृतिक संतुलन को मानवता के लिए किए गए कार्यों में शामिल किया जाए और वस्तु विनिमय प्रणाली को लागू कर प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही जलवायु न्याय के मुद्दे के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहल हो। राजनैतिक पार्टियों की पर्यावरणीय नीति घोषित हो। पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए। साथ ही साथ आम जन को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए। किसान कौन है, इसके लिए देश के संविधान में किसान की परिभाषा सुनिश्चित हो और मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए। इसके अलावा एक ऐसी कृषि पद्धति का प्रसार हो जिसमे छोटे-बड़े सभी किसान समृद्ध और स्वायत्त हो सके और किसानों के लिए कार्बन क्रेडिट प्रक्रिया में एक स्वायत्त संस्थान की स्थापना की जाए। प्रकृति के नियमों के अनुसार खेती करने वाले किसानों को "राष्ट्रीय किसान" का घोषित किया जाए। प्रत्येक व्यक्ति की प्राकृतिक जरूरत एवं प्राकृतिक कर्ज का आकलन किया जाए।

वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं ने लालच के चलते प्रकृति को काबू करने की ललक में जितनी समस्याओं का समाधान किया है, उससे ज्यादा समस्याओं को जन्म दिया है। क्योंकि विज्ञान के पास प्राकृतिक नियमों के अनुसार स्थायी तौर पर समस्याओं को हल करने की क्षमता नहीं है। यही कारण है कि अब गर्म रातों कि वजह से भविष्य में होने वाली गर्मी से मौतों कि संख्या में छह गुना वृद्धि हो सकती है। सच तो यह है कि अब हम उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं, जब हमको मनुष्य बचाओ अभियान की शुरुआत करनी होगी। क्योंकि बैंक जो विकास के नाम पर पैसा या कर्ज देते हैं वह अपने फायदे के कारण मानवता और पर्यावरणीय नियमों को ताक पर रख देते है। इसीलिए आज हमको ऐसे नियमों और कानूनों की जरूरत है, जो मानवता के आधार पर वैश्विक समस्याओं का समाधान बन सके।

उपरोक्त सुझावों को ध्यान में रखते हुए सरकार को चाहिए जो योजनाएं व परियोजनाएं गांवों, किसानों, महिलाओं आदि के लिए चलाई जा रही हैं, उनका उचित क्रियान्वयन हो, क्योंकि बहुत सी अच्छी योजनाओं का धरातल पर न आना सरकारी कर्मचारियों की अनदेखी या नियमों का लचीलापन इस पर हावी होता दिखाई देता है। इसलिए जीवन की जो मूलभूत आवश्यकताएं हैं, उनको किस तरह सहअस्तित्व के सिद्धांत के साथ कैसे पूरा किया जाए इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसी के अंतर्गत शायद यह उपरोक्त सुझाव कुछ सरकारों की मदद कर सके या काम आ सके।

## प्रसंगवश

# योजनाओं की पुनर्समीक्षा

उत्तर प्रदेश में चुनाव परिणामों के मद्देनजर सरकार को अब लाभार्थी योजनाओं की पुनर्समीक्षा करनी चाहिए। मुफ्त या बेहद सस्ते दरों पर खाद्यान्नों के वितरण, प्रधानमंत्री आवासीय योजना और कार्यक्रमों की समीक्षा के बाद नए सिरे से ये योजनाएं बदले कलेवर में लागू होनी चाहिए।

'सबका साथ सबका विकास' से क्या नतीजा निकला? खबर है कि एक गांव में दो सौ से ज्यादा प्रधानमंत्री आवास दिए गए और भाजपा को शून्य मत मिला। ठीक है यह वेल्फेयर स्टेट है, धर्म निरपेक्ष देश है और संविधान भी जाति धर्म के नाम पर भेदभाव की इजाजत नहीं देता। फिर भी कुछ जन कल्याण कार्यक्रमों के पुनर्निर्धारण में क्या हम कुछ बिंदुओं को समाहित नहीं कर सकते? जैसे लाभार्थी योजनाओं का लाभ केवल उन्हीं को मिले जिनका नियोजित परिवार हो। संपन्न सामान्य चुनाव ने सबक दे दिया है। नई सरकार को कड़ी मेहनत और योजनाओं की पुनर्समीक्षा करनी ही होगी और नए रूप में कतिपय नए मानदंडों के साथ लाभार्थी योजनाओं को अमल में लाना होगा। मुफ्त के राशन के अलावा तमाम योजनाओं की अनौचित्यपूर्ण सब्सिडी बंदकर देश की सुरक्षा और अनुसंधान के बजट को बढ़ाया जाना बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य की बड़ी जरुरत है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

चुनावों के इतिहास में 2024 में एक खास मजहबी मतदाताओं का जो ध्रुवीकरण हुआ वह अभूतपूर्व है। सौ में सौ फीसदी मत मौजूदा सरकार के विरोध में गए और यह जग जाहिर है कि लाभार्थी योजनाओं के सबसे बड़े उपभोक्ता यही हैं। बहुसंख्यकों की तुलना में एकदम असमान संसाधनों का वितरण है यहां। इससे बहुसंख्यकों में उचित ही, असंतोष पनप रहा है। आखिर कामन सिविल कोड कब आएगा? केंद्र की कोई मजबूरी हो तो प्रदेश स्वतंत्र तौर पर क्यों नहीं इसे अपनी विधानसभाओं में पारित कर लागू करते जैसा कि एक दो राज्य यह पहल शुरू कर चुके हैं। वैसे भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने इसके पक्ष में कई बार सरकारों को निर्देशित किया है।

# शेयर बाजार अचानक क्यों करता है प्रतिक्रिया



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

> घरेलू सियासी हालात : किसी देश की अर्थव्यवस्था का सीधा संबंध वहां के सियासी हालात से होता है। अगर देश में सियासी स्थितियां स्थिर होती हैं तो बाजार को मजबूती मिलती है।

बीता हफ्ता शेयर बाजार के लिए अभूतपूर्व रहा। इस दौरान इसने गिरने और उछलने के दोनों रिकॉर्ड तोड़ दिए। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं था जब बाजार ने इतना तीव्रता से परिवर्तन (शार्प रिएक्ट) किया हो। एग्जिट पोल आने के अगले कारोबारी दिन (3 जून) को शेयर बाजार में उछाल देखा गया, लेकिन उसके अगले दिन यानी मतगणना के दिन बाजार में हाहाकार मच गया। उस दिन बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी 8 फीसदी से भी ज्यादा अंकों से नीचे लुढ़क गया। जिस वजह से बीएसई में लिस्टेड कंपनियों की मार्केट कैप में 31 लाख करोड़ रुपए की कमी देखी गई। हालांकि उसके अगले तीन दिनों में बाजार में शानदार रिकवरी देखी गई और 7 जून को तो बीएसई सेंसेक्स अपने सर्वोच्च स्तर पर (ऑल टाइम हाई) यानी कि 76,693 अंक के आंकड़ों पर पहुंच गया।

शेयर बाजार को प्रभावित करने वाले कारक अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन इसे ऊपर या नीचे करने वाले बड़े निवेशकों में से अहम हिस्सेदारी संस्थागत निवेशकों की होती है। ये निवेशक बड़े वित्तीय संस्थान पेंशन फंड, इंश्योरेंस कंपनियां, म्यूचुअल फंड, हेज फंड वगैरह होते हैं। ये देसी और विदेशी दोनों हो सकते हैं। इनके पास कंपनियों की माली स्थिति से लेकर देश के आर्थिक राजनीतिक परिदृश्य वगैरह को समझने और उसकी थाह लेने के लिए पर्याप्त संसाधन और सक्षम टीम होती है। इसलिए ये ऐसी स्थिति को भांपकर बाजार में अपनी चाल तय करते हैं और उन्हीं की चालों से बाजार की गति भी तय होती है। अब सवाल यह है कि वे कौन से प्रमुख कारक होते हैं जिनसे शेयर बाजार अचानक इतना 'रिएक्ट' करता है और निवेशकों की कमाई को एक झटके में ऊपर या नीचे पहुंचा देता है। इसके कुछ प्रमुख कारक हैं। घरेलू सियासी हालात : किसी देश की अर्थव्यवस्था का सीधा संबंध वहां के सियासी हालात से होता है। अगर देश में सियासी स्थितियां स्थिर होती हैं तो बाजार को मजबूती मिलती है। खासकर विदेशी निवेशक घरेलू शेयर बाजार में निवेश करने से पहले उस देश की राजनीतिक परिस्थितियों पर गौर करते हैं। 3 जून को सेंसेक्स 2507 अंकों यानी 3.55 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ। वजह थी एग्जिट पोल में मोदी सरकार की हैट्रिक बनने की संभावना। यानी सियासी स्थिरता में और मजबूती, लेकिन जब अगले ही दिन यानी 4 जून को भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो राजनीतिक अस्थिरता की आशंका गहरा गई और सेंसेक्स 4,389 अंक गिरकर बंद हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक घटनाएं : किसी भी देश की अर्थव्यवस्था बंद नहीं रह सकती। वैश्विक स्तर पर होने वाली आर्थिक गतिविधियों का असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ता है। वर्ष 2008 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारी मंदी छाई रही जिसके असर से भारत भी नहीं नहीं बच सका था। सालभर में बीएसई सेंसेक्स में कुल मिलाकर 63 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई थी। यह 2007 के 20,000 पॉइंट्स से गिरकर 7700 तक पहुंच गया था। अंतर्राष्ट्रीय भू-राजनीति : वैश्विक स्तर पर होने वाली भू-राजनितिक गतिविधियों का भी सीधा असर शेयर बाजार पर होता है। मौजूदा समय में मध्य पूर्व में चल रहे इजराइल हमास युद्ध और यूक्रेन रूस सैन्य संघर्ष इसी तरह के भू-राजनीतिक फैक्टर हैं। इस तरह के तनाव ग्लोबल अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त नेगेटिव प्रभाव डालते हैं जिसके फलस्वरूप शेयर बाजारों पर दबाव बनता है।

कोरोना जैसी महामारीः घरेलू सियासी और अंतर्राष्ट्रीय जियो पॉलिटिक्स व आर्थिक स्थितियों के अलावा ऐसी वजह पर भी शेयर बाजार 'शार्प रिएक्ट' करता है, जो सदियों में कभी-कभार पैदा होती हैं और जिसका भविष्य पर भारी असर पड़ना संभावित रहता है। उदाहरण के तौर पर सेंसेक्स में सबसे बड़ी गिरावट 23 मार्च 2020 को आई। एक दिन पहले 22 मार्च रविवार को देश में लॉकडाउन का ट्रायल किया गया था। इसी से यह संभावना लगने लगी थी कि देश में लंबा लॉकडाउन लग सकता है और फिर लगा भी। इसीलिए जब अगले दिन बाजार खुले तो यह 3,934 अंक तक गिर गया। यह 13.15 फीसदी की बड़ी गिरावट थी।


वस्तुतः आज भी ज्यादातर निवेशक तब निवेश करते हैं जब बाजार में तेजी होती है। तेजी में निवेश करना आम निवेशकों के लिए आमतौर पर फायदेमंद नहीं होता है। यदि उस समय निवेश करना भी है तो ऐसे शेयरों से बचना चाहिए, जो अपने उच्चतम स्तर के आसपास हों। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि छोटी कंपनियों के शेयरों की तुलना में ब्लूचिप या दिग्गज कंपनियों के शेयरों में ज्यादा निवेश किया जाए।

## सोशल फोरम

# अध्यात्मवाद बनाम भौतिकवाद

अग्नि और प्रकाश का अनिवार्य संबंध है। बिना अग्नि के प्रकाश नहीं हो सकता। हर प्रकाश अग्नि का जलने का परिणाम है। जलने से प्रकाश और उर्जा दोनों उत्पन्न होते हैं। हमारे सौर मंडल के सूर्य में न कुछ ठोस है, न द्रव। वह हाइड्रोजन और हीलियम गैसों का एक जलता हुआ पुंज है।

इस सौर मंडल में प्रकाश और उर्जा का सबसे बड़ा स्रोत भी। जलने की हर क्रिया से उर्जा उत्पन्न होती है। पृथ्वी पर हम जो प्रकाश कृत्रिम रूप से उत्पन्न करते हैं उसमें विद्युत के पॉजिटिव और निगेटिव के मिलने से फिलामेंट जलता है। वह ऐसी वस्तु से बना होता है, जो जलकर नष्ट होने में समय लेती है। तप का आद्य अर्थ है तपाने या जलाने वाला (तप्+ अच्)। दूसरा अर्थ है तपस्या, साधना। वह भी जलाती है और जलाती है तो उर्जा भी उत्पन्न करती है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त की तीसरी ऋचा कहती है, जो अंधकार से आच्छादित अंधकार था उसी से यह (विश्व) 'उसके' तप की महिमा के चलते पुनः उद्भूत हुआ। अंतरिक्ष विज्ञान के अनुसार हमारे सूर्य और सौरमंडल का जन्म भी नेबुला (धूल और गैसों के विशाल बादल) के एक अंश के विस्फोट से उत्पन्न 'तप' से हुआ और उसके एक टुकड़े पृथ्वी पर चेतन जीव का प्रादुर्भाव हुआ। नेबुला के एक अंश का उपरोक्त विस्फोट क्यों हुआ?



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

अनुमानतः पास के एक अन्य परमाण्विक बादल के आघात से। यह आघात क्यों हुआ? आकस्मिक रूप से या किसी पराचेतन तत्व की योजना से?

यही वह बिंदु है, जो भौतिकवाद और अध्यात्मवाद को पृथक करता है। जब तक विस्फोट का कारण निश्चित रूप से ज्ञात न हो, अध्यात्मवाद को नकारा नहीं जा सकता। चेतना की रहस्यमयता को भेदना भौतिकवाद के वश का रोग नहीं, किंतु अंतरिक्ष विज्ञान ने अध्यात्मवाद को संशयात्मक तो बना ही दिया है। ऐसे में न भौतिकवादियों की कट्टरता के लिए कोई गुंजाइश है, न अध्यात्मवादियों की।

**-फेसबुक वॉल से**

# मंथरा के वंशज

गत लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की गिरावट, उत्तर प्रदेश में विशेष झटका और अयोध्या (फैजाबाद) में हार के परिणामस्वरूप भाजपा के आईटी सेल और समर्थकों ने अयोध्या और यूपी को कोसना आरंभ कर दिया। मर्यादाएं लांघी गईं। यह भी नहीं देखा गया कि स्वयं राम ने अयोध्या की प्रशंसा की है और उसे बैकुंठ लोक से भी श्रेष्ठ कहा है। उन्हें यहां के वासी बहुत प्रिय हैं 'अति प्रिय मोहि इहां के वासी। मम धामदा पुरी सुखरासी'। मैं यह सब टुकुर-टुकुर देखता रहा, लेकिन अब एक चित्रकूटवासी नेत्रहीन धर्माचार्य ने भी अयोध्यावासियों पर कटाक्ष किया है और भाजपा को मतदान न करने वालों को मंथरा का वंशज घोषित किया है। अतः मौन त्यागना पड़ा। स्वामी जी द्वारा चुनाव पूर्व मोदी के पक्ष में भविष्यवाणी करने और अपनी धर्मपीठ पर उनका स्वागत करने के ठीक बाद उन्हें साहित्य का एक बड़ा पुरस्कार मिला था। खैर! यह तो सब चलता ही है, किंतु जनता में जिज्ञासा है कि मंथरा के पति और बेटे कौन थे तथा उसकी वंश बेलि कहां तक फैली? वाल्मीकि और तुलसीदास ने तो कहीं इसका उल्लेख किया नहीं है। धर्माचार्य ने कई किताबें लिखी हैं। पिछले दिनों उन्होंने हनुमान चालीसा में कुछ संशोधन किए और प्रचारित किए। जनता ने वे संशोधन तिरस्कृत कर दिए और हनुमान चालीसा पूर्ववत बना रहा। मंथरा के वंश पर कोई ग्रंथ उपलब्ध नहीं है। आचार्य को चाहिए कि कालिदास के 'रघुवंश' की तर्ज पर वे 'मंथरा वंश' लिखें। उन्हें बताना होगा कि उसके वंशज कहां-कहां बसे? वैसे संत को निर्मल हृदय और समदर्शी होना चाहिए न कि किसी राजनीतिक दल का पक्षधर। वे तुलसी पीठाधीश्वर हैं और तुलसी बाबा ने तो कहा है, 'सीयराम मय सब जग जानी। करहुं प्रनाम जोरि जुग पानी'।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# गलतियों से सीख लेकर विकास पर जोर दे सरकार

लोकसभा का चुनाव सकुशल संपन्न हो चुका है तथा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार ने शपथ ले ली है। मंत्रिमंडल में अधिकांश जीते मंत्रियों को उनके पुराने विभाग ही मिले हैं, इससे उन्हें कार्य करने में आसानी होगी। आशा है कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू जैसे मतलब परस्त नेताओं का सहयोग सरकार को मिलता रहेगा। अबकी बार 400 पार तथा भाजपा की स्वयं 370 सीट लाने की आशा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा में भाजपा के लचर प्रदर्शन के कारण सफल न हो सकी।

भाजपा का शीर्ष नेतृत्व अहंकारी हो चला था जिसने टिकट बांटने में निष्ठावान पुराने कार्यकर्ता के स्थान पर दूसरे दलों से आए भ्रष्ट नेताओं को तरजीह दी। भाजपा ने अपनी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी उपेक्षित कर दिया था। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री तथा भाजपा के शिखर के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध न होने तथा टिकट वितरण में लोकप्रिय मुख्यमंत्री को दरकिनार करने के कारण यह हालत पैदा हुई। यहां योगी मंत्रिमंडल के गठन से ही मुख्यमंत्री की उपेक्षा करने वाले मंत्रियों की पीठ ही नहीं ठोकी गई, अपितु योगी के राजभर व चौहान जैसे आलोचकों को पुनः भाजपा में लाकर मंत्री बनवाया गया। राष्ट्रपति भवन के शपथ ग्रहण समारोह में योगी को पिछली पंक्ति में तथा उनके उप मुख्यमंत्रियों को पहली पंक्ति में बिठाकर योगी को नीचा दिखाया गया।

भाजपा के कुछ नेताओं का किसी जाति विशेष की आलोचना करने पर शीर्ष नेतृत्व मौन रहा। इन्हीं सब कारणों से कर्मठ और ईमानदार मुख्यमंत्री होने के बावजूद योगी राज्य में भाजपा को अधिक सीट न दिला सके। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में विधानसभा का चुनाव होने वाला है, यदि नेतृत्व मतभेद शीघ्र न सुलझा और मुख्यमंत्री का अपने मंत्रियों पर नियंत्रण न हो सका तो इस चुनाव में भाजपा को सफलता मिलना मुश्किल होगा। उत्तर प्रदेश में चुनाव जातिगत हो गया है। भाजपा प्रत्येक जाति में नेतृत्व विकसित न कर जातिवादी दलों के नेताओं-अनुप्रिया पटेल, ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान, संजय निषाद, जयंत चौधरी आदि पर अधिक निर्भर होती जा रही है। ये नेता हर बात पर अपनी कीमत वसूल रहे हैं। भाजपा को इस पर भी ध्यान देना चाहिए। महाराष्ट्र में शिवसेना तथा एनसीपी को तोड़कर सरकार बनाने एवं राजस्थान में स्थानीय भाजपाई नेताओं की उपेक्षा के कारण वहां भी अपेक्षित सीट नहीं मिल सकी। महाराष्ट्र में निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के कारण अब शिंदे व अजित पवार के अपने पुराने दल में वापस लौटने की अटकलें प्रारंभ हो गई हैं। मंत्रिमंडल में किसी मुस्लिम चेहरा का न होना उचित नहीं लगा। देश की लगभग 20 प्रतिशत मुस्लिम आबादी का प्रतिनिधित्व इस मंत्रिमंडल में नहीं है। मुख्तार अब्बास नकवी और शाहनवाज हुसैन जैसे लिबरल मुस्लिम को मंत्री बनाकर मुस्लिम समाज को निकट लाने का प्रयास किया जा सकता था।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण समारोह के दिन कश्मीर में तीर्थयात्री बस पर आतंकी हमला यह सिद्ध करता है कि न तो पाकिस्तान बदला है न कश्मीर के आतंकवादी। इसी प्रकार पंजाब में शहीद मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह बिट्टू सहित सभी भाजपाई चुनाव हार गए और इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का बेटा सरबजीत सिंह तथा जेल में बंद आतंकवादी अमरजीत सिंह चुनाव जीत गए, जो भविष्य में देश में सिख आतंकवाद फैलने की चेतावनी दे रहा है। मणिपुर की हिंसा भी देश की संप्रभुता के लिए एक चुनौती बन गई है। विश्वास है कि मोदी 3.0 सरकार अपनी पिछली गलतियों से सीख लेकर आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना कर देश के विकास पर अधिक जोर देगी।

# नीट परीक्षा परिणाम

नीट के परिणाम घोषित करने के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 14 जून की तारीख घोषित की थी, लेकिन अचानक से इन्हें 4 जून को (लोकसभा चुनाव परिणामों की चर्चा के बीच) घोषित कर दिया गया।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित कराए जाने वाली तमाम परीक्षाओं पर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन इस बार के परिणामों में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने खुलेआम धांधली की सारी हदें तक पार कर दी हैं, जो समझ के बाहर है। इस बार 67 छात्रों के 720/720 अंक हैं। इतना ही नहीं, इन 67 छात्रों में से 6 छात्र एक ही एग्जाम सेंटर पर पेपर देने गए थे। इसी सेंटर से दो और टॉपर्स हैं, जिन्हें ऑल इंडिया रैंक 68 और 69 दे दिया गया है।

सवाल उठता है कि एक ही एग्जाम सेंटर से आठ टॉप ऑल इंडिया रैंक वाले छात्र कैसे आ गए? इन्हीं परिणामों में कुछ छात्रों के 720 में से 718 और 719 मार्क्स आए हैं। याद रहे इस पेपर में, नेगेटिव मार्किंग लागू होती है। पहले तो एनटीए ने बिना कोई सूचना दिए, लोकसभा चुनावों के कोलाहल के बीच परिणाम जारी कर दिए, लेकिन जब इन परिणामों पर बहस शुरू हो गई तो नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 6 जून को एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि जिन छात्रों को परीक्षा में कम समय मिल पाया था, उन्हें ग्रेस दी गई है, लेकिन आज तक छात्र पूछ रहे हैं कि ग्रेस देने के नियम क्या है? ये सारे तथ्य बताते हैं कि अन्य परीक्षाओं की तरह नीट में भी बड़े स्तर पर धांधली हुई है जिसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और सरकारी मशीनरी ढंकने का प्रयास कर रहे हैं। एक तरफ ये परीक्षा छात्रों की जान ले रही है तो दूसरी तरफ धांधलियों के जरिए ईमानदारी से परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। अगर कोई परीक्षा हजारों छात्रों का भविष्य बनाने के बजाए उनकी जिंदगी खत्म कर रही हो तो उसे बदलने की सख्त जरूरत है। जरूरत इस बात की है कि नीट परीक्षा में हुई धांधली की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और दोषियों को दंडित किया जाए।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

## सार-संक्षेप

### पूजा पाल पर टिप्पणी मामले में 7 के खिलाफ रिपोर्ट



**प्रयागराज, अमृत विचार :** कौशांबी चायल विधानसभा सीट की सपा विधायक पूजा पाल पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। पूजा पाल पर लोक सभा चुनाव को लेकर तमाम तरह की गलत पोस्ट की गयी है। इस मामले को लेकर पूजा पाल ने टिप्पणी करने वाले के खिलाफ शिकायत की है। इस मामले में 7 लोगों के खिलाफ धूमनगंज थाने नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पूरे प्रकरण की जांच पुलिस कर रही है। सपा विधायक पूजा पाल का आरोप है कि सोशल मीडिया पर सपा छोड़कर भाजपा मे शामिल होने की बात को लेकर तमाम तरह की टिप्पणी की गयी है। पूजा पाल ने इस मामले में धूमनगंज थाने में मोनू यादव, रविराज यादव, सोनू, सेवराज सिंह, पंकज निषाद, और आदर्श के खिलाफ सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट की स्क्रीन शॉट के साथ शिकायत की थी। जिसके बाद इन सभी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### लखनऊ में आज से भीषण लू के संकेत, यलो अलर्ट

**लखनऊ, अमृत विचार :** लखनऊ में लू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। तीन दिन बाद बुधवार को भी लू ने बेहाल किया। इससे रात में भी गर्मी बढ़ गई है। न्यूनतम तापमान बढ़कर 30 .6 डिग्री पहुंच गया है। अधिकतम तापमान 44 .8 डिग्री रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अभी चार दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद कम है। लगातार चल रही लू के कारण मौसम विभाग ने लखनऊ में यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि लगातार चार दिनों से लू चल रही है। बुधवार को 25-30 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से लू चली। अभी चार दिनों तक मौसम में कोई बदलाव होता नहीं दिख रहा है। बाराबंकी, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया और आसपास भी यलो एलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान कानपुर देहात का 47 .5 डिग्री रहा। दूसरे स्थान पर प्रयागराज का तापमान 47 डिग्री सेल्सियस रहा।

### एमएसएमई पार्क स्थापित करने पर दें जोर: सचान

**लखनऊ, अमृत विचार :** एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक्सप्रेस-वे के आसपास की भूमि को चिह्नित करते हुए एमएसएमई पार्क स्थापित किए जाने पर जोर दें। साथ ही अन्य जिलों में भी खाली पड़ी जमीनों की उपायुक्त उद्योग द्वारा तेजी से सूची बनायी जाए। ऐसे में निवेशकों को भूमि उपलब्ध कराने में असानी होगी। इस कड़ी में मंत्री ने निर्देश दिए कि राजकीय औद्योगिक स्थानों में रिक्त एवं अक्रियाशील भूखंडों को चिन्हित करते हुए नये उद्यमियों, निवेशकों को आवंटित करने की कवायद हो। राकेश सचान ने यह निर्देश बुधवार को वीडियो कॉफ्रेसिंग से एमएसएमई विभाग की समीक्षा के मौके पर दिए।

### शाइस्ता की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी हुई तेज़



**प्रयागराज, अमृत विचार :** उमेश पाल हत्याकांड के बाद करीब सवा साल से फरार अतीक अहमद की बीवी शाइस्ता परवीन की संपत्ति जल्द ही कुर्क कर दी जाएगी। इसकी कवायद पुलिस ने तेज कर दी है। शाहगंज इलाके में स्थित जमीन की कीमत करोड़ों रुपए आंकी गई है। इस प्रापर्टी को जब्त किए जाने के बाद अतीक के परिवार और उसके गैंग को बड़ा झटका लगने की बात कही जा रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि राजस्व विभाग से रिपोर्ट मिलने के बाद उस प्रापर्टी को गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत कुर्क करने की कवायद तेज कर दी गई है। उधर, हटवा में अशरफ की बीवी जैनब के मकान को भी ढहाने की बात कही जा रही है। बताया गया है कि वक्फ बोर्ड की जमीन पर अशरफ के ससुराल वालों ने कब्जा कर लिया था और उसके बाद मकान बनवाया।

### आप के मंत्री सोमनाथ भारती केस में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** एमपी-एमएलए के विशेष मजिस्ट्रेट के यहां विचाराधीन मामलों में कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के चलते बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी। आम आदमी पार्टी के मंत्री सोमनाथ भारती के केस में सुनवाई के लिए 25 जून की तारीख नियत की गई है। लम्भुआ विधायक सीताराम वर्मा व सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा के मामले में सुनवाई के लिए 26 जून, वहीं सपा के पूर्व विधायक सफदर रजा के मामले में सुनवाई के लिए 25 जून की तारीख नियत की गई है।

### श्रीराम महायज्ञ से महंत के 86वें जन्मोत्सव का आगाज

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष व मणिरामदास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास के 86वें जन्मोत्सव का शुभारंभ बुधवार को हो गया। मुख्य आचार्य इंद्रदेव ने बताया कि रामचरित मानस अष्टोत्तर शत पाठ व श्रीराम महायज्ञ के साथ हुआ। 11 आचार्यों ने प्रायश्चित पूजन के साथ मणिरामदास की छावनी के योग व प्राकृतिक चिकित्सालय परिसर में बने यज्ञमंडप में मुख्य यजमान आलोक सिंह ने संकल्प कर आहुतियां डालने का क्रम प्रारंभ किया। शाम को पांच बजे श्री राम महायज्ञ के माध्यम से देश की उन्नति और सनातन धर्म की रक्षा के लिए आहुति डाली गई। संयोजक मणिरामदास की छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने बताया कि जन्मोत्सव को 21 जून तक मनाया जाएगा। जन्मोत्सव में देश भर के धर्म गुरु जुटेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। 14 जून से आठ दिवसीय कथा का भी आयोजन किया जाएगा।

### रामनगरी में रन फॉर योगा आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी में गुरुवार से योग महाकुम्भ 2024 का आयोजन हो रहा है। इसमें राष्ट्रीय योग वीर सम्मान समारोह का भी आयोजन होगा। अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव आशीष अवस्थी और यूपी के महासचिव दीपेश ने बताया कि पहले दिन 13 जून को सुबह पांच बजे रन फॉर योगा का आयोजन होगा। जो रामपथ तुलसी उद्यान से लेकर लता चौक धर्म पथ होते हुए राम पैड़ी पर समाप्त होगा। उसके बाद आयुष विभाग के देख रेख में समान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि आयुष विभाग उत्तर प्रदेश, अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ व अखिल भारतीय योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के द्वारा आयोजित रन फॉर योगा का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर गरीशपति त्रिपाठी, इंडोनेसिया से पदम्श्री सम्मानित उदायना क्षेत्रिय आयुर्वेदि यूनानी अधिकारी डॉ. महेंद्र सिंह विष्णु करेंगे। यह कार्यक्रम योग दिवस के शुभारम्भ पर एक जागरूकता के रूप में किया जा रहा है। इसमें 18 राज्यों के छह साल के बच्चों से लेकर 65 साल तक के बुजुर्ग प्रतिभाग कर रहे हैं। सब मिलाकर करीब 800 लोग हैं। इसमें पारंपरिक और नृत्य दो श्रेणियों में योग चैम्पियनशिप होगी। 14 जून को राष्ट्रीय योग वीर अवार्ड सम्मान समरोह में चार सर्वश्रेष्ठ बच्चों को 21 हजार रुपये की नकद राशि दी जाएगी।

# सरकारी विभागों में 1900 रिक्त पदों पर जल्द शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया

## पदोन्नति को लेकर लंबित पदों पर भी काम शुरू होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा विभाग में पदोन्नति के लम्बित पदों पर यथाशीघ्र पदोन्नतियां करने के निर्देश भी दिये गये हैं। इस क्रम में पशुधन विभाग में पशु चिकित्सा सेवा के 424 और पशुधन प्रसार अधिकारी के 1083 पद रिक्त हैं। वहीं, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में भी 154 पद रिक्त हैं जबकि 289 पद भरे हुए हैं।

दुग्ध विकास विभाग में मुख्य दुग्धशाला विकास अधिकारी के




2, दुग्धशाला विकास अधिकारी के 3, वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक के 26 तथा राजकीय दुग्ध परिवेक्षक के 209 पद रिक्त हैं। ऐसे में फिलहाल लगभग 1900 रिक्त पदों पर भर्ती होनी है। सरकार इसके अलावा विभाग में आवश्यता अनुरूप समूह 'घ' के पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से भी कार्य लेगी।

पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को रिक्तियो एवं विभागीय बजट की समीक्षा की। यहां उन्होंने योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि यथाशीघ्र जारी करने का निर्देश देते हुए लक्ष्य बनाकर बजट का सदुपयोग सुनिश्चित करने को कहा। शासन की ओर से इस बात के भी निर्देश दिये गये हैं कि गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए धनराशि एवं जिला योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि को शीघ्र जारी किया जाए।

**लापरवाही बरतने वालों का भुगतान रोका जाए**

शासन ने मोबाईल वेटेनरी यूनिट की कार्यप्रणाली में मिल रही शिकायतों पर विभागीय अफसरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे मामलों की तत्काल जांच कर प्रभावी कार्रवाई की जाए। लापरवाही बरतने पर कार्यदायी संस्थाओं का भुगतान रोक दिया जाए।

## हाईकोर्ट ने दी न्यायिक अधिकारियों को नई तैनाती

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को दो न्यायिक अधिकारियों को नई तैनाती देते हुए दो न्यायिक अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। इरफान अहमद विशेष न्यायाधीश, एंटी करप्शन यूपीएसईबी, लखनऊ को अपर निदेशक, न्यायिक प्रशिक्षण और शोध संस्थान, लखनऊ में तथा मोहम्मद राशिद विशेष न्यायाधीश, कुशीनगर, पडरौना को निबंधक, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, लखनऊ में प्रतिनियुक्ति दी गई है। रामकिशोर (चतुर्थ) अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, लखनऊ का विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन यूपीएसईबी, लखनऊ के रूप में कार्यक्षेत्र बदला गया है और ज्योत्सना सिंह (प्रथम) अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुशीनगर, पडरौना के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन करते हुए विशेष न्यायाधीश, कुशीनगर, पडरौना के रूप में उन्हें पॉक्सो के मामलों को देखने की जिम्मेदारी दी गई है।

# सात साल से नियुक्ति विभाग में जमे विशेष सचिव हटे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने बुधवार को तीन आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह को आयुक्त राज्य कर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आयुक्त राज्यकर मिनिस्ती एस. दो माह की छुट्टी पर गई हैं। विशेष सचिव नियुक्ति के पद पर सात साल से तैनात धनंजय शुक्ला को अपर आयुक्त राज्य कर बनाया गया है।

यह कुर्सी काफी समय से खाली चल रही थी। वहीं, विशेष सचिव नियुक्ति का अब पूरी तरह कार्यभार विशेष सचिव खनन विजय कुमार संभालेंगे। उनके पास अभी तक विशेष सचिव नियुक्ति का अतिरिक्त प्रभार था। अध्ययन अवकाश से लौटे डा. मन्नान अख्तर को विशेष सचिव खनन बनाया गया है। आने वाले समय में पंचम तल से लेकर शासन स्तर के कई अधिकारियों को इधर से उधर किया जाना है। एक दर्जन से अधिक जिलों के डीएम को भी हटाए जाने की चर्चाएं हैं। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल और अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डा. देवेश चतुर्वेदी के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए राज्य सरकार की ओर से एनओसी भेज दी गई है। केंद्र में तैनाती मिलने के बाद जल्द ही दोनों आईएएस अधिकारियों को कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

**आईएएस अभिषेक सिंह की वापसी पर रोक**

इस बीच, 2011 बैच के आईएएस अभिषेक सिंह के नौकरी में दोबारा आने के प्रयास पर राज्य सरकार ने रोक लगा दी है। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग द्वारा अभिषेक सिंह की सेवा में पुन: वापसी के प्रार्थना पत्र पर मांगी गई आख्या व सहमति को अस्वीकृत कर दिया है और अपनी संस्तुति भेज दी है।

# भर्ती घोटाले में डीआईओएस से 4 घंटे में पूछे 30 सवाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** फर्जी भर्ती घोटाले में बुधवार को एसआईटी ने बड़े अधिकारियों को थाने बुलाकर पूछताछ की। तत्कालीन डीआईओएस-द्वितीय से एसआईटी ने चार घंटे की पूछताछ के दौरान 30 सवालों पर जवाब मांगे। जानकारी के अनुसार एसआईटी इस मामले में तत्कालीन डीआईओएस द्वितीय की भूमिका संदिग्ध मान रही है। मामला 9 फर्जी शिक्षको की भर्ती का है।

माध्यमिक शिक्षा विभाग के फर्जी भर्ती घोटाले की आंच बड़े अधिकारियों तक पहुंच रही है। मामले की जांच कर रही एसआईटी (स्पेशल इनवेस्टिगेशन टीम) ने तत्कालीन डीआईओएस-द्वितीय मुन्नीलाल को बुलाया था। टीम ने उनसे पैनल भर्ती प्रक्रिया, मामले का सत्यापन न होना, पैनल में शामिल 9 नामों में से दोनों नियुक्तियां बालिका विद्यालय में ही होना, नियुक्ति के दौरान कार्यालय के अन्य कर्मचारियों की भूमिका व उच्च अधिकारियों की भूमिका से संबंधित तीस सवाल पूछे। टीम से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि पूर्व डीआईओएस मुन्नीलाल कई सवालों के सीधा उत्तर देने से बचते रहे। उन्होंने कई बार प्रकरण पुराना होने की बात कही। ऐसे में टीम ने अब उन्हें दोबारा बुलाने की बात कही है।

**पूर्व डीआईओएस से भी हो सकती पूछताछ**

पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक फतेह बहादुर सिंह ने भी एसआईटी इस मामले में जल्द पूछताछ कर सकती है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रकरण के दौरान वह यहां तैनात थे। ऐसे में उनसे पूछताछ से अहम खुलासे भी हो सकते हैं।

## आपूर्ति में गड़बड़ी पर दो अभियंताओं को आरोप पत्र देने के निर्देश

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने बिजली आपूर्ति में गड़बड़ी पर दो अभियंताओं को आरोप पत्र देने के निर्देश दिये, साथ ही, दो अभियंताओं को कड़ी चेतावनी दी। अध्यक्ष बुधवार को शक्ति भवन में बिजली आपूर्ति को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने प्रयागराज क्षेत्र (प्रथम) व फतेहपुर के अधीक्षण अभियंताओं को आरोप पत्र देने के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने राजस्व वसूली कम होने, ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने व उपभोक्ताओं को बिल उपलब्ध कराने में खामियां पाये जाने पर अधिशासी अभियंता कौशांबी व अधिशासी अभियंता खागा को सख्त चेतावनी दी। अध्यक्ष ने कहा कि स्थानीय खराबी के कारण उत्पन्न हो रहे बिजली संकट को दूर करने के लिए कारगर उपाय किये जायें।

# राज्य अध्यापक पुरस्कार को आवेदन 15 से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शासनादेश जारी, निदेशालय ने जारी किया आवेदन से लेकर चयन तक शेड्यूल

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार मिल सके, इसके लिए आवेदन 15 जून से शुरू हो जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई निर्धारित की गई है। शिक्षक अपना आवेदन www.prernaup.in पर कर सकेंगे। इसके लिए चयन समितियों को भी गठित कर दिया गया है।

सभी आवेदनों का जनपद स्तरीय चयन समिति अभिलेखीय आधार पर 15 से 25 जुलाई तक सत्यापन करेगी। इसके बाद फिर दो शिक्षकों का चयन करके बाद में पोर्टल के माध्यम से जिला स्तरीय समिति की ओर से राज्य चयन समिति को भेजना होगा। राज्य चयन समिति 26 जुलाई से 10 अगस्त तक पुनर्मूल्यांकन के साथ शिक्षकों का चयन करेगी। इस बारे में बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए सभी जनपदों के अध्यापक आवेदन कर सकते हैं। सत्यापन के दौरान इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा कि सत्यापित किया गया कोई भी अध्यापक अध्यापिका आपराधिक पृष्ठभूमि का न हो।

**ये अध्यापक कर सकते हैं आवेदन**


राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए वहीं शिक्षक आवेदन कर सकते हैं, जिनकी स्कूल में 100 प्रतिशत उपस्थिति हो। इसके साथ ही सेवानिवृत्त होने में पांच साल से कम समय है तो आवेदन मान्य नहीं होगा। प्राथमिक विद्यालयों में 150 से कम, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 105 से कम एवं कम्पोजिट विद्यालय में 255 छात्र-छात्राएं से कम नामांकन न हो। संविदा शिक्षक एवं शिक्षामित्र इस पुरस्कार के लिए अर्ह नहीं है। साथ ही अवकाश प्राप्त, सेवा निवृत्त शिक्षक, शैक्षिक प्रशासक, विद्यालय निरीक्षक एवं प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्थाओं के प्रशिक्षक इस पुरस्कार के लिए अर्ह नहीं है।

# दहेज के मामलों में पूर्ण धारणा के आधार पर निर्णय करना अनुचित: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दहेज उत्पीड़न और पत्नी की हत्या के आरोपी की सजा को रद करते हुए कहा कि यह न्यायिक मर्यादा है कि एक न्यायाधीश किसी मामले का निर्णय खुले मन से करे, न कि किसी पूर्व धारणा के आधार पर। अपने निष्कर्षों को उचित ठहराने के लिए मनमाने ढंग से साक्ष्यों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करना न्यायिक पीठ को शोभा नहीं देता है।

कोर्ट ने आगे यह भी माना कि महिला द्वारा अपने पति पर बिक्री रद्दीकरण कार्यवाही को वापस लेने का दबाव बनाने के लिए आत्मदाह करने की संभावना को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी और मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने साजिद की अपील स्वीकार करते हुए पारित किया, जिसमें वर्ष 2019 में अपर सत्र न्यायाधीश, हापुड़ द्वारा आईपीसी की



विभिन्न धाराओं और दहेज निषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत दोषसिद्धि और 10 वर्ष की सजा को चुनौती दी गई थी।

मृतक महिला के पिता ने प्राथमिकी में आरोप लगाया कि सास, ससुर, पति साजिद और देवर बार-बार मृतका से चार पहिया गाड़ी और दो लाख के अतिरिक्त दहेज की मांग करते थे, साथ ही 200 गज के प्लॉट को लेकर भी विवाद चल रहा था। ट्रायल कोर्ट ने मामले में पति को दोषी ठहराया और शेष आरोपियों को बरी कर दिया। अपील पर विचार करते हुए कोर्ट ने पाया कि पीड़िता ने शादी के 15 सालों के दौरान अपने पति और ससुराल वालों द्वारा दहेज की मांग के बारे में अपने माता-पिता या पुलिस को कभी नहीं बताया। गवाहों और साक्ष्यों से यह भी पता चलता है कि पति ने अपनी पत्नी के नाम पर 200 गज का एक प्लॉट खरीदा था, जिसे पत्नी ने अपने पिता की सहायता के उद्देश्य से कथित तौर पर किसी और को गुप्त रूप से बेच दिया था।

रिकॉर्ड से पता चलता है कि दंपति शादी के बाद से परिवार से अलग रह रहे थे, इसलिए ससुराल वालों द्वारा अतिरिक्त दहेज मांगने का कोई सवाल नहीं उठता है। कोर्ट ने पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर माना कि मृतका के शरीर पर मिट्टी के तेल की कोई गंध नहीं थी। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि महिला और उसके पिता ने पिता द्वारा दो प्लॉट खरीदे जाने और उसके पति द्वारा उन प्लॉटों को हड़पने के कथित प्रयासों के बारे में झूठी कहानी गढ़ी थी। पिता और बेटी ने मामले के तथ्यों में हेरा-फेरी की है, जिससे उनकी पूरी गवाही अविश्वसनीय प्रतीत होती है, इसलिए कोर्ट ने पति की अपील स्वीकार करते हुए ट्रायल कोर्ट के दोषसिद्धि और सजा के फैसले को रद कर दिया।

## वर्ग पहेली-99

**बाएं से दाएं**

3. 1. दुबकाना, छिपाना, ढांकना, ओट में करना, आड़ में करना, लुकाना 2. दबाना, डराना 3. डांटना, डपटना।

5. बातचीत का आनंद, वाग्विलास, बतरसियापन।

8. तिरस्कार पूर्वक बातें करना, झिड़कना, डपटना, डांटना।

9. 1. चुप, शांत रहना, खामोश, न बोलना 2. (मुनियों का) एक प्रकार का व्रत या चर्या। (मु.)-स्वीकृति : वह सम्मति जो किसी विषय के संबंध में चुप रहने की मानी जाती है।

10. 1. वह ग्रंथनुमा फ़ाइल जिसमें छायाचित्र (फ़ोटोग्राफ़) संगृहीत किए जाते हैं 2. किसी एक कलाकार या किसी विशेष विषय या शैली के गीतों का रिकॉर्ड

11. पुलिस की बड़ी चौकी जो कोतवाली से छोटी होती है, (पुलिस-स्टेशन)।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. ज़िंदा, प्राणयुक्त 2. जिसमें श्वांस हो 3. जीवनयुक्त, जीवंत 4. जिसमें क्रियात्मक शक्ति हो, (एलाइव) 5. जिसे फिर से जीवन मिला हो।


2. 1. अकुशल, अयोग्य 2. नासमझ, नादान, अबोध 3. कमअक्ल, मंदबुद्धि 4. नौसिखिया।

4. बिखरना, चारों ओर फैलना, छितरना।

5. एक प्रत्यय जो शब्दों के आरंभ में जुड़कर 'बड़ा' अर्थ देता है

6. 1. समीपता, नज़दीकी, पास आने का भाव 2. कोई मांगलिक अवसर या विवाह आदि का जलसा, उत्सव।

7. खनखन करने वाली चीज़।



### वर्ग पहेली -98 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 यु | गा | नु | 2 कू | ल |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ट | ■ |
| 3 सिं | ■ | 4 छु | ■ | ■ | क | ■ |
| 5 चि | ट | न | वी | 6 स | ■ | 7 खुं |
| त | ■ | मु | ■ | 8 चा | फं | द |
| ■ | 9 पि | न | पि | न | ■ | का |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | र |

## सुडोकू -12

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | 4 | | | 7 | |
| | 4 | | 3 | | | | 5 | |
| 6 | 7 | | | | 9 | | 8 | |
| | | 5 | | 1 | | | 3 | |
| 4 | 1 | 7 | | | | 2 | 9 | 6 |
| | 8 | | | 6 | | 4 | | |
| | 3 | | 4 | | | | 2 | 9 |
| | 2 | | | | 8 | | 6 | |
| | 9 | | | 5 | | | | 1 |

### सुडोकू - 11 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 7 | 3 |
| 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 2 | 5 | 9 | 4 | 6 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 |
| 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.33 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 14 जून 05 .08 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** आज विवाह संबंधी मामलों को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। कानूनी मामलों में लापरवाही भारी पड़ सकती है। विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च होगा। आप कुछ बड़े एवं साहसिक निर्णय ले सकते हैं, लेकिन अभी परिणाम को लेकर जल्दबाजी करना उचित नहीं है।

**वृष** आज परिवार के लोगों से आपका तालमेल काफी अच्छा रहेगा। कुछ लोग आपको गलत सलाह देकर भ्रमित करने का प्रयास कर सकते हैं। सेहत को लेकर सावधानी रखें। आप खानपान को लेकर काफी शौकीन हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों से मेलजोल बढ़ेगा।

**मिथुन** आज इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। यात्राओं के लिए दिन काफी सुखद रहेगा। कारोबार में विस्तार करने के योग बन रहे हैं। आप अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं।

**कर्क** आज लोग आपसे धन उधार ले सकते हैं, लेकिन वापस करने में विवाद कर सकते हैं। इसीलिए आपको धन उधार नहीं देना चाहिए। आपकी अपेक्षा के अनुसार काम नहीं होंगे। मन कुछ अप्रसन्न हो सकते हैं। परिस्थितियां आपके अनुकूल नहीं रहेंगी।

**सिंह** आज कारोबार में आप विस्तार कर सकते हैं। अपेक्षा से अधिक धन लाभ होने से आपको लाभ होगा। बीमार लोगों की सेहत में तेजी से सुधार होगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर धन खर्च होगा।

**कन्या** आज आपके सहकर्मियों के साथ अविश्वास की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। आपको धन से जुड़े हुए मामलों में सावधानी रखनी होगी। आपकी कार्यशैली में काफी बदलाव आ सकते हैं जिनसे आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** आज उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक छात्रों को सफलता मिल सकती है। धार्मिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। अधिकारी वर्ग से अपनी बातें मनवाई जा सकती है। लंबे समय से आप जिस अवसर की प्रतीक्षा में थे, वह आपको मिल सकता है।

**वृश्चिक** आज शत्रु आपके सामने काफी कमजोर पड़ेंगे। बीमा आदि के द्वारा आपको धन लाभ होगा। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं। परिजन आपका काफी ध्यान रखेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**धनु** आज का दिन आपके लिए कमजोर रहने वाला है। धन के मामलों को लेकर आपको सावधान हो जाना चाहिए। पैरों में चोट लग सकती है। उधार लिए हुए धन को लौटाने का दबाव आपको परेशान कर सकता है। परिवार को लेकर चिंता हो सकती है।

**मकर** आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सेहत को लेकर आपको काफी ध्यान रखना होगा। चिंता व तनाव लेने से आपको बचना चाहिए। होटल व्यवसायियों को मैनेजमेंट को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। आपकी किसी योजना के लंबित होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** आज कानूनी मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। किसी बड़ी समस्या का पूर्ण समाधान मिल सकता है। धन को लेकर आप काफी भाग्यशाली रहेंगे। प्रेम विवाह के लिए परिवार का समर्थन मिल सकता है।

**मीन** आज व्यवसाय को लेकर यात्रा होने के योग बन रहे हैं। कुछ लोग आपके काम में कमी निकालने का प्रयास करेंगे। आपको वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन मिलेगा। परिवार को लेकर तनाव दूर होगा। आप नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
प्रेम दीवाने — सुबह : 10 .03
हिरासत — रात : 07 .00

&pictures
खूंखार — सुबह : 10 .43
जर्सी — रात : 08 .00

SONY PIX
स्मर्फ्स : द लॉस्ट विलेज — सुबह : 10 .40
इट — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
रमैया वस्तावैया — दोपहर : 12 .09
मायोन — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
रंगीला — सुबह : 11 .46
क्वीन — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05 .58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मोनू- अगर मुझे दूसरा दिमाग लगवाने की जरूरत पड़ी तो मैं तुम्हारा दिमाग लगवाना चाहूंगा।
सोनू- मतलब तुम मानते हो कि मेरे पास जीनियस का दिमाग है?
मोनू- नहीं, मुझे ऐसा दिमाग चाहिए जो पहले कभी यूज न हुआ हो...

डॉक्टर चिंटू से- चश्मा किसके लिए बनवाना है?
चिंटू- जी, मास्टर जी के लिए
डॉक्टर- पर ऐसा क्यों?
चिंटू- क्योंकि मास्टर जी को मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 960 फ्लैग 1070 डीएमओ 845 बोल्ड 1130, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 930 फ्लैग 1080 बोल्ड 1110 डीएमओ 820।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2085, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1980, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1670, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1505, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1670, चक्र टिन 1895, ब्लू 1625, आशीर्वाद मस्टर्ड 1910, स्वास्तिक 2055, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 36000, लाल मिर्च 20000–28500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300–14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850–7300 मलका दाल 7575–7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11200, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9300, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15600, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16600, अरहर पटका छोटा 15600–15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**–डालमियां 4160, पीलीभीत 4120, नवाबगंज (नई) 4110, बहेड़ी (नई) 4120 रुपये।

# मोदी 3.0 कैबिनेट गठन के बाद बाजार पर सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद

अब जब मोदी 3.0 कैबिनेट का गठन हो चुका है जो मुख्य रूप से मोदी 2.0 जैसा ही है जिसमें गृह, रक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभाग अनुभवी मंत्रियों को दिए गए हैं? सवाल उठता है कि भारतीय शेयर बाजार के प्रदर्शन का क्या होगा, क्या इससे यह धारणा बढ़ेगी कि सरकार के 100 दिन के एजेंडे का शेयरों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आइए समझते हैं कि खुदरा निवेशकों को छोटी, मध्यम और लंबी अवधि के लिए किन शेयरों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

**मोदी 3.0 कैबिनेट की निरंतरता-बाजार की धारणा और निवेशकों का विश्वास बढ़ाना:** तीसरे कार्यकाल के लिए मोदी सरकार के दोबारा चुने जाने से, मोदी 2.0 के समान कोर कैबिनेट सदस्यों को बनाए रखते हुए, बाजार सहभागियों और खुदरा निवेशकों के बीच महत्वपूर्ण उत्साह पैदा हुआ है। इस निरंतरता को नीतिगत स्थिरता और चल रहे आर्थिक सुधारों के संकेत के रूप में माना जाता है, जिसका शेयर बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। पहले 100 दिनों के लिए सरकार का एजेंडा बुनियादी ढांचे के विकास, डिजिटल परिवर्तन, कृषि सुधार और वित्तीय समावेशन सहित कई प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, जिनका उद्देश्य आर्थिक विकास को बनाए रखना और निवेश आकर्षित करना है। इस लेख में, हम उन शेयरों का पता लगाएंगे जिन पर खुदरा निवेशकों को वर्तमान राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य के मद्देनजर लघु, मध्यम और दीर्घकालिक निवेश के लिए विचार करना चाहिए।



रजत मेहरोत्रा, वित्तीय और कर सलाहकार।

**100 दिन के एजेंडे को समझना:** स्टॉक अनुशंसाओं पर विचार करने से पहले, सरकार के 100 दिनों के एजेंडे और विभिन्न क्षेत्रों पर इसके संभावित प्रभाव को समझना आवश्यक है...

**बुनियादी ढांचा विकास:** आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और नौकरियां पैदा करने के लिए सड़क नेटवर्क, रेलवे, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विस्तार पर जोर।

**डिजिटल परिवर्तन:** डिजिटल इंडिया, तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने और इंटरनेट कनेक्टिविटी बढ़ाने जैसी पहलों पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया गया।

**कृषि सुधार:** किसानों की आय में सुधार, कृषि का आधुनिकीकरण और बेहतर बाजार पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नीतियां लागू करना।

**वित्तीय समावेशन:** वित्तीय साक्षरता और समावेशन को बढ़ाने के लिए जन धन योजना जैसी पहल को मजबूत करना और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना।

**क्षेत्रीय प्रभाव और स्टॉक अनुशंसाएं:** उपरोक्त एजेंडे को देखते हुए, कई क्षेत्रों को महत्वपूर्ण लाभ होने की संभावना है। आइए उन शेयरों पर गौर करें जिन पर खुदरा निवेशकों को ध्यान केंद्रित करना चाहिए...

**1. बुनियादी ढांचा-अल्पकालिक निवेश:** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) लार्सन एंड टुब्रो भारत में एक अग्रणी इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी है, जिसके पास मजबूत ऑर्डर बुक और मजबूत निष्पादन क्षमताएं हैं। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार के दबाव के परिणामस्वरूप एलएंडटी के ऑर्डर में वृद्धि और वित्तीय प्रदर्शन में सुधार होगा।

**मध्यम अवधि का निवेश:** अल्ट्राटेक सीमेंट जैसे-जैसे बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू होंगी, सीमेंट जैसी निर्माण सामग्री की मांग बढ़ेगी। भारत में सबसे बड़े सीमेंट उत्पादकों में से एक होने के नाते, अल्ट्राटेक सीमेंट को इस बढ़ी हुई मांग से लाभ होगा।

**दीर्घकालिक निवेश:** आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स सड़क और राजमार्ग निर्माण क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी है। सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने की सरकार की प्रतिबद्धता के साथ, आईआरबी दीर्घकालिक विकास के लिए अच्छी स्थिति में है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) और बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) परियोजनाओं पर कंपनी का ध्यान स्थिर राजस्व प्रवाह और दीर्घकालिक मूल्य सृजन सुनिश्चित करता है।

**2. डिजिटल परिवर्तन- अल्पकालिक निवेश:** इंफोसिस आईटी सेवाओं में वैश्विक अग्रणी इंफोसिस, डिजिटल परिवर्तन पहल से लाभान्वित होने के लिए तैयार है। डिजिटल सेवाओं, क्लाउड कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा में कंपनी की उपस्थिति इसे अल्पकालिक लाभ की स्थिति में लाती है क्योंकि व्यवसायों और सरकार ने डिजिटल अपनाने को बढ़ावा दिया है।

**मध्यम अवधि का निवेश:** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज एक अन्य आईटी दिग्गज टीसीएस के पास सेवाओं का एक विविध पोर्टफोलियो और एक मजबूत ग्राहक आधार है। चल रहे डिजिटल परिवर्तन से टीसीएस की सेवाओं की मांग बढ़ेगी, जिससे राजस्व में वृद्धि होगी।

**दीर्घकालिक निवेश:** प्रमुख दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल भारत की डिजिटल क्रांति में सबसे आगे है। 5जी तकनीक में कंपनी का निवेश और अपनी ब्रॉडबैंड सेवाओं का विस्तार इसे एक आकर्षक दीर्घकालिक निवेश बनाता है। जैसे-जैसे डिजिटल सेवाओं का प्रसार होता है, कंपनी को निरंतर विकास से लाभ होगा।

**निष्कर्ष :** मोदी 3.0 कैबिनेट की निरंतरता और सरकार के महत्वाकांक्षी 100 दिनों के एजेंडे ने बाजार की धारणा और निवेशकों के विश्वास को मजबूत किया है। जैसे-जैसे बुनियादी ढांचा परियोजनाएं आगे बढ़ रही हैं, डिजिटल परिवर्तन में तेजी आ रही है, कृषि सुधार लागू हो रहे हैं और वित्तीय समावेशन के प्रयास मजबूत हो रहे हैं, कई क्षेत्र विकास के लिए तैयार हैं। खुदरा निवेशक इन क्षेत्रों के शेयरों पर ध्यान केंद्रित करके, अपने निवेश को अपनी जोखिम सहनशीलता और निवेश क्षितिज के साथ जोड़कर लाभ उठा सकते हैं। हालांकि इस लेख में दी गई स्टॉक अनुशंसाएं वर्तमान बाज़ार रुझानों और अपेक्षित नीति प्रभावों पर आधारित हैं, निवेशकों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे अपना स्वयं का शोध करें और यदि आवश्यक हो तो पेशेवर सलाह लें। सूचित रहकर और रणनीतिक निवेश निर्णय लेकर, खुदरा निवेशक सरकार के एजेंडे द्वारा प्रस्तुत अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।

**ध्यान दें :** इस लेख में उल्लिखित स्टॉक केवल सूचनात्मक उद्देश्यों के लिए हैं और इन्हें वित्तीय सलाह के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। शेयर बाजार में निवेश करने में जोखिम शामिल है और कोई भी निवेश निर्णय लेने से पहले गहन शोध करना या परामर्श आवश्यक है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,750 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,450 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,750–54,950 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 71,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,500 |
| चांदी तैयार | 89,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,600 |
| चांदी पक्की | 883 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,050 |
| चांदी आभूषण | 89,300। |

## सोने की कीमत में 250 और चांदी में 800 रुपये की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 250 रुपये की बढ़त के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 800 रुपये उछलकर 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।

## अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन 3 माह के निचले स्तर पर पहुंचा

- आंकड़ों के मुताबिक पांच प्रतिशत बढ़ा उत्पादन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) अप्रैल में विनिर्माण क्षेत्र के सुस्त प्रदर्शन की वजह से 3 माह के निचले स्तर पांच प्रतिशत पर आ गया। हालांकि, इस दौरान खनन और बिजली क्षेत्र का प्रदर्शन अच्छा रहा।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक गतिविधियों का सूचक माना जाने वाला औद्योगिक उत्पादन सूचकांक अप्रैल महीने में पांच प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.6 प्रतिशत बढ़ा था। औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च, 2024 में 5.4 प्रतिशत रही थी जबकि फरवरी में यह 5.6 प्रतिशत के स्तर पर थी। इस तरह अप्रैल में यह सूचकांक मासिक आधार पर घटा है। आईआईपी का पिछला निचला स्तर जनवरी, 2024 में 4.2 प्रतिशत रहा था। वित्त वर्ष 2023-24 में आईआईपी वृद्धि दर 5.9 प्रतिशत रही, जबकि 2022-23 में यह 5.2 प्रतिशत थी।

## जीवन बीमा कंपनियों को पॉलिसी पर उपलब्ध करानी होगी ऋण सुविधा

**नई दिल्ली।** भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने सभी जीवन बीमा बचत उत्पादों में पॉलिसी ऋण की सुविधा अब अनिवार्य कर दी है, जिससे पॉलिसीधारकों को नकदी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। जीवन बीमा पॉलिसी के संबंध में सभी विनियमों को एकीकृत करने वाले मास्टर परिपत्र को बुधवार को जारी करते हुए इरडा ने कहा कि फ्री-लुक अवधि अब 30 दिन की है। पहले यह अवधि 15 दिन थी। फ्री-लुक अवधि में पॉलिसी के नियमों तथा शर्तों की समीक्षा करने के लिए समय प्रदान किया जाता है।

## चुनिंदा शेयरों में खरीदारी से निफ्टी नए उच्चस्तर पर, सेंसेक्स 150 अंक चढ़ा

- बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का पूंजीकरण रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**

वैश्विक स्तर पर मजबूती के संकेतों के बीच घरेलू बाजार में बिजली, पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक शेयरों में खरीदारी आने से बुधवार को निफ्टी ने अपना उच्चतम स्तर छुआ जबकि सेंसेक्स अपने रिकॉर्ड स्तर से थोड़ा ही दूर रहा।

बेहद अस्थिर कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 149.98 अंक यानी 0.20 प्रतिशत चढ़कर 76,606.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 593.94 अंक यानी 0.77 प्रतिशत बढ़कर 77,050.53 अंक पर पहुंच गया था, जो इसके सर्वकालिक उच्चस्तर 77,079.04 से केवल 28.51 अंक दूर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 177.1 अंक यानी 0.76 प्रतिशत बढ़कर दिन में कारोबार के दौरान 23,441.95 के अपने नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। वहीं बाजार में तेजी के रुख के बीच बुधवार को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण बढ़कर 429.32 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया।

## राष्ट्रीय

# दबाव बनाने की रणनीति पर नहीं जारी कर सकते एलओसी

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने बैंक की ओर से जारी किया गया लुकआउट सर्कुलर खारिज करते हुए की टिप्पणी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि जब धोखाधड़ी या पैसे की हेराफेरी का कोई आरोप न हो तो बैंक कर्ज वसूली के लिए दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी नहीं कर सकता।

अदालत ने उस कंपनी के पूर्व निदेशक के खिलाफ जारी एलओसी को खारिज कर दिया, जो कर्ज चुकाने में विफल रही और जिस पूर्व निदेशक ने कर्ज के लिए गारंटी दी थी। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि एलओसी विदेश यात्रा करने के इच्छुक व्यक्ति के लिए एक बड़ी बाधा है। इसने कहा कि किसी व्यक्ति को बहुत ही मजबूर करने वाले कारणों के अलावा विदेश जाने के उसके अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने 28 मई को पारित अपने फैसले में कहा-इस न्यायालय की राय है कि कानून में उपलब्ध सभी उपायों का सहारा लेने के बाद बैंक उस व्यक्ति से कर्ज वसूली के लिए दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर एलओसी जारी नहीं कर सकता, जो अधिक भुगतान करने में असमर्थ हो और उसके खिलाफ ऋण धोखाधड़ी में शामिल होने या ऋण राशि के गबन का आरोप न हो।




अदालत ने कहा कि मौजूदा मामले में याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई आपराधिक कार्यवाही लंबित नहीं है और न ही उसके खिलाफ गबन में शामिल होने का कोई आरोप है। याचिकाकर्ता कंपनी के निदेशकों में से एक था, जिसने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से प्राप्त 69 करोड़ रुपये के ऋण की गारंटी दी थी। बाद में उसने कंपनी से इस्तीफा दे दिया और दूसरी संस्था में नौकरी करने लगा। कंपनी के ऋण चुकाने में विफल रहने के बाद बैंक ने विभिन्न कानूनों के तहत उसके (निदेशक के) खिलाफ कार्यवाही शुरू की और एलओसी जारी करने का भी अनुरोध किया।

अदालत ने कहा कि यद्यपि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत विदेश यात्रा करने के अधिकार की गारंटी दी गई है और इसे मनमाने एवं अवैध तरीके से नहीं छीना जा सकता है, लेकिन "अब बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जहां बैंक बिना किसी आपराधिक कार्यवाही शुरू किये पैसे वसूलने के उपाय के तौर पर लुकआउट सर्कुलर खोलने पर जोर दे रहे हैं।

### न्यायालय ने कहा-बैंक ऋण चूक के हर मामले में एलओसी का सहारा नहीं लिया जा सकता

अदालत ने कहा कि केंद्र के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, एलओसी तब जारी किया जा सकता है जब किसी व्यक्ति की विदेश रवानगी भारत की संप्रभुता या सुरक्षा या अखंडता या द्विपक्षीय संबंधों अथवा भारत के रणनीतिक और/या आर्थिक हितों के लिए हानिकारक हो। अदालत ने कहा कि बैंक ऋण चूक के हर मामले में एलओसी का सहारा नहीं लिया जा सकता है, क्योंकि नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि उपर्युक्त के मद्देनजर, याचिकाकर्ता के खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर को रद किया जाता है।

## ओडिशा के 15वें मुख्यमंत्री बने मोहन चरण माझी

- केवी सिंहदेव और प्रभाती परिदा बने डिप्टी सीएम

**भुवनेश्वर, एजेंसी:** आदिवासी नेता एवं चार बार के विधायक मोहन चरण माझी ने बुधवार को यहां एक समारोह में ओडिशा के पहले भाजपा मुख्यमंत्री व राज्य के 15वें सीएम के रूप में शपथ ली। शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री शामिल हुए। वहीं पटनागढ़ से विधायक केवी सिंह देव तथा निमापारा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बनीं प्रभाती परिदा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।



मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भुवनेश्वर में शपथ लेते हुए।

पिछली विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक रहे माझी हाल में हुए विधानसभा चुनाव में चौथी बार विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने क्योंझर विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज की। जनता मैदान में राज्यपाल रघुबर दास ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। यह पहली बार है जब ओडिशा में भाजपा की सरकार बनी है। समारोह में मोदी के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, भूपेन्द्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, जुएल उरांव, अश्विनी वैष्णव और अन्य शामिल हुए। सुरेश पुजारी, रबिनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड, कृष्ण चंद्र पात्र, पृथ्वीराज हरिचंदन, मुकेश महालिंग, बिभूति भूषण जेना और कृष्ण चंद्र महापात्र ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। गणेश राम सिंह खूंटिया, सूर्यबंशी सूरज, प्रदीप बालासनंता, गोकुला नंदा मल्लिक और संपद कुमार स्वैन ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र) के रूप में शपथ ली। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश, गोवा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम, गुजरात, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड सहित भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री भी उपस्थित थे।

## चंद्रबाबू नायडू ने चौथी बार संभाली आंध्र की कमान



मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया। ● एजेंसी

- पवन कल्याण ने ली डिप्टी सीएम पद की शपथ

**अमरावती, एजेंसी:** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में चौथी बार शपथ ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। जनसेना प्रमुख एवं अभिनेता पवन कल्याण, चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश समेत अन्य ने मंत्री पद की शपथ ली। वहीं पवन कल्याण अब बतौर डिप्टी सीएम आंध्रप्रदेश का कार्यभार सभांलेंगे।

आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने नायडू और अन्य को शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद चंद्रबाबू नायडू को प्रधानमंत्री मोदी ने गले लगाया और उनकी पीठ थपथपाई। बाद में, प्रधानमंत्री ने अभिनेता चिरंजीवी और पवन कल्याण का हाथ पकड़कर उनसे आत्मीयता से बात की और मंच पर तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम, तमिल सुपरस्टार रजनीकांत और उनकी पत्नी लता के साथ भी बातचीत की। हाल में हुए चुनाव में नायडू ने अपनी कुप्पम सीट बरकरार रखी, जबकि पवन कल्याण और लोकेश ने पिथापुरम और मंगलगिरि विधानसभा क्षेत्रों से जीत हासिल की। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी तथा जे.पी. नड्डा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी इस मौके पर मौजूद थे।

## एक नजर

### गाजियाबाद में मकान में लगी आग, दो बच्चों सहित पांच जिंदा जले

**गाजियाबाद।** लोनी थाना क्षेत्र के बहेटा में एक तीन मंजिला मकान में आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। घर में कुल सात लोग थे जिसमें से दो लोगों को बचा लिया गया। पांच लोग मौके पर फंस गए। आग की सूचना मिलते ही दमकल मौके पर पहुंच गई। आसपास के लोगों ने दो लोगों को बाहर निकाला। मृतकों में बच्चे, बुजुर्ग भी शामिल हैं। एक सात वर्ष की बच्ची और एक सात महीने का बच्चा व दो महिला और एक पुरुष की सूचना है।

### मप्र में दूषित जल पीने से दो लोगों की मौत

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले के फूप कस्बे में पिछले दो दिनों में कथित तौर पर दूषित जल पीने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी और कुछ अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि सोमवार सुबह से क्षेत्र के मुख्य रूप से नगर निगम के तीन वार्डों से जल जनित संक्रमण की सूचना मिली, इसके बाद उल्टी और दस्त से पीड़ित रोगियों की संख्या 84 हो गई। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डीके शर्मा ने बताया कि रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि के चलते एक शिविर स्थापित किया है।

## राहुल गांधी की दुविधा: रायबरेली लोकसभा सीट छोड़ें या वायनाड

**मलप्पुरम (केरल), एजेंसी**



- कांग्रेस नेता ने कहा-मेरे फैसले से दोनों क्षेत्रों के लोग उससे खुश होंगे

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि वह इस दुविधा में हैं कि उन्हें वायनाड और रायबरेली लोकसभा सीट में से कौन सी सीट छोड़नी चाहिए। गांधी ने 2024 के आम चुनाव में इन दोनों सीट पर जीत दर्ज की है।

उन्होंने कहा कि वह जो भी निर्णय लेंगे, दोनों निर्वाचन क्षेत्र के लोग उससे खुश होंगे। उन्होंने लोकसभा में दूसरे कार्यकाल के लिए उन्हें चुनने के लिए वायनाड के लोगों को धन्यवाद दिया। कांग्रेस नेता ने यहां एक जनसभा में कहा-मैं आपसे जल्द ही मिलने की उम्मीद करता हूं। मेरे सामने दुविधा है कि मैं वायनाड का सांसद बना रहूं या रायबरेली का। मैं उम्मीद करता हूं वायनाड और रायबरेली दोनों ही मेरे फैसले से खुश होंगे। लगातार दूसरी बार वायनाड लोकसभा सीट से भारी अंतर से जीत हासिल करने के बाद यह उनकी राज्य में पहली यात्रा है। गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें भगवान से कोई निर्देश नहीं मिलता कि क्या करना है, जैसा कि प्रधानमंत्री अपने बारे में दावा करते हैं। मोदी का उपहास उड़ाते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि भगवान ने प्रधानमंत्री को देश के प्रमुख हवाईअड्डों और बिजली संयंत्रों को अडाणी को सौंपने का निर्देश दिया है और फिर भगवान उन्हें (मोदी को) रक्षा क्षेत्र में उद्योगपति की मदद करने के लिए अग्निवीर योजना लाने का निर्देश देते हैं।

### अखिलेश ने करहल विस सीट से दिया इस्तीफा

**लखनऊ।** सांसद बनने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव और अवधेश प्रसाद ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। सांसद बने सपा के अन्य सात विधायक भी इस्तीफा देने की तैयारी में हैं। कन्नौज सीट से सांसद बने अखिलेश यादव ने करहल विधानसभा सीट से तो वहीं फैजाबाद सीट से सांसद अवधेश प्रसाद ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट के इस्तीफा दिया।



## ओडिशा की भाजपा सरकार आज सुबह जगन्नाथ मंदिर के सभी चार द्वार खोलेगी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की भाजपा सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के सभी चार द्वारों को बृहस्पतिवार सुबह से फिर से खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी और 12वीं शताब्दी के इस मंदिर की तत्काल आवश्यकता के लिए एक निधि स्थापित की। यह जानकारी मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्य सचिवालय लोक सेवा भवन में अपने मंत्रियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करने के बाद दी। माझी ने कहा-राज्य सरकार ने सभी मंत्रियों की मौजूदगी में कल सुबह पुरी जगन्नाथ मंदिर के सभी चार द्वार फिर से खोलने का फैसला किया है। श्रद्धालु चारों द्वारों से मंदिर में प्रवेश कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मंदिरों के द्वार खोलना भाजपा के चुनाव घोषणापत्र का एक वादा था और द्वार बंद होने से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

## कोर्ट ने पूछा-टैंकर माफिया के खिलाफ आपने क्या कार्रवाई की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया को लेकर दिल्ली की आप सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए बुधवार को पूछा कि इस समस्या से निपटने के लिए उसने क्या कदम उठाए हैं। न्यायालय ने कहा कि दिल्ली में लोग पानी की किल्लत से परेशान हैं। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार से कहा कि यदि वह टैंकर माफिया से नहीं निपट सकती तो वह शहर की पुलिस से टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने को कहेगी। पीठ ने कहा कि पानी की बर्बादी रोकने के लिए कानून क्यों नहीं हो सकते।

# नीट-यूजी परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर आज सुनवाई

- अलग-अलग दायर दो याचिकाओं को भी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय बृहस्पतिवार को तीन याचिकाओं पर सुनवाई करेगा, जो मेडिकल शिक्षा से जुड़े विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विवादित परीक्षा 'नीट-यूजी 2024' से संबंधित हैं। इनमें से एक याचिका शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फीजिक्स वाला ने दायर की है।

उच्चतम न्यायालय की अद्यतन कार्यसूची के अनुसार, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 के आयोजन से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। 'फीजिक्स वाला' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अलख पांडे ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को कथित तौर पर मनमाने तरीके से कृपांक दिए जाने के खिलाफ सर्वोच्च अदालत का रुख किया है। न्यायालय ने अब्दुल्ला मोहम्मद फैज और जे. कार्तिक द्वारा अलग-अलग दायर दो याचिकाओं को भी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।




### कोई पेपर लीक नहीं हुआ है: एनटीए

एनटीए अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि नीट-यूजी परीक्षा में 63 विद्यार्थियों द्वारा अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने के मामले सामने आए, जिनमें से 23 छात्रों को अलग-अलग अवधि के लिए परीक्षा देने से प्रतिबंधित कर दिया गया,लेकिन उन्होंने दोहराया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा की पवित्रता से समझौता नहीं किया गया है और कोई पेपर लीक नहीं हुआ है। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले शेष 40 अभ्यर्थियों के परिणाम रोक दिए गए हैं।

### फीजिक्स वाला ने शीर्ष अदालत में दी चुनौती

शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फीजिक्स वाला के मुख्य कार्यकारी अलख पांडे ने मेडिकल शिक्षा से जुड़े विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विवादित परीक्षा नीट-पीजी 2024 में शामिल होने वाले 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा कथित तौर पर बेतरतीब ढंग से कृपांक दिए जाने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। न्यायालय ने मंगलवार को कहा था कि राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024 की शुचिता प्रभावित हुई है।



# इंग्लैंड के अरमानों पर बारिश का पहरा

**इंग्लैंड vs ओमान**
**रात 12 :30 बजे**

नॉर्थ साउंड, एजेंसी



अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब इंग्लैंड के अरमानों पर ओमान के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बारिश पानी फेर सकती है। पूर्व चैंपियन इंग्लैंड को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए ग्रुप बी के अपने बाकी बचे दोनों मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। उसका दो मैच में केवल एक अंक है जो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ बारिश के कारण मैच नहीं हो पाने के कारण मिला था।

जोस बटलर की अगुवाई वाली टीम के लिए खबर अच्छी नहीं है क्योंकि मौसम विभाग ने ओमान के खिलाफ मैच के दिन बारिश की संभावना व्यक्त की है। इंग्लैंड को ओमान के बाद अपना आखिरी लीग मैच इसी मैदान पर नामीबिया के खिलाफ खेलना है। इन दोनों मैच में जीत के बावजूद भी इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के बीच होने वाले मैच में अनुकूल परिणाम के लिए दुआ करनी होगी। ऑस्ट्रेलिया लगातार तीन मैच में जीत से सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुका है। स्कॉटलैंड तीन मैच में पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर है और अगर वह अपने अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है तो उसके सात अंक हो जाएंगे और वह सुपर 8 में जगह बना देगा। इसलिए इंग्लैंड इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की जीत की दुआ करेगा। जहां तक ओमान का सवाल है तो उसने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और वह अगले दौर में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। यह मैच भारतीय समयानुसार शुक्रवार रात 12.30 बजे से होगा।

# उम्मीदें जिंदा रखने के लिए भिड़ेंगे बांग्लादेश और नीदरलैंड

किंग्सटाउन, एजेंसी

**मैच : रात 8 :00 बजे**



बांग्लादेश और न्यूजीलैंड टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाने के लिए गुरुवार को यहां एक दूसरे का सामना करेंगे। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी से शीर्ष पर रहकर पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है।

बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड के समान दो दो अंक हैं। बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं लेकिन उनके पास भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में जगह बनाने का मौका है। बांग्लादेश ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को दो विकेट से हराया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसके बल्लेबाज अपेक्षाकृत छोटा लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे थे और उसे चार रन से हार का सामना करना पड़ा था। नीदरलैंड की टीम भी पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका से हार गई थी और वह भी वापसी करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा।



# करो या मरो मैच में न्यूजीलैंड का सामना वेस्टइंडीज से

टरूबा, एजेंसी

**मैच : सुबह 6 :00 बजे**

न्यूजीलैंड को अगर टी-20 विश्व कप में अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां होने वाले करो या मरो मैच में बेहतर प्रदर्शन करके हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और उसकी पूरी टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आउट हो गई जिससे उसे 84 रन से हार का सामना करना पड़ा। इससे उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया और वह ग्रुप सी में सबसे निचले स्थान पर है। केन विलियमसन की अगुवाई वाली टीम को अब उस प्रदर्शन को भूलकर वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा खेल दिखाना होगा। वहीं, वेस्टइंडीज के साथ ऐसी कोई दिक्कत नहीं है और लगातार तीसरी जीत से वह सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर लेगा। पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ वेस्टइंडीज को आसान जीत नहीं मिली लेकिन पिछले मैच में युगांडा को उसने 39 रन पर आउट करके 134 रन की बड़ी जीत दर्ज की थी। यह मुकाबाला भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे से शुरू होगा।

## खेल डायरी

### पूर्व फुटबॉलर और कोच टी के चथुन्नी का निधन



**कोच्चि।** पूर्व भारतीय फुटबॉलर और कोच टी के चथुन्नी का बुधवार को यहां निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ समय से कैंसर से पीड़ित थे। चथुन्नी को रक्षापंक्ति में कुशल खिलाड़ी माना जाता था। उन्होंने संतोष ट्रॉफी में केरल और गोवा का प्रतिनिधित्व किया। खेल से संन्यास लेने के बाद वह कोच बन गए और अगले 40 वर्ष तक भारतीय फुटबॉल में अपनी अमिट छाप छोड़ी। चथुन्नी कई टीमों के कोच रहे जिनमें मोहन बागान, डेंपो गोवा और एफसी कोचीन भी शामिल हैं। वह 1979 में केरल की संतोष ट्रॉफी टीम के कोच भी रहे। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीसन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

### 2027 तक मुंबई सिटी एफसी में बने रहेंगे वालपुइया




**मुंबई।** वालपुइया के नाम से पहचाने जाने वाले हमिंगथनमाविया राल्ते ने मुंबई सिटी एफसी के साथ अपना अनुबंध 2027 सत्र तक बढ़ा दिया है। क्लब ने बुधवार को मिजोरम के इस खिलाड़ी को टीम का अहम सदस्य करार दिया। वह इस टीम से ऐतिहासिक रहे 2020-21 सत्र में जुड़े थे। मुंबई सिटी एफसी ने इस साल आईएसएल शील्ड और खिताब जीता था। वालपुइया को मुंबई सिटी एफसी ने 2022-23 सत्र में राउंडग्लास पंजाब को उधार दिया था। उनके अहम योगदान से राउंडग्लास पंजाब आई-लीग से आईएसएल में प्रमोट होने में सफल रहा। मुंबई सिटी एफसी के लिए 23 मैच खेल चुके इस खिलाड़ी ने कहा क्लब ने एक व्यक्ति और एक खिलाड़ी दोनों के रूप में मेरे विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टीम के सहयोगी सदस्यों, साथी खिलाड़ियों और सभी कोच ने मेरे खेल को बेहतर बनाने में लगातार मदद की है और मेरी क्षमताओं पर अटूट भरोसा दिखाया है।

### साथ आए वर्ल्ड एथलेटिक्स और टाटा कम्युनिकेशंस

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड एथलेटिक्स ने बुधवार को टाटा कम्युनिकेशंस के साथ पांच साल का वैश्विक प्रसारण सेवा समझौता किया जिससे भारतीय दूरसंचार कंपनी अगले साल से तोक्यो विश्व चैंपियनशिप सहित एथलेटिक्स की अन्य प्रमुख प्रतियोगिताओं की कवरेज में भागीदार बन जाएगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने एक बयान में कहा कि टाटा कम्युनिकेशंस नवाचार और दर्शकों की भागीदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के उद्देश्य से एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन के लिए एक प्रमुख रणनीतिक आपूर्तिकर्ता होगा। वर्ष 2025 में मार्च में नानजिंग में विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप, मई में ग्वांग्झू में विश्व एथलेटिक्स रिले और सितंबर में सेन डिएगो में विश्व एथलेटिक्स रोड रनिंग चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट शामिल हैं। द्विवार्षिक विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स सीरीज के टूर्नामेंटों के मेजबान प्रसारक के रूप में टाटा कम्युनिकेशंस कवरेज तैयार करने और महाद्वीपों में अनुकूलित, विश्व स्तरीय लाइव सामग्री वितरित करने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### स्पेन का प्रतिनिधित्व करेंगे नडाल और अलकराज



**मैड्रिड।** राफेल नडाल और कार्लोस अलकराज पेरिस ओलंपिक में स्पेन के लिए युगल मुकाबले खेलेंगे। यह जानकारी स्पेन की टेनिस महासंघ ने बुधवार को दी। अलकराज ने रविवार को फ्रेंच ओपन जीता था जो इस 21 साल के खिलाड़ी का तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इस खेल के सबसे बड़े दिग्गजों में शामिल 38 साल के नडाल के पास पहले से ही 22 ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ एकल (2008) और युगल (2016 में मार्क लोपेज के साथ) में ओलंपिक स्वर्ण पदक हैं।

# भारत मैच जीता, अमेरिका ने जीते दिल

## अमेरिका को 7 विकेट से हराया, सूर्या ने जड़ा अर्धशतक, अर्शदीप ने की शानदार गेंदबाजी

न्यूयॉर्क, एजेंसी




अर्शदीप के नौ रन पर चार विकेट के बाद सूर्यकुमार यादव नाबाद (50) और शिवम दुबे नाबाद (31) रनों की जुझारु पारियों के दम पर भारत ने बुधवार को टी-20 विश्वकप के 25वें मुकाबले में अमेरिका को सात विकेट से हराकर सुपर आठ में पहुंच गया, लेकिन अमेरिका की टीम ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीता। अमेरिकी टीम एक समय भारतीय टीम पर भारी पड़ती नजर आई।

111 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारत ने 15 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये थे। विराट कोहली (शून्य) रोहित शर्मा (3) रन बनाकर आउट हुए। दोनों बल्लेबाजों को सौरभ नेत्रवलकर ने आउट किया। आठवें ओवर में तीसरे विकेट के रूप में ऋषभ पंत (18) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने 49 गेंदों में नाबाद 50 रनों की पारी खेली। वहीं शिवम दुबे ने नाबाद 31 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिये 67 रनों की साझेदारी हुई। भारत ने 18.2 ओवर में तीन विकेट पर 111 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया।

इससे पहले नितीश कुमार (27) और स्टीवन टेलर (24) की पारियों के दम पर अमेरिका ने भारत को जीत के लिए 111 रनों का लक्ष्य दिया था। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओर में तीन रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। शयन जहांगीर (शून्य), ऐंड्रियस गौस (2) अर्शदीप का शिकार बने। स्टीवन टेलर और कप्तान ऐरन जोंस ने पारी को संभालने का प्रयास किया। आठवें ओवर में हार्दिक पांड्या ने ऐरन जोंस (11) को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। नितीश कुमार ने 23 गेंदों में सर्वाधिक 27 रनों की पारी खेली। कोरी एंडरसन (15), हरमीत (10) और जसदीप (2) बनाकर आउट हुए। शैडली वान शाल्कविक (11) रन बनाकर नाबाद रहे। अमेरिका ने आठ विकेट पर 110 रन बनाए। अर्शदीप ने नौ रन देकर चार विकेट लिए। हार्दिक को दो और अक्षर को एक विकेट मिला।

### स्कोर बोर्ड

| अमेरिका 110/8 (20 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शायन जहांगीर पगबाधा अर्शदीप | 0 | 0 | 0/0 |
| स्टीवन टेलर बोल्ड अक्षर | 24 | 30 | 0/2 |
| एंड्रीज गॉज कैच हार्दिक बो अर्शदीप | 2 | 5 | 0/0 |
| अरोन जोन्स कैच सिराज बो हार्दिक | 11 | 22 | 0/1 |
| नीतिश कुमार कैच सिराज बो अर्शदीप | 27 | 23 | 2/1 |
| कॉरी एंडरसन कैच पंत बो हार्दिक | 14 | 12 | 1/1 |
| हरमीत सिंह कैच पंत बो अर्शदीप | 10 | 10 | 0/1 |
| शैडली वैन नाबाद | 11 | 10 | 1/0 |
| जसदीप सिंह रनआउट (पंत/सिराज) | 2 | 7 | 0/0 |

अतिरिक्त : 8, गेंदबाजी : अर्शदीप सिंह 4-0-9-4, सिराज 4-0-25-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-25-0, हार्दिक 4-0-14-2, शिवम दुबे 1-0-11-0, अक्षर पटेल 3-0-24-1

| भारत 111/3 (18.2 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा कै हरमीत बो सौरभ | 3 | 6 | 0/0 |
| विराट कोहली कैच एंड्रीज बो सौरभ | 0 | 1 | 0/0 |
| ऋषभ पंत बोल्ड अली खान | 18 | 20 | 1/1 |
| सूर्यकुमार नाबाद | 50 | 49 | 2/2 |
| शिवम दुबे नाबाद | 31 | 35 | 1/1 |

अतिरिक्त : 9, गेंदबाजी : सौरभ 4-0-18-2, अली खान 3 .2-0-21-1, जसदीप सिंह 4-0-24-0, शैडली वैन 4-0-25-2, एंडरसन 3-0-17-0

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 1.137 | 0 |
| अमेरिका | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.127 | 0 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.493 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 3.580 | 0 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.309 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | 1 | -1.800 | 1 |
| ओमान (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.613 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 4 | 5.225 | 0 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 2 | 0 | 4 | 3.574 | 0 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 1 | 0 | 1 | 0 | -4.200 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.603 | 0 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.075 | 0 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.024 | 0 |
| नेपाल | 2 | 0 | 1 | 1 | -0.539 | 1 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |



# नामीबिया को हराकर ऑस्ट्रेलिया सुपर आठ में

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

एडम जम्पा 12 रन पर चार विकेट के कहर के बाद डेविड वार्नर (20) और ट्रेविस हेड (34) की तूफानी पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्वकप के 24वें मुकाबले में महज 34 गेंदों में लक्ष्य हासिल सकते हुए नामीबिया को रिकार्ड नौ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सुपर आठ में प्रवेश कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और उसे सही साबित करते हुए उसके गेंदबाजों ने नामीबिया की पूरी टीम को 17 ओवर में महज 72 रन पर समेट दिया।

नामीबिया की ओर से कप्तान एरार्ड इरास्मस ने सर्वाधिक 34 रन बनाए। माइकल वैन लिंगेन 10 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के कहर के आगे नामीबिया का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सका। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऐडम जम्पा ने चार विकेट लिये। जॉश हेजलवुड और मार्कस स्टॉयनिस को दो-दो विकेट मिले। पैट कमिंस और नेथन एलिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 73 रनों के छोटे लक्ष्य के जवाब में ऑस्ट्रेलिया की डेविड वॉर्नर और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में शुरुआत की। इसी दौरान दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर डेविड वीजा ने वॉर्नर को रुबेन ट्रंपलमन के हाथों कैच आउट करा दिया। वॉर्नर ने आठ गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 20 रन बनाए। वहीं ट्रैविस हेड ने 17 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 34 रनों की पारी खेली। कप्तान मिचेल मार्श नौ गेंदों में 18 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने 5.4 ओवर में एक विकेट पर 74 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया।


जीत के बाद प्रतिद्वंद्वी टीम को सराहते कप्तान मार्श और ट्रेविस हेड। ● एजेंसी


मैच रद होने के बाद दर्शकों का अभिवादन करती नेपाल की टीम। ● एजेंसी

# बारिश के कारण श्रीलंका और नेपाल का मुकाबला हुआ रद

लॉडरहिल, एजेंसी

श्रीलंका और नेपाल के बीच होने वाला टी-20 विश्वकप का 23वां मैच बारिश के कारण रद कर दिया गया। बारिश के कारण मैच का टॉस भी नहीं हो सका।

अंपायरों ने भारी बारिश को देखते हुए मैच रद करने का निर्णय लेते हुए दोनों टीमों के बीच एक-एक अंक बांट दिए। रद हुए मैच के कारण श्रीलंका पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। श्रीलंका ग्रुप डी में तीन मैचों में दो हार एक रद के साथ अंक तालिका में एक अंक साथ सबसे निचले पायदान पर है। बारिश के कारण मैच रद होने से श्रीलंका सुपर-8 में प्रवेश मुश्किल हो गया। उसे अगले दौर में प्रवेश के लिए दूसरे देशों की टीम के मुकाबलों पर निर्भर रहना होगा।

# दूसरे दौर में पहुंचे एचएस प्रणय

सिडनी, एजेंसी

**ऑस्ट्रेलियन ओपन**



भारत के स्टार शटलर एचएस प्रणय ने बुधवार को पुरुष एकल मुकाबले में ब्राजील के यगोर कोएलो को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 प्रतियोगिता में अपने राउंड ऑफ 32 मैच में दुनिया के 49वें नंबर के खिलाड़ी ब्राजील के यगोर कोएलो को 47 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे सेट में 21-10, 23-21 से हराया।

इस जीत के साथ भारत के शीर्ष शटलर प्रणय राउंड ऑफ 16 में दुनिया के 53वें नंबर के खिलाड़ी इजरायल के मिशा जिल्बरमैन से भिड़ेंगे। जिल्बरमैन ने इससे पहले भारत के अभिषेक येलिगर को 21-9, 21-15 से हराया था। इस बीच किरण जॉर्ज ने शुरुआती दौर में कनाडा की शियाओडोंग शेंग को 21-17, 21-10 से हराया और अगले मैच में उनका मुकाबला जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो से होगा। मिथुन मंजूनाथ को इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 21-17, 21-17 से हार का स्वाद चखना पड़ा है। महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप ने पहले दौर में यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को सीधे सेटों में 21-14, 21-11 से हराया।

आकर्षि का दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू तेओह से मुकाबला होगा। वहीं हमवतन केयूरा मोपाती को 21-10, 21-18 से हराने वाली मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त एस्टर ट्राई वार्डोयो से मुकाबला होगा। अनुपमा उपाध्याय ने भी मलेशिया की वोंग लिंग चोंग को 47 मिनट में चले मुकाबले में 21-14, 23-21 से हराया। राउंड ऑफ 16 में उनका मुकाबला इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा।

# रोनाल्डो के दो गोल से पुर्तगाल ने आयरलैंड को हराया



**लिस्बन।** स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के अभ्यास मैच में आयरलैंड को 3-0 से पराजित करके अपनी तैयारी का सबूत पेश किया। पुर्तगाल की तरफ से जोआओ फेलिक्स ने पहला गोल किया। इसके बाद 39 वर्षीय रोनाल्डो ने दूसरे हाफ में दो गोल दागे। यूरोपीय चैंपियनशिप के अपने पहले मुकाबले में पुर्तगाल का सामना अगले मंगलवार को लीपजिग में चेक गणराज्य से होगा। इसके बाद वह ग्रुप एफ में तुर्की और जॉर्जिया से भी खेलेगा। रोनाल्डो पिछले सप्ताह फिनलैंड और क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैचों में नहीं खेले थे। आयरलैंड के खिलाफ रोनाल्डो के पास 22वें मिनट में फ्री किक पर गोल करने का मौका था लेकिन वह चूक गए। इसके बाद उन्होंने 50वें और 60वें मिनट में गोल किए।

### द. कोरिया से हारा चीन लेकिन विश्व कप की उम्मीदें कायम

**सियोल।** चीन ने दक्षिण कोरिया से 0-1 हारने के बावजूद 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रवेश करने की अपनी उम्मीद जीवंत राखी। चीन विश्व कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर में प्रवेश करने में सफल रहा क्योंकि थाईलैंड एक अन्य मैच में सिंगापुर को 3-1 से ही हरा पाया। थाईलैंड को आगे बढ़ने के लिए इस मैच में 3-0 से जीत की जरूरत थी। दक्षिण कोरिया एशियाई क्वालीफाइंग के ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा और इस तरह से उसने लगातार 11वीं बार विश्व कप में जगह बनाने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाए।

# कतर के विवादास्पद गोल की जांच हो : एआईएफएफ

नई दिल्ली, एजेंसी

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मैच आयुक्त को शिकायत करके दोहा में विश्व कप क्वालीफाइंग के अपने महत्वपूर्ण मुकाबले में कतर को विवादास्पद गोल देने की जांच की मांग की है। एआईएफएफ के सूत्रों ने बताया कि उन्होंने गोल की गहन जांच की मांग है।

मंगलवार को जस्सिम बिन हमाद स्टेडियम में करो या मरो के मुकाबले में भारत की 1-2 की हार के दौरान रैफरी किम वू सुंग ने गोल को स्वीकृति दी थी जबकि इससे पहले ही गेंद खेल के मैदान से बाहर जा चुकी थी। इस गोल पर काफी विवाद हुआ क्योंकि इसने 2026 के टूर्नामेंट के लिए भारत को पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश से वंचित कर दिया। मैच के 73वें मिनट में अब्दुल्लाह अलाहरक की फ्री किक पर यूसेफ आयमेन ने हेडर लगाने का प्रयास किया जिसे भारतीय कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने रोक दिया। गुरप्रीत हालांकि मैदान पर गिर गए और इस दौरान गेंद खेल के मैदान से बाहर चली गई। हाशमी हुसैन किक मारकर गेंद को दोबारा खेल के मैदान में ले आए और आयमेन ने गोल कर दिया। गेंद के खेल के मैदान से बाहर जाने के कारण खेल रोका जाना चाहिए था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# श्रीलंका के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण राष्ट्रपति चुनाव

कोलंबो, एजेंसी

- 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच आयोजित किए जाएंगे चुनाव

श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि इस साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव व्यक्तिगत हार-जीत के बजाय द्वीपीय राष्ट्र की सफलता और असफलता का निर्धारण करेंगे। बुधवार को मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। पिछले महीने श्रीलंका के चुनाव आयोग ने कहा था कि राष्ट्रपति चुनाव इसी साल 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच आयोजित किए जाएंगे।



बुधवार को नीति सुधार पर एक चर्चा के दौरान 75 वर्षीय विक्रमसिंघे ने कहा, आगामी चुनाव का परिणाम केवल मेरी व्यक्तिगत जीत या हार के बारे में नहीं है, बल्कि यह चुनाव निर्धारित करेगा कि हमारा देश सफल होगा या विफल। जुलाई 2022 के मध्य से अपदस्थ राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे का शेष कार्यकाल पूरा कर रहे रानिल विक्रमसिंघे ने फिर से चुनाव कराने को लेकर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया। राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग ने उनके बयान को दिखाया, जिसमें उन्होंने कहा, यह चुनाव हमारे देश की प्रगति के लिए सबसे प्रभावी प्रणाली को चुनने का है।

## अमेरिका ने रूस पर लगाए और प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस पर लगे प्रतिबंधों का दायरा बढ़ाते हुए 300 से अधिक नए प्रतिबंध लगाए हैं, जिनका मकसद चीन, संयुक्त अरब अमीरात और तुर्की समेत विभिन्न देशों के व्यक्तियों व कंपनियों को रूस की सहायता करने से रोकना है। अमेरिका ने यह कदम इटली में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन से पहले उठाया है, जिसमें यूक्रेन के लिए समर्थन बढ़ाना और रूस की युद्ध मशीनरी को खत्म करना शीर्ष प्राथमिकताएं होंगी।

बुधवार को लगाए गए प्रतिबंधों में उन चीनी कंपनियों को निशाना बनाया गया है, जो युद्ध में रूस की मदद कर रही हैं। अमेरिका युद्ध शुरू होने के बाद से चार हजार रूसी कंपनियों और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगा चुका है, जिसका मकसद रूस को मिलने वाले धन और हथियारों पर रोक लगाना है।

# गधों के सहारे पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था

**घोड़े और खच्चरों की संख्या में खास बदलाव नहीं**

बोझ ढोने वाले जानवरों की संख्या 2019-2020 में 55 लाख थी। यह संख्या 2020-21 में 56 लाख, 2021-22 में 57 लाख और 2022-23 में 58 लाख थी, जबकि 2023-24 में यह बढ़कर 59 लाख हो गई है। इसमें कहा गया है कि घोड़े और खच्चरों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में कोई खास बदलाव नहीं आया है, तथा यह क्रमश: चार लाख और दो लाख है। देश में ऊंटों की संख्या जो पिछले चार वर्षों से स्थिर थी, अब बढ़ गई है। इनकी संख्या पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 11 लाख से बढ़कर 12 लाख हो गई है।



इस्लामाबाद, एजेंसी। कृषि प्रधान देश पाकिस्तान में पशुधन पर जारी नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश में गधों की संख्या 1.72 प्रतिशत बढ़कर 59 लाख हो गयी है। मंगलवार को पाकिस्तान आर्थिक सर्वेक्षण (पीईएस) 2023-24 जारी किया गया जिसमें मौजूदा वित्तीय वर्ष में प्रमुख आर्थिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है।

### मीट और दवाओं के लिए होता है उपयोग

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गधे की कीमत एक से डेढ़ लाख रुपये प्रति किलो के बीच है। गधे की खाल से शक्तिवर्धक और ब्यूटी केयर से संबंधित दवाएं चीन में बनाई जाती हैं। इसीलिए पाकिस्तान से गधों का सबसे बड़ा आयातक चीन है।

### हर साल सदाबहार मित्र को बेचता है पांच लाख गधे

पाकिस्तान हर साल पांच लाख गधे चीन को बेचता है। पाकिस्तान की सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था में मदद करने के लिए गधों का अधिक से अधिक निर्यात करने के उद्देश्य से पंजाब प्रांत के ओंकारा जिले में 3000 एकड़ से ज्यादा का एक फार्म का भी निर्माण कराया है।

### दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी चीन में

पाकिस्तान दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी गधों की आबादी वाला देश है। वो अपने सदाबहार मित्र चीन को गधों का निर्यात करके लाखों कमाने की योजना पर काम कर रहा है। गधों की सबसे ज्यादा आबादी चीन में है। जिनपिंग के देश चीन में 90 लाख से ज्यादा गधे हैं। चीन पहले अपने गधों का स्टॉक नाइजर और बुर्किना फासो से आयात करता था, लेकिन इन दोनों देशों पर प्रतिबंध लगने के बाद चीन पाकिस्तान से गंधे मंगा रहा है।

(अमृत विचार न्यूज डेस्क)

## एक नजर

### कांगो में नाव डूबने से 86 लोगों की मौत

**किंशासा।** पश्चिमी कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में सोमवार देर रात एक नदी में नाव डूबने से 21 बच्चों सहित कम से कम 86 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक हादसा स्थानीय समयानुसार रात करीब 11 बजे लेदिबा गांव के पास हुआ। नाव मुशी शहर से डीआरसी की राजधानी किंशासा जा रही थी। सूत्रों ने कहा कि अब तक 185 लोगों को बचाया गया है एवं मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

### जॉर्जिया में गोलीबारी चार लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के जॉर्जिया प्रांत की राजधानी अटलांटा के पीचट्री सेंटर फूड कोर्ट में गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गयी। मेयर आंद्रे डिकेंस ने यहां अपने बयान में कहा, पीचट्री सेंटर फूड कोर्ट में चार लोगों को गोली मारे जाने के बाद इमारत को अब बंद कर दिया गया है। मैं चीफ के साथ सार्वजनिक सुरक्षा मुख्यालय में हूं। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। अटलांटा पुलिस विभाग ने एक्स पर लिखा कि अधिकारी 235 पीचट्री स्ट्रीट एनडब्ल्यू में हुयी गोलीबारी की जांच में जुटे हैं, जिसमें कई लोग मारे गये।

### फ्रांसीसी गायिका हार्डी का निधन

**पेरिस।** फ्रांस की गायिका और अभिनेत्री फ्रेंकोइस हार्डी का निधन हो गया है। वह 80 वर्ष की थीं। हार्डी के बेटे, गायक और गिटारवादक थॉमस ड्यूट्रोनक ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। ड्यूट्रोनक ने मंगलवार को कहा, माँ चली गई और युवा हार्डी के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। फ्रांसीसी प्रसारक ने मंगलवार को गायिका के रिश्तेदारों का हवाला देते हुए बताया कि वह कई वर्षों से लिंफोमा से लड़ रही थीं और 2019 में उन्होंने घोषणा की कि उन्हें एक नए कैंसर का पता चला है।

### कांगो की पहली महिला प्रधानमंत्री ने शपथ ली

**किंशासा।** जूडिथ सुमिनवा तुलुका ने बुधवार को डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) की पहली महिला प्रधान मंत्री के रूप में शपथ ली। तुलुका ने अपने बयान में कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने वाली पहली कांगो महिला प्रधानमंत्री बनने पर गर्व है। उन्होंने कहा, यह पद ग्रहण कर मैं इस क्षण के ऐतिहासिक महत्व से पूरी तरह अवगत हूं। मुझे अपने ऊपर जिम्मेदारी का भार और गणतंत्र के भीतर प्रतिनिधित्व करने के विचार पर गर्व महसूस हो रहा है।

# तंग रास्ते बने मौत का कारण

## कुवैत की आबादी में 21 फीसदी भारतीय, कामकाजी आबादी में 30 फीसदी हिस्सा

कुवैत सिटी, एजेंसी

- केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के रहने वाले बताए जा रहे अधिकतर कामगार
- एनबीटीसी ग्रुप ने किराए पर ले रखी थी इमारत, अवरुद्ध कर रखा था इमारत का एक रास्ता

कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नरेट के मंगाफ क्षेत्र की एक इमारत में बुधवार को लगी भीषण आग में कई भारतीयों की मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था लोगों को बचने का मौका ही नहीं मिल सका। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तंग रास्तों के चलते लोगों के इमारत से न निकल पाने की वजह से उसकी जान पर बन आई। बता दें कि कुवैत की आबादी में 21 फीसदी हिस्सेदारी भारतीयों की है। वहीं, कुवैत की कामकाजी आबादी में 30 फीसदी हिस्सा भारतीयों का है।

कुवैती मीडिया के मुताबिक छह मंजिला इमारत में 196 लोग रहते हैं। इनमें से ज्यादातर भारतीय कामगार हैं। जोकि अधिकतर केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजे के करीब किचन से फैली आग से सिलेंडर में विस्फोट होने के बाद आग ने पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। इमारत में भारतीयों को ठूंस ठूंस का रखा जा रहा था। जिस इमारत में आग लगी उसे एनबीटीसी ग्रुप ने किराए पर ले रखा है। अरब टाइम्स के मुताबिक, चश्मदीदों ने बताया कि इमारत से आवाजाही के एक रास्ते को अवरुद्ध कर रखा था। बाहर आने का रास्ता तंग होने की वजह से आग में फंसे लोग समय पर और तेजी से बाहर नहीं निकल सके। अगर रास्ता अवरुद्ध नहीं होता और इमारत में जरूरत से ज्यादा लोगों को नहीं रखा जाता तो कई जानें बच सकती थीं। कुछ मजदूरों के नींद में होने की वजह से दम घुटने से मौत हो गई। एक चश्मदीद ने बताया कि पांचवीं मंजिल से एक मजदूर ने बालकनी के सहारे निकलने की कोशिश की, लेकिन फंसने से उसकी मौत हो गई।



### विजयन ने घटना पर केंद्र से हस्तक्षेप की मांग की

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर कुवैत में आग लगने की घटना के सिलसिले में केंद्र के हस्तक्षेप की मांग की। विजयन ने घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए इस त्रासदी में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक संक्षिप्त संदेश में कहा कि घटना में 40 से अधिक लोगों के मरने की खबर है जिनमें से कुछ लोग केरल के निवासी बताए जा रहे हैं।

### ममता ने अग्निकांड पर दुख व्यक्त किया

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कुवैत में हुई भीषण आग की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। ममता ने दिल्ली में रेजिडेंट कमिश्नर को कुवैत में पश्चिम बंगाल मूल के लोगों की भलाई के बारे में जानने और आपातकालीन आधार पर सभी उचित कदम उठाने के लिए विदेश मंत्रालय के साथ संपर्क में रहने को कहा।

### हर संभव मदद करे सरकार: कांग्रेस

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, कुवैत में भयानक त्रासदी से दुखी हूं, जहां कई भारतीय मजदूरों की जान चली गई और कई घायल बताए जा रहे हैं। सरकार पीड़ितों की हर संभव मदद करे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, कुवैत शहर में आग लगने से 40 से अधिक भारतीय नागरिकों की मौत की भयावह खबर से स्तब्ध और दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं और मैं उन सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## लाल सागर में मालवाहक जहाज पर हमला

**अदन, यमन।** यमन के पश्चिमी तट के पास लाल सागर में बुधवार को एक वाणिज्यिक मालवाहक जहाज पर दो बार हमला किया गया, जिससे एक चालक दल का सदस्य लापता हो गया और जहाज डूब गया। यमन सरकार के तटरक्षक बल के एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि यूनान के स्वामित्व वाले बल्क कैरियर ट्यूटर पर होदेइदाह से लगभग 67.7 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में हमला हुआ। हमले के कारण विस्फोटकों से लदी एक नाव के पिछले हिस्से में विस्फोट हो गया, जिससे पतवार टूट गई और जहाज डूब गया।

# नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस पर आरोप तय

ढाका, एजेंसी

- 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि के गबन का मामला



बांग्लादेश में एक विशेष न्यायाधीश की अदालत ने 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि के गबन मामले में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस और 13 अन्य पर बुधवार को आरोप तय किये। गरीब लोगों, विशेष रूप से महिलाओं की मदद करने के लिए सूक्ष्म ऋण की शुरुआत करने के लिए वर्ष 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित 83 वर्षीय यूनुस ने खुद को निर्दोष बताया। फिलहाल यूनुस जमानत पर बाहर हैं।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि अधिकारी उन्हें और उनके अन्य सहयोगियों को परेशान कर रहे हैं। ढाका के विशेष न्यायाधीश सैयद अराफात हुसैन ने खचाखच भरी अदालत में यूनुस के गैर-लाभकारी ग्रामीण टेलीकॉम पर लगे आरोपों को हटाने संबंधी याचिकाओं को खारिज कर दिया।

# यूक्रेन को मिलेगी पैट्रियट मिसाइल प्रणाली

वाशिंगटन, एजेंसी

रूस के शक्तिशाली हमलों से जूझ रहे उत्तरपूर्वी खार्किव क्षेत्र में जवाबी हमलों के लिए हवाई सुरक्षा संबंधी मदद मांग रहे यूक्रेन को अमेरिका एक और पैट्रियट मिसाइल प्रणाली देगा। दो अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस फैसले को मंजूरी दे दी है। अमेरिका की ओर से यूक्रेन को दी जाने वाली यह दूसरी पैट्रियट प्रणाली होगी। इस निर्णय की हालांकि सार्वजनिक रूप से घोषणा नहीं की गई है। इस निर्णय के बारे में सबसे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने खबर दी है।

### अमेरिका, यूक्रेन के राष्ट्रपति करेंगे द्विपक्षीय बैठक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की इस सप्ताह के अंत में इटली के अपुलिया में 13 से 15 जून तक होने वाले जी 7 शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बैठक करेंगे। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि बैठक में गुरुवार को राष्ट्रपति बाइडेन और राष्ट्रपति जेलेंस्की यूक्रेन के वर्तमान और भविष्य के लिए अमेरिका के समर्थन पर चर्चा करेंगे। बाइडेन ने यूक्रेन के लिए लगभग 60 अरब डॉलर के नए वित्तपोषण के लिए एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए थे।

## नाथन लॉ सहित छह विदेशी कार्यकर्ताओं का पासपोर्ट रद

हांगकांग, एजेंसी

- हांगकांग सरकार ने बुधवार को नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत की कार्रवाई

हांगकांग सरकार ने बुधवार को नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत विदेश स्थित छह कार्यकर्ताओं के पासपोर्ट रद्द कर दिए हैं। इसके साथ ही देश छोड़कर गए असंतुष्टों पर कार्रवाई तेज हो गई है। इससे प्रभावित होने वालों में लोकतंत्र समर्थक नाथन लॉ, श्रमिक नेता मुंग सिउ-टैट और कार्यकर्ता साइमन चेंग, फिन लाउ, जॉनी फॉक और टोनी चोई शामिल हैं। अधिकारियों ने सभी पर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया है।



सरकार ने कहा कि वे ब्रिटेन भाग गए हैं। पिछले साल पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए उनके बारे में सूचना देने वाले को 128,000 अमेरिकी डॉलर का इनाम देने की घोषणा की थी, जिसकी पश्चिमी देशों की सरकारों ने तीखी आलोचना की थी। आधिकारिक बयान के अनुसार अधिकारियों ने अन्य प्रतिबंधों के अलावा किसी को भी इन छह लोगों को धन या आर्थिक संसाधन प्रदान करने, उन्हें संपत्ति पट्टे पर देने या उनके साथ कोई संयुक्त उद्यम शुरू करने पर प्रतिबंध लगा दिया।

# सरकार से बातचीत को तैयार इमरान

इस्लामाबाद, एजेंसी

- जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष ने अपना विचार बदला

अपने पुराने रुख से पीछे हटते हुए पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मौजूदा राजनीतिक तनाव को कम करने के लिए सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है। इससे पहले उन्होंने सत्ताधारी गठबंधन के साथ बातचीत से इनकार कर दिया था। जेल में बंद इमरान का विचार उस समय बदला जब देश के भ्रष्टाचार कानूनों में बदलाव के मामले की सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को सरकार से बातचीत शुरू करनी चाहिए और संसद में बातचीत के जरिए अपने मुद्दों को सुलझाना चाहिए। पीटीआई इमरान की पार्टी है। इमरान अभी अडियाला जेल में बंद हैं।



पीटीआई नेता गौहर अली खान ने जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंगलवार को कहा कि इमरान खान ने सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है। उन्होंने कहा कि पार्टी शुरू में अपने सहयोगियों को विश्वास में लेगी, लेकिन इस मुद्दे पर अकेले भी आगे बढ़ सकती है। गौहर ने कहा, हमने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक (इमरान) से कहा कि बातचीत जरूरी है, क्योंकि दूरियां बढ़ रही हैं। वह इस पर हमसे सहमत थे।

### पाकिस्तानी यूट्यूबर को हिरासत में लिया गया

**लाहौर।** पाकिस्तान के लोकप्रिय यूट्यूबर और टेलीविजन एंकर इमरान रियाज खान को बुधवार को यहां लाहौर हवाई अड्डे पर खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों ने कथित तौर पर हिरासत में ले लिया। उनके वकील ने यह दावा किया। रियाज को सेना का मुखर आलोचक माना जाता है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक रियाज हज की खातिर सऊदी अरब रवाना होने के लिए सुबह लाहौर हवाई अड्डे पर पहुंचे। रियाज के वकील एडवोकेट अजहर सिद्दीकी के अनुसार, अज्ञात व्यक्तियों ने उनका अपहरण कर लिया, जिनके साथ पुलिसकर्मी भी थे। उन्होंने कहा कि खान ने अपने अपहरण का विरोध भी किया था, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

## उत्तरी इजरायल में लेबनान की ओर से 160 रॉकेट दागे गए

यरूशलम, एजेंसी

इजरायली सेना ने बुधवार को कहा कि उत्तरी इजरायल में लेबनान की ओर से लगभग 160 रॉकेट दागे गए। यह हमला बुधवार सुबह इजरायली हवाई हमलों के बाद हुआ, जिसमें एक शीर्ष कमांडर सहित हिजबुल्लाह के चार सदस्य मारे गए। सात अक्टूबर, 2023 को इज़राइल-हमास संघर्ष के नए दौर की शुरुआत के बाद इस गोलीबारी ने इजरायल पर लेबनान आतंकवादियों द्वारा किए गए सबसे बड़े रॉकेट हमले को चिह्नित किया।

सेना ने कहा कि सुबह लगभग 90 प्रोजेक्टाइल की पहचान की गई जिसे लेबनान की ओर से दागा गया। राष्ट्रीय अग्निशमन एवं बचाव प्राधिकरण ने कहा कि रॉकेटों से कई इलाकों में आग लग गई। बाद में सुबह में, ऊपरी गैलिली क्षेत्र में पश्चिमी गैलिली और माउंट मेरोन की ओर लगभग 70 रॉकेट दागे गए, जहां एक प्रमुख हवाई रक्षा नियंत्रण इकाई स्थित है। सेना ने कहा कि कई प्रक्षेपास्त्रों को रोक दिया गया।

### प्रस्तावित समझौते को हमास ने किया खारिज

**मॉस्को।** फिलीस्तीनी आंदोलन हमास ने बंधकों को मुक्त करने के अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रस्तावित समझौते को खारिज कर दिया है। सूत्रों ने मंगलवार को एक इजरायली अधिकारी के हवाले यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमास ने बाइडेन के प्रस्ताव के मुख्य मापदंडों को बदल दिया है।

## बॉलीवुड हलचल

### निरहुआ-आम्रपाली का गाना फसल में जान बसल रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और देसी क्वीन आम्रपाली दुबे की भोजपुरी फिल्म फसल का गाना फसल में जान बसल वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ किया गया है। फसल में जान बसल गाना देसी अंदाज में खेतों में हल चला रहे किसान साथियों के साथ निरहुआ और आम्रपाली पर फिल्माया गया है। इस गाने में जहां किसान के लुक में दिनेशलाल यादव निरहुआ सबका ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं तो वहीं ग्रामीण औरत के देसी लुक में आम्रपाली दुबे अपनी अदा का बिजली गिरा रही हैं। इस गाने को सिंगर कल्पना पटवारी और आलोक कुमार ने गाया है वहीं इसका संगीत ओम झा ने दिया है। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी भोजपुरी फ़िल्म फसल के निर्माता प्रेम राय हैं, जबकि निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। फ़िल्म फसल की कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि पटकथा एवं संवाद राकेश त्रिपाठी एवं पराग पाटिल ने लिखा है। फ़िल्म के गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा एवं विजय चौहान ने लिखे हैं जिन्हें ओम झा एवं आर्या शर्मा ने संगीतबद्ध किया है।

### अजय फिर मचायेंगे धमाल



**मुबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन अपनी सुपरहिट फिल्म धमाल के चौथे संस्करण में काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड के जानेमने निर्दशक इंद्र कुमार ने वर्ष 2007 मे सुपरहिट फिल्म धमाल बनायी, जिसमें अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभायी। इंद्र कुमार ने इसके बाद वर्ष 2011 मे डबल धमाल और वर्ष 2019 में टोटल धमाल बनायी। टोटल धमाल में अजय देवगन, अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी ने अहम भूमिका निभायी। अब इंद्र कुमार धमाल 4 लाने की तैयार कर रहे हैं, इसके लिए उन्होंने स्टारकास्ट भी फाइनल कर ली है। बताया जा रहा है कि धमाल 4 को भूषण कुमार प्रोड्यूस करेंगे। धमाल 4 में अजय देवगन, अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी धमाल नजर आयेंगे।यह फिल्म इसी साल के अंत में फ्लोर पर आएगी। फिल्म की तैयारियों का काम जोरों पर चल रहा है।

### फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन की आने वाली फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पश्मीना रौशन फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में पश्मीना रोशन के अलावा रोहित शराफ, जिबरान खान और नैला ग्रेवाल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इश्क विश्क रिबाउंड फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा है। इश्क विश्क रिबाउंड वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्व विश्क का सीक्वल है। इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ अमृता राव मुख्य भूमिका में थीं। शाहिद और अमृता राव की यह पहली फिल्म थी। ट्रेलर में दोस्तों की कहानी दिखाई गई है, जिनके बीच लव ट्रायंगल देखने को मिलेगा।

**खगोल विज्ञान** विस्कॉन्सिन मैडिसन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार यह खोज की

# तारों के विकास को प्रभावित करता है ब्लैक होल

अमृत विचार, नैनीताल

- खतरनाक होते हैं आकाशगंगा के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल के विकिरण विस्फोट
- अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 244वीं बैठक में इस खोज का खुलासा किया गया

आकाशगंगाओं के विकास को प्रभावित करने में सक्रिय ब्लैक होल अहम रोल अदा करते हैं। यह तारों को नष्ट करने के अलावा उनके विकास में भी सहायक होते हैं। विस्कॉन्सिन मैडिसन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार यह खोज की है।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार आकाशगंगा के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल के विकिरण विस्फोट बेहद खतरनाक होते हैं, जो दस हजार मील प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ते हैं और अपने पड़ोसी तारों को छिन्न भिन्न कर जाते हैं या फिर बन रहे तारों के विकास में योगदान कर जाते हैं। इस घटना में बड़ा लाभ आकाशगंगा को मिलता है। जिसमें उसका विकास आगे बढ़ता है। यह एक ऐसी खोज है, जो इस बात पर प्रकाश डालने में मदद करती है कि कैसे सक्रिय ब्लैक होल लगातार नए सितारों के विकास को गति देकर या समाप्त करके अपनी आकाशगंगाओं को आकार दे सकते हैं। खगोल विज्ञानी प्रो कैथरीन ग्रायर और रॉबर्ट व्हीटली के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की टीम ने अरबों प्रकाश वर्ष दूर विशेष रूप से उज्ज्वल और अशांत प्रकार के ब्लैक होल के क्वासर से एकत्र किए गए वर्षों के डेटा का उपयोग करके त्वरित गैस का पता लगाया। तब इस रहस्य का पता चल पाया। अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 244वीं बैठक में इस खोज का खुलासा किया गया।

### आकाशगंगाओं के बीच होते हैं ब्लैक होल

**नैनीताल :** वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक होल अधिकांश आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। क्वासर महाविशाल ब्लैक होल हैं जो ब्लैक होल की विशाल गुरुत्वाकर्षण शक्ति द्वारा खींचे जाने वाले पदार्थ की डिस्क से घिरे होते हैं। यह असीम शक्तिशाली होते हैं। जो अपने नजदीकी तारों को निगल जाने की ताकत रखते हैं।



ब्लैक होल से निकलते विकिरण की तस्वीर।